05 अप्रैल, 2023
चैत्र, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 165

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

पीएम मोदी ने भूटान नरेश के सामने उठाया डोकलाम का मुद्दा, की द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से बात






## सिक्किम में हिमस्खलन, चीन बॉर्डर पर हुआ हादसा

# सात टूरिस्ट की मौत, 23 लोगों का किया रेस्क्यू

- रेस्क्यू किये गये लोगों में 11 की हालत गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सिक्किम की राजधानी गंगटोक में मंगलवार को हिमस्खलन (एवलांच) हुआ। इसमें सात टूरिस्ट की मौत हो गयी। मरनेवालों में चार पुरुष, दो महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। यह घटना दोपहर करीब 12:20 बजे गंगटोक को नाथु ला दर्रे से जोड़ने वाले जवाहरलाल नेहरू मार्ग पर हुई। रेस्क्यू टीम ने 23 लोगों को बचाया है। इनमें से छह को गहरी घाटी से निकाला गया। रेस्क्यू किये गये लोगों में 11 की हालत गंभीर है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**14वें माइलस्टोन पर हुआ हादसा :** नाथुला दर्रा चीन की सीमा पर स्थित है। प्राकृतिक सुंदरता के कारण पर्यटकों के लिए आकर्षक जगह है। आर्मी के सूत्रों के मुताबिक, जवाहरलाल नेहरू मार्ग पर 14वें पड़ाव पर हुए हिमस्खलन में 25-30 पर्यटक फंस गये थे। बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) ने तेजी से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करके 23 लोगों को बचाया है। इसमें छह पर्यटक गहरी घाटी से निकाले गये। करीब 350 लोग और 80 गाड़ियां सड़क बाधित होने के कारण नाथू ला पर फंसे हुए थे। जानकारी के मुताबिक हादसे वाले इलाके में 13वें माइलस्टोन तक जाने का पास जारी किया जाता है। इसके आगे जाने की परमिशन नहीं होती। बताया जा रहा है कि सैलानी जवाहरलाल नेहरू मार्ग पर 14वें माइलस्टोन तक चले गये और यहीं हादसा हो गया।



### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घटना को लेकर दुख व्यक्त किया



रांची। सिक्किम की घटना को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुख व्यक्त किया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि 'सिक्किम के नाथुला में हिमस्खलन की चपेट में आने से कुछ लोगों की मृत्यु तथा कई लोगों के फंसे होने का दु:खद समाचार मिला है। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। हिमस्खलन में फंसे लोगों की शीघ्र कुशलता की कामना करता हूं।'

**हिमस्खलन की भविष्यवाणी संभव नहीं :** अब तक वैज्ञानिक ये भविष्यवाणी करने में सक्षम नहीं हैं कि हिमस्खलन कब और कहां होगा। वे बस बर्फ के ढेर, तापमान और हवा की कंडीशन से हिमस्खलन के खतरे का अनुमान लगा सकते हैं। बर्फ में स्कीइंग वाले कुछ इलाकों में एवलांच कंट्रोल टीमें तैनात होती हैं। कुछ स्कीइंग वाले इलाकों के गश्ती दल हिमस्खलन रोकने के लिए विस्फोटकों का इस्तेमाल करते हैं। वे किसी भी खतरनाक ढलानों को तोप से उड़ा देते हैं, ताकि किसी ढीले या नये बर्फ के ढेर को हिमस्खलन बनने से रोका जा सके। कनाडा और स्विट्जरलैंड के ऊंचे पहाड़ों पर हिमस्खलन कंट्रोल के लिए स्पेशल मिलिट्री तैनात होती है।

**हिमस्खलन क्या होता है?** बर्फ या पत्थर के पहाड़ की ढलान से तेजी से नीचे गिरने को हिमस्खलन या एवलांच कहते हैं। हिमस्खलन के दौरान बर्फ, चट्टान, मिट्टी और अन्य चीजें किसी पहाड़ से नीचे की ओर तेजी से फिसलती हैं। हिमस्खलन आमतौर पर तब शुरू होता है, जब किसी पहाड़ की ढलान पर मौजूद बर्फ या पत्थर जैसी चीजें उसके आसपास से ढीली हो जाती हैं। इसके बाद ये तेजी से ढलान के नीचे मौजूद और चीजों को इकट्ठा कर नीचे की ओर गिरने लगती हैं। चट्टानों या मिट्टी के स्खलन को भूस्खलन कहते हैं।

## राज्यपाल ने हुगली के हिंसाग्रस्त इलाके का दौरा किया

# बंगाल लंबे समय से पीड़ित, पीड़ा का जल्द करेंगे खात्मा: सीवी आनंद बोस

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने मंगलवार को हुगली जिले के हिंसाग्रस्त इलाकों का दौरा किया। राज्यपाल ने कहा कि कानूनी एजेंसियों द्वारा इस मामले में सख्त कार्रवाई की जायेगी। हम शरारती तत्वों को कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं देंगे। पुलिस ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई करेगी। बंगाल लंबे समय से पीड़ित है और हम इस पीड़ा को जल्द खत्म करेंगे। वह हुगली में मीडिया से बात कर रहे थे।

**पुलिस अधिकारियों से ली विस्तृत जानकारी :** राज्यपाल ने हुगली का दौरा के दौरान वहां के पुलिस अधिकारियों से घटना के बारे में विस्तृत जानकारी ली। रिसड़ा रेलवे स्टेशन के बाहर मंगलवार को भी पथराव हुआ था। राज्यपाल स्टेशन भी पहुंचे और वहां पुलिस अधिकारियों से बातचीत की। इससे पहले अपने एक बयान में राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा कि हम काली ताकतों को समाज का सौहार्द्र बिगाड़ने नहीं देंगे। हम उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे। लोगों को शांति से जीने का अधिकार है और इसकी किसी भी कीमत पर रक्षा की जायेगी।

**हावड़ा हिंसा में बिहार से हुई गिरफ्तारी :** पश्चिम बंगाल पुलिस ने बिहार से एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सुमित साव (19) के रूप में हुई है। दरअसल, सुमित साव हावड़ा में निकाले गये रामनवमी के जुलूस में शामिल था और उस जुलूस में वह हथियार लेकर शामिल हुआ था। एक वीडियो फुटेज में सुमित शोभायात्रा के दौरान रिवॉल्वर हवा में लहराता दिख रहा है। वहीं बिहार से युवक की गिरफ्तारी पर तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा को घेरा है और भाजपा पर सुनियोजित तरीके से हिंसा कराने का आरोप मढ़ दिया है।

OXFORD PUBLIC SCHOOL
Old H.B. Road, Pragati Path, Ranchi
ADMISSION NOTICE FOR CLASS-XI (SESSION: 2023-24)
Science | Commerce | Humanities
Admission forms for Class-XI are available at the school office counter and can also be downloaded from our website.
DATE OF APTITUDE TEST : 12.04.2023 (WEDNESDAY)
TIME : 10:00 AM TO 12:00 NOON | REPORTING TIME : 9:30 AM
7485096731; 7461944744
www.oxfordpublicschool.net.in oxfordpsranchi@rediffmail.com
PRINCIPAL

# आज आरआर और बीपीकेएस के बीच होगा मुकाबला

**नयी दिल्ली।** आइपीएल के 16वें सीजन के 8वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) और पंजाब किंग्स (बीपीकेएस) की टीम का आमना-सामना होगा। दोनों ही टीमों के बीच में यह मुकाबला 5 अप्रैल की शाम को गुवाहटी के बरासपारा क्रिकेट स्टेडियम में खेला जायेगा। दोनों ही टीमों ने नए सीजन की शुरुआत काफी शानदार तरीके से की है। राजस्थान रॉयल्स की टीम ने जयपुर के अलावा अपने दूसरे होम ग्राउंड के तौर पर गुवाहटी का बरासपारा स्टेडियम को चुना है। यहां पर पहली बार कोई आइपीएल मुकाबला होगा।

## झारखंड के सबसे बड़े व्यक्तिगत आयकरदाता बने महेंद्र सिंह धोनी

# 38 करोड़ रुपये एडवांस टैक्स चुकाया

- रिटायरमेंट के बाद भी आमदनी में नहीं पड़ा है असर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय क्रिकेट के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी एक बार फिर झारखंड के व्यक्तिगत करदाताओं में नंबर-1 पर रहे हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद भी धोनी की सालाना आय पर कोई असर नहीं पड़ा है। बीते वित्तीय वर्ष के बराबर ही उन्होंने इस साल भी एडवांस टैक्स जमा किया है। धोनी ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में अपनी आमदनी पर टैक्स के रूप में कुल 38 करोड़ रुपये का भुगतान किया था। हलांकि उन्होंने उस वर्ष एडवांस टैक्स के रूप में 30 करोड़ रुपये के आसपास की रकम जमा की थी। वहीं, वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 31 मार्च तक उन्होंने एडवांस टैक्स के रूप में 38 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। इसलिए इस वर्ष आमदनी थोड़ी-बहुत बढ़ने की ही उम्मीद जतायी जा रही है।



**130 करोड़ के आसापस कमाई की उम्मीद :** विशेषज्ञों के मुताबिक धोनी की ओर से जमा कराये गये 38 करोड़ के एडवांस टैक्स के आधार पर वर्ष 2022-23 में उनकी आय लगभग 130 करोड़ के आसपास रहने की उम्मीद है। आयकर विभाग के आंकड़ों के मुताबिक धोनी ने जबसे इंटरनेशनल क्रिकेट के करियर की शुरुआत की, तभी से लगातार झारखंड में व्यक्तिगत श्रेणी में सबसे बड़े आयकर दाता हैं। वर्ष 2019-20 में उन्होंने 28 करोड़ और इसके पहले 2018-19 में भी लगभग इतनी ही राशि आयकर के तौर पर चुकायी थी। इसके पहले उन्होंने 2017-18 में 12.17 करोड़ और 2016-17 में 10.93 करोड़ का इनकम टैक्स चुकाया था।

**कई माध्यम से पैसे कमाते हैं धोनी :** धोनी कई माध्यम से पैसे कमाते हैं। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान के तौर पर उनकी ब्रांड वैल्यू है, यही वजह है कि वह कई उत्पादों के प्रचार करते हैं। धोनी की अपनी एंटरटेनमेंट कंपनी भी है, जिसके जरिये वह कमाई करते हैं। क्रिकेट कोचिंग के लिए बनायी गयी कंपनी भी उनके पास है। उन्होंने अलग-अलग जगहों से अपनी आय को दिखाया है। आइपीएल में उनका सफर आज भी जारी है। स्पोर्ट्स वेयर, होम इंटीरियर की कंपनी होमलेन, पुरानी कारों की खरीद-बिक्री करनेवाली कंपनी कार्स 24, स्टार्टअप कंपनी खाताबुक, बाइक रेसिंग कंपनी, स्पोर्ट्स कंपनी रन एडम, और ऑर्गेनिक फार्मिंग के अलावा उन्होंने कई कंपनियों में निवेश कर रखा है। रांची में वह लगभग 43 एकड़ भूमि में ऑर्गेनिक फार्मिंग करवाते हैं।

# देश में 24 घंटे में 3038 लोग कोरोना पॉजिटिव, नौ मौतें

## छत्तीसगढ़ के हॉस्टल में 19 छात्राएं पॉजिटिव : झारखंड में 37 मामले सक्रिय

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/रांची।** देश में कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। बीते 24 घंटे में कोरोना के 3038 नये मामले सामने आये हैं। इस दौरान 2069 लोग कोरोना से ठीक हुए हैं, जबकि नौ मरीजों की मौत हुई है। पिछले एक महीने में नये मामलों में नौ गुना बढ़ोतरी हुई है। 3 मार्च को 334 नये मामले सामने आये थे, जबकि 29 मार्च के बाद से रोजाना तीन हजार से ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं। 3 मार्च को एक्टिव मरीजों की संख्या 2 हजार 686 थी, जो अब बढ़ कर 21 हजार 179 हो गयी है। यह संख्या अक्टूबर के बाद सबसे ज्यादा है। इससे पहले 23 अक्टूबर को एक्टिव केस 20 हजार 601 थे। झारखंड में सक्रिय मामला 37 पर पहुंच गया है।



### झारखंड में भी बढ़ रहे कोरोना संक्रमित

देश में सोमवार को मिले 3038 नये मामले में से 2054 सिर्फ पांच राज्यों में मिले हैं। इनमें केरल सबसे आगे हैं। यहां 964 केस मिले हैं। इसके बाद हिमाचल प्रदेश में 318, दिल्ली में 293, महाराष्ट्र में 248 और गुजरात में 231 मामले शामिल हैं। झारखंड में भी कोरोना धीरे-धीरे पांव पसार रहा है। झारखंड में पिछले 24 घंटे में पांच नये मरीज सामने आये हैं। इस प्रकार पूरे प्रदेश में संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ कर 37 हो गयी है। झारखंड का स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। सभी जिलों को टेस्टिंग और ट्रीटमेंट का विशेष निर्देश दिया गया है।

**गहलोत और वसुंधरा कोरोना ग्रसित :** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे समेत पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा की भी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। उधर, छत्तीसगढ़ के एक गर्ल्स हॉस्टल में सोमवार को 19 छात्राएं संक्रमित पायी गयी हैं। सभी को क्वारैंटाइन किया गया है। इन छात्राओं के संपर्क में आने वाली दूसरे छात्राओं की भी जांच की जा रही है।

### देश में हफ्ते भर में 19 हजार से ज्यादा मरीज बढ़ गये

| तारीख | नये मरीज |
|---|---|
| 03 अप्रैल | 3,038 |
| 02 अप्रैल | 3,641 |
| 01 अप्रैल | 3,824 |
| 31 मार्च | 2,994 |
| 30 मार्च | 3,095 |
| 29 मार्च | 3,016 |



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 78,000 रु./प्रति किलो |



## प्रसंगवश : पीएम नरेंद्र मोदी ने यूं ही पीठ नहीं थपथपायी है सांसद की

# देश और समाज को बदल सकते हैं संजय सेठ जैसे सांसद

## ■ राजनीति के कोलाहल में सुकून देते हैं इनके काम

## ■ जीतने के 24 घंटे बाद से ही जुट गये जनता के काम में

सूचना क्रांति के इस दौर में राजनीति भी पूरी तरह बदल चुकी है। यह एक कड़वी वास्तविकता है कि आज की राजनीति जनता के कल्याण और देश-समाज को आगे ले जाने के उद्देश्यों के लिए कम और निजी स्वार्थ साधने के लिए अधिक होने लगी है। इसलिए राजनीति का चेहरा इतना भयानक हो गया है। आज के अधिकांश राजनीतिज्ञों का अंतिम उद्देश्य सांसद-विधायक बन मंत्री पद हासिल करना ही रह गया है। लेकिन इस विद्रूप राजनीति के दौर में भी रांची के सांसद संजय सेठ जैसे राजनीतिज्ञ भी हैं, जो लीक से हट कर काम करते हैं और जन प्रतिनिधि होने का असली मतलब समझाते हैं। रांची के भाजपा सांसद संजय सेठ आज देश के उन गिने-चुने सांसदों की कतार में शामिल हैं, जो चुने जाने के अगले दिन से ही विवादों से परे रह कर बिना रुके अपने क्षेत्र के लोगों के साथ कदम से कदम मिला कर चल रहे हैं, उनके सुख-दुख में भागीदार बन रहे हैं। संजय सेठ 17वीं लोकसभा के संभवतः अकेले ऐसे सांसद हैं, जिनकी हाल ही में चर्चा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा संसदीय दल की बैठक में की है। दूसरे सांसदों को उनसे सीखने को कहा है। राजनीति में लंबे संघर्ष के बाद वह पहली बार सांसद का चुनाव लड़े और चुने गये और इसके साथ ही वह

**आजाद सिपाही विशेष**

एक-एक वोट की कीमत अदा कर रहे हैं। रांची के लोगों को यह अच्छी तरह याद है कि संजय सेठ की पीठ पर तत्कालीन लालू सरकार की पुलिस ने कैसे लाठियां चटखायी थीं। कोतवाली में उस समय के सिटी एसपी अरविंद पांडेय और उनकी पुलिस ने किस बेरहमी से पीटा था। पीठ का कोई ऐसा हिस्सा नहीं था, जहां लाठियों के निशान नहीं थे। उनका गुनाह मात्र इतना था कि वह तत्कालीन पुलिस की दबंगई का विरोध कर रहे थे। संजय सेठ ऐसे सांसद हैं, जो चुपचाप अपना काम करने में विश्वास रखते हैं और केवल चर्चा में बने रहने के लिए अनावश्यक रूप से सक्रियता नहीं दिखाते हैं। अपने क्षेत्र की समस्याओं के साथ राज्यहित के मुद्दों पर उनकी समझ बिल्कुल साफ है और उनके विचार काफी सुलझे हुए हैं। संजय सेठ के बारे में कहा जा सकता है कि वह राजनीतिज्ञ की बजाय जन प्रतिनिधि हैं, जिसे राजनीतिक खुंटचाल और गुटबाजी से लेकर कमीशनखोरी तक से कोई मतलब नहीं है। उनके जैसे नेताओं से देश भर के राजनीतिज्ञों को सीखने की जरूरत है, क्योंकि ऐसे नेता ही समाज और देश को बदलने का माद्दा रखते हैं। सांसद संजय सेठ की सकारात्मक राजनीति पर नजर दौड़ा रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



**राकेश सिंह**

भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी योद्धा और लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने 19वीं सदी के अंत में पुणे में फैली प्लेग महामारी के दौरान अपने अखबार 'केसरी' के संपादकीय में लिखा था कि दुनिया की आंखों को उन स्वयंसेवकों के कामों की रोशनी हमेशा चुंधियाती रहेगी, जो आज पीड़ित लोगों की सेवा कर रहे हैं। यह सिलसिला नया नहीं है। जब से इंसानी सभ्यता शुरू हुई, तब से ऐसा होता आया है और तब तक होता रहेगा, जब तक एक भी इंसान जिंदा है। ऐसी मिसालें हर जमाने में सामने आनी चाहिए। तिलक की यह टिप्पणी आज के संदर्भ में इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि उस जमाने में राजनीतिज्ञों और उनके साथियों का एकमात्र उद्देश्य देश की आजादी हासिल करना था, लेकिन उन्होंने बीमार लोगों की मदद के लिए अपना सब कुछ झोंक दिया था।

यही बात पिछले महीने भाजपा संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दूसरे शब्दों में दोहरायी थी। अपने संबोधन में उन्होंने भाजपा सांसदों से जनता से जुड़ने और उनके सुख-दुख में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया था। इस क्रम में उन्होंने जिस एक सांसद का नाम लिया था, वह थे रांची के सांसद संजय सेठ। पिछले चार साल में यह दूसरा मौका था, जब पीएम मोदी ने भाजपा संसदीय दल की बैठक में किसी सांसद का नाम लेकर उसके काम की तारीफ की थी। पहली बार 2019 के चुनाव के बाद हुई संसदीय दल की बैठक में पीएम मोदी ने गुजरात के नवसारी से चुने गये चंद्रकांत रघुनाथ पाटिल का नाम लिया था, जिनके कारण आज भाजपा गुजरात के हर घर में पहुंच गयी है। जिन्होंने कड़ी मेहनत कर गुराजत में लगभग एक करोड़ भाजपा कार्यकर्ताओं की फौज खड़ी कर दी है। रांची के सांसद संजय सेठ के कार्यों की तारीफ करते हुए पीएम मोदी ने दूसरे सांसदों से उनसे सीखने को कहा। संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री ने करीब पांच मिनट तक संजय सेठ के कामों पर रोशनी डाली। उन्होंने संजय सेठ को वाराणसी में जाकर भी कुछ समय देने की बात कही। बता दें कि उसके बाद संजय सेठ वाराणसी गये और दो दिनों तक वहां रह कर एक रूपरेखा बनायी।

पीएम मोदी ने संजय सेठ की तारीफ वैसे ही नहीं की है। वह पहली बार 2019 में लोकसभा का चुनाव लड़े और जीते। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वह राजनीति को पेशा नहीं, बल्कि समाज सेवा और लोक कल्याण का एक माध्यम समझते हैं। 2019 के आम चुनाव में जब संजय सेठ पहली बार सांसद चुने गये थे, तब बहुत से लोगों ने कहा था कि एक सांसद के रूप में वह सफल नहीं हो सकेंगे। वह सिर्फ बोलेंगे, काम नहीं करेंगे। लेकिन पिछले चार साल में संजय सेठ ने साबित कर दिया है कि वह बेहतरीन ही नहीं, सर्वाधिक सक्रिय सांसद जरूर हैं। विधायी कामकाज का पूर्व का अनुभव नहीं होने के बावजूद लोकसभा में उन्होंने कई मुद्दों पर जो विचार रखे, उसकी तारीफ ही हुई। इससे अलग अपने क्षेत्र के साथ उनका जुड़ाव वाकई प्रशंसनीय है। चुनाव जीतने के बाद से वह लगातार अपने क्षेत्र के लोगों के बीच उपलब्ध हैं और उनके सुख-दुख में साथ खड़े हैं।

### रांची के हर मतदाता से जीवंत संपर्क

संजय सेठ को जनता से जुड़े मुद्दों पर संघर्ष का लंबा अनुभव है। 1990 के दशक में जब तत्कालीन बिहार में लालू यादव की तूती बोलती थी, संजय सेठ ने सड़क पर उतर कर आंदोलन किया था और कोतवाली थाना परिसर में उनकी पीठ पर बरसी पुलिस की लाठी के बहुत दिनों तक थे। उनका गुनाह मात्र इतना था कि लालू प्रसाद की निरंकुश पुलिस के खिलाफ वह आंदोलन कर रहे थे। संजय सेठ और गामा सिंह उस समय के विधायक गुलशन लाल आजमानी के साथ मिल कर भाजपा को जन-जन की पार्टी बनाना चाहते थे। पानी की समस्या से लेकर बिजली की समस्या को लेकर वह बीच चौराहे पर उतरते थे। आज भी संजय सेठ की वह सक्रियता कम नहीं हुई है। आज भी वह निजी स्कूलों की मनमानी का मामला हो या फिर पानी-बिजली की समस्या, विधि-व्यवस्था का मामला हो या सांप्रदायिक सौहार्द का, रांची ने संजय सेठ को हमेशा पहली पंक्ति में देखा है।

सांसद बनने के बाद भी वह हर दूसरे-तीसरे दिन दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों से मिल कर रांची की समस्याओं के समाधान का मुद्दा उठा रहेहैं। सड़क मंत्री नितिन गडकरी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया, भारी उद्योग मंत्री, इस्पात मंत्री और दूसरे विभागों के मंत्रियों से मिल कर संजय सेठ ने रांची से जुड़ी समस्याओं के निदान के लिए सकारात्मक पहल तो की ही है, रांची संसदीय क्षेत्र को 17वीं लोकसभा के केंद्र में लाकर खड़ा कर दिया है। संसद सत्र के दौरान जनता की समस्याओं को लेकर हर मंत्री के दरवाजे पर वह दस्तक दे रहे हैं।









### पीएम मोदी के सच्चे सिपाही हैं

संजय सेठ को उनके समर्थक पीएम मोदी के सच्चे सिपाही कहते हैं। उन्होंने कम से कम आधा दर्जन ऐसी पहल या ऐसा अभियान शुरू किया है, जिसकी तारीफ हर जगह होती है। खास बात यह है कि इन सभी अभियानों का नाम उन्होंने पीएम मोदी के नाम पर रखा है। जब प्रधानमंत्री पहली बार सांसद बने, तो उन्होंने सबसे पहले मोरहाबादी मैदान मरें 'नमो टी स्टॉल' की शुरुआत की, जिसने भाजपा की जीत में अहम भूमिका निभायी। इसके बाद उन्होंने मकर संक्रांति के मौके पर 'नमो पतंग उत्सव' का आयोजन शुरू किया, जो आज बेहद लोकप्रिय आयोजन बन चुका है। फिर 'नमो रोटी बैंक' की स्थापना कर उन्होंने कोरोना काल में भूखों का पेट भरने का काम शुरू किया था, जो आज तक चल रहा है। इसके बाद उन्होंने 'नमो खिलौना बैंक' की स्थापनी की, जिसमें गरीब बच्चों के लिए खिलौने उपलब्ध कराये जाते हैं। ये खिलौने अमीर घरों के बच्चों के यहां से संग्रहित किये जाते हैं। ढाई साल पहले सांसद संजय सेठ ने 'नमो बुक बैंक' की शुरुआत कर जो लंबी लकीर खींची है, उससे साफ हो जाता है कि संजय सेठ केवल वर्तमान के लिए ही नहीं, भविष्य के लिए भी सोचते हैं। इस बुक बैंक में अब तक ढाई लाख पुस्तकें जमा हो गयी हैं। इसकी सफलता का पैमाना यह है कि अब खुद बच्चे अपनी पढ़ी गयी पुस्तकें लाकर इस बुक बैंक में जमा कर रहे हैं। गरीब बच्चों के लिए ये पुस्तकें ज्ञान बांटने का आधार बन रही हैं। इन अभियानों-कार्यक्रमों के अलावा सांसद खेल महोत्सव का सफल आयोजन कर संजय सेठ ने अपनी सक्रियता को अगले स्तर पर पहुंचा दिया है। इस महोत्सव में झारखंड के नामचीन खिलाड़ियों ने जिस उत्साह से भाग लिया, उससे सांसद की लगन का परिचय मिल जाता है। होली के अवसर पर जब पूरा देश रंग-अबीर उड़ा रहा था, संजय सेठ ने मोटे अनाज के प्रमोशन के लिए अन्न होली मनायी। मोटे अनाज से पुवा पकवान तैयार करवाया और उसे लोगों में वितरित किया। अभी संजय सेठ सांसद सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन कर रहे हैं, जिसमें झारखंड के लोक कलाकारों को परफॉर्म करने का अवसर मिलेगा। पद्मश्री मुकुंद नायक की देखरेख में इस आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इन आयोजनों और इसके पीछे संजय सेठ की यही सोच उन्हें देश भर के सांसदों से अलग स्थान दिलाते हैं। संजय सेठ की मुख्य विशेषता यही है कि किसी भी कार्यक्रम को वह जन कार्यक्रम का हिस्सा बना देते हैं। उसमें समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी वह सुनिश्चित करते हैं। उसके लिए रशीद लेकर वह सड़क पर चंदा नहीं काटते। लोगों की सहभागिता से वह हर कार्यक्रम को सफल बना देते हैं।

अपने क्षेत्र के साथ झारखंड और देश-दुनिया को अलग निगाहों से देखने और लोकसभा के भीतर पूरी तैयारी के साथ चर्चा में हिस्सा लेने की आदत के कारण ही संजय सेठ महज चार साल के विधायी अनुभव के बावजूद इतनी चर्चा में बने हुए हैं। उन्होंने कभी भी चर्चा में बने रहने के लिए अनावश्यक सक्रियता नहीं दिखायी और न ही कभी विवादों में ही रहे। उन्होंने उचित समय पर बेहद शालीनता और गंभीरता से अपनी बात रखी। इसलिए जब भी वह बोलने के लिए खड़े होते हैं, हर पक्ष उन्हें गौर से सुनता है। चाहे रांची हो या दिल्ली, वह हर काम पूरी शिद्दत से करते हैं। अभी पिछले दिनों संसद में उन्होंने नशा से कराह रहे युवा वर्ग का मुद्दा उठाया था। उसका लब्बोलुआब यही था कि नशा मुक्ति का अभियान केंद्र सरकार अपने हाथों में ले और नशा से टूट-बिखर रहे परिवारों को इससे मुक्ति दिलाये। उस दौरान उन्होंने बेंगलूर से लेकर रांची में बढ़ रहे नशा के सौदागरों के कारनामों का जिक्र किया और यह बताने की कोशिश की कि अब तक कितने युवा इससे बर्बाद हो चुके हैं। इस पूरी चर्चा के बीच उन्होंने झारखंड का एक छोटा सा डाटा भी रखा था। उन्होंने बताया था कि नशा कैसे रांची को अपने आगोश में ले रहा है। वर्ष 2020 में झारखंड में अफीम की खपत 36 किलोग्राम थी और गांजा की खपट एक टन से अधिक। इसके फैलाव का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि 2021 में अफीम की खपत बढ़ने के साथ-साथ गांजा की खपत चार टन हो गयी है।

### लंबी रेस के लिए तैयार हैं संजय सेठ

सांसद संजय सेठ भाजपा का ऐसा चेहरा हैं, जो कभी विवादों में नहीं रहे। पार्टी के भीतर की राजनीति में वह रुचि नहीं लेते हैं। इसलिए वह अपने किसी भी काम के लिए सड़कों पर उतर कर चंदा नहीं काटते। उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र के हर मुहल्ले में सांसद कार्यालय खोल रखा है, जो हमेशा खुले रहते हैं। इन कार्यालयों में लोग अपनी शिकायत दर्ज कराते हैं और फिर उनके निवारण की दिशा में कार्रवाई शुरू होती है। आम लोग अपनी जरूरतें भी इन कार्यालयों में दर्ज कराते हैं और उन्हें पूरी करने का हरसंभव प्रयास किया जाता है।

सांसद संजय सेठ के कामकाज को रेखांकित करना आज के संदर्भ में इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि आज के नकारात्मक माहौल के दौर में इन्होंने जो स्टैंड लिया है, वह इनके आभा मंडल को थोड़ा चमकीला ही बनाता है। आज राजनीति को हेय दृष्टि से देखा जाता है और लोग राजनेताओं के प्रति आम तौर पर नकारात्मक नजरिया ही रखते हैं। ऐसे दौर में जनहित के कामों को दूसरे कामों पर तरजीह देना और हमेशा अपने क्षेत्र के लिए उपलब्ध रहना बड़ी बात ही कही जा सकती है। लोग मानते हैं कि राजनीतिज्ञ तो साफ-सुथरी छवि का हो ही नहीं सकता और उसका हर काम केवल वोट को ध्यान में रख कर ही होता है। लेकिन संजय सेठ ने साबित किया है कि वे वोट के लिए काम नहीं कर रहे हैं और उन्हें सचमुच समाज को आगे ले जाने की चिंता है। उनकी इसी चिंता से देश भर के सांसदों-विधायकों को सीखने की जरूरत है। यदि राजनीतिज्ञ उनकी तरह सोचने लगेंगे, तो फिर न झारखंड पिछड़ा रहेगा और न ही देश को ही आगे बढ़ने से कोई रोक सकेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel


**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 33.6 °c | 18.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.06 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.39 बजे |

### नक्सलियों की मांद में पांच शीर्ष माओवादियों को मार गिराने की घटना में शामिल जवानों को डीजीपी ने किया पुरस्कृत

# जांबाजों को सलाम करने चतरा पहुंचे डीजीपी, कहा- सरेंडर करें नक्सली नहीं तो होंगे ढेर

**अजय चौरसिया**

**चतरा।** सोमवार की तड़के सुबह चतरा के घोर नक्सल प्रभावित चतरा-पलामू बार्डर पर स्थित लावालौंग थाना क्षेत्र में पुलिस-नक्सली भीषण मुठभेड़ में मिली ऐतिहासिक सफलता की गूंज राज्य पुलिस मुख्यालय तक सुनाई पड़ी। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को दुर्दांत भाकपा माओवादी नक्सलियों के विरुद्ध मिली सफलता के बाद राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह महकमे के वरिष्ठ अधिकारियों संग चतरा के नक्सल गढ़ कहे जाने वाले लावालौंग पहुंचे। जहां सबसे पहले उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मौके पर हजारीबाग जोन के डीआइजी नरेंद्र कुमार सिंह, सीआरपीएफ के डीआइजी डीके चौधरी, सीआरपीएफ 190 बटालियन के कमांडेंट मनोज कुमार समेत जिला बल और पैरामिलिट्री फोर्स के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद डीजीपी का काफिला लावालौंग प्रखंड स्थित सीआरपीएफ 190 मुख्यालय कैंप पहुंचा। यहां डीजीपी ने मुठभेड़ में शामिल जवानों का हौसला बढ़ाते हुए उनके बीच इनाम की राशि का वितरण भी किया। मौके पर सख्त अंदाज में डीजीपी ने नक्सलियों को खुली चुनौती दी। उन्होंने कहा कि नक्सलियों का समय अब पूरी तरह से समाप्त हो चुका है। या तो वह सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाकर हथियार डालते हुए मुख्यधारा में शामिल हो जायें। या हमारे सुरक्षा बल उन्हें आमने-सामने की लड़ाई में ढेर कर देंगे।





लावालौंग में डीजीपी प्रेस कांफ्रेंस करते हुए और पुलिस द्वारा बरामद किये गये हथियार।

### डीजीपी ने कहा

पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने कहा कि चतरा-पलामू सीमांत इलाके पर मिली बड़ी सफलता से नक्सलियों की कमर टूट गयी है। निश्चित तौर पर हमारे जवान प्रोत्साहन के योग्य हैं और उन्हें आगे की रणनीति के लिए भी कई निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि गौतम पासवान की टीम को माओवादियों के एक सशक्त दस्ते के रूप में जाना जाता था जो लगातार कई वर्षों से पुलिस बल एवं आम लोगों को क्षति पहुंचा रहा था। यह झारखंड पुलिस के लिए बहुत बड़ी सफलता है। डीजीपी ने कहा कि उग्रवाद उन्मूलन में झारखंड पुलिस की चौतरफा कार्रवाई जारी है। झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ कुशल नेतृत्व, रणनीति और दृढ़ संकल्प के साथ नक्सलियों के खात्में के लिए कटिबद्ध है। डीजीपी ने दावा किया है की अन्य नक्सली भी पुलिस के गोली से घायल हुए हैं जिसकी पड़ताल जारी है। मुठभेड़ के बाद चतरा जिला के पुलिस जवानों के हौसले बुलंद हैं। आगे भी नक्सलियों के विरुद्ध अभियान चलता रहेगा। जल्द ही शेष बचे नक्सलियों को भी या तो ढेर कर दिया जायेगा या फिर सलाखों के पीछे भेज दिया जायेगा।

### सीआरपीएफ एडीजी ने कहा

सीआरपीएफ के एडीजी वितुल कुमार ने कहा कि पिछले 2 वर्षों में पुलिस को नक्सलियों के विरुद्ध अच्छी सफलता मिली है। पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के नेतृत्व में झारखंड राज्य में भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के विरूद्ध रणनीति युक्त लगातार करारा प्रहार किया जा रहा है। शीर्ष उग्रवादियों की धर-पकड़ के लिए झारखंड पुलिस के द्वारा चलाये जा रहे योजनाबद्ध नक्सल अभियान काफी प्रभावशाली सिद्ध हो रहे हैं। झारखंड के चतरा एवं पलामू के सीमांत इलाके में झारखंड पुलिस की गुप्त सूचना पर भाकपा माओवादी के इस इलाके में सबसे सक्रिय एवं कुख्यात मारक दस्ते पर बड़ी कार्रवाई इसी रणनीति का सकारात्मक नतीजा है। चतरा पुलिस, सीआरपीएफ 190, कोबरा 203 तथा सीआरपीएफ 134 बटालियन के जवानों ने पांच शीर्ष नक्सलियों को मार गिराया है। इस संयुक्त अभियान में नक्सलियों का एक बड़ा कैंप भी ध्वस्त कर दिया गया है। पुलिस से लूटी गयी दो अत्याधुनिक एके-47, एक इंसास, दो देशी रायफल, 470 राउंड गोली, 4 वायरलेस सेट, मोबाइल व कैश समेत नक्सली साहित्य व दैनिक उपयोग के जरूरी समानों की भी बरामदगी हुई है।

मौके पर एडीजी अभियान संजय आनंद राव लाटकर, आइजी अभियान एवी होमकर, आइजी सीआरपीएफ विधि कुमार बिरदी, डीआइजी हजारीबाग नरेंद्र सिंह, सीआरपीएफ के डीआइजी डीके चौधरी, एसपी राकेश रंजन, 190 बटालियन के कमांडेंट मनोज कुमार मौजूद थे।

### चतरा एसपी को मिली थी गुप्त सूचना

गौरतलब है कि एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार की सुबह चतरा जिले के अति नक्सल प्रभावित लावालौंग थाना क्षेत्र के नौडीहा जंगल में माओवादियों के भ्रमण की सूचना पर गयी सुरक्षाबलों पर अंधाधुंध फायरिंग के बाद दोनों के बीच हुई मुठभेड़ में मारे गये 5 नक्सलियों में से चार नक्सलियों के विरुद्ध सरकार ने इनाम घोषित कर रखा था। सैक मेंबर गौतम पासवान के विरुद्ध सरकार ने 25 लाख रुपये इनाम घोषित कर रखा था। इसी तरह सैक मेंबर अजीत उरांव उर्फ चार्लिस के विरुद्ध भी 25 लाख रुपये का इनाम घोषित था। जबकि सब जोनल कमांडर अमर गंझू व अजय यादव उर्फ नंदू के विरुद्ध पांच-पांच लाख रुपये का इनाम घोषित था। वहीं संजीत भुईया बिहार में सक्रिय था। इसका भी इतिहास खंगाला जा रहा है। इस कार्रवाई को पुलिस ने एक बड़ी व ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए जिले में माओवादियों के वर्चस्व को ध्वस्त कर दिया।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

- **मेष** — परिस्थिति में सुधार होगा, नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना।
- **वृष** — रोजी-रोजगार में सफलता, यशस्वीकार्य करने का अवसर मिलेगा, राजनीतिक लाभ।
- **मिथुन** — श्रेष्ठजनों के सहयोग से रुका हुआ काम पूरा होगा, महत्वकांक्षा पूरी होगी।
- **कर्क** — व्यक्तित्व का विकास, आत्मविश्वास की वृद्धि, धन-द्रव्य का लाभ, शुभसमाचार की प्राप्ति होगी।
- **सिंह** — विविध उलझनों का सामना होगा, नौकरी में उच्चाधिकारियों से वाद-विवाद।
- **कन्या** — आर्थिक विकास, पारिवारिक दायित्व पूरे होंगे, पत्नी का परामर्श लाभप्रद सिद्ध होगा।
- **तुला** — अत्यधिक कार्यव्यस्तता, नियमित आमदनी में बाधा, परिवार में अशांति का वातावरण।
- **वृश्चिक** — चिरसंचित अभिलाषा पूरी होगी, आकस्मिक लाभ, स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा।
- **धनु** — सुख-साधनों की वृद्धि, आत्मविश्वास में वृद्धि, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा।
- **मकर** — सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, सट्टा-लाटरी से लाभ, हर्षदायक समाचार मिलेंगे।
- **कुंभ** — महत्वपूर्ण काम सिद्ध होंगे, आरोग्यसुख, दिमागी तनाव दूर होंगे, पारिवारिक जीवन सुखद।
- **मीन** — कर्मक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति, सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, व्यापार में लाभ।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज 172 चिकित्सकों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

रिम्स सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बांटेंगे डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 5 अप्रैल को रिम्स सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 172 चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र बांटेंगे। सरकार के अपर सचिव जय किशोर प्रसाद ने नियुक्त सभी चिकित्सकों को दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड/वैध पहचान पत्र/परीक्षा प्रवेश पत्र की छायाप्रति के साथ दिन के 10.30 बजे उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी उपस्थित रहेंगे। स्वास्थ्य विभाग ने नियुक्ति की तैयारी पूरी कर ली है। चिकित्सा पदाधिकारियों की स्थायी और सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों की नियुक्ति अनुबंध पर होगी। चिकित्सा पदाधिकारियों की नियुक्ति झारखंड लोक सेवा आयोग की अनुशंसा पर साक्षात्कार के माध्यम से हुई है।

## नयी नियोजन नीति के आधार पर नियुक्ति की प्रक्रिया इसी माह से शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नयी नियोजन नीति के आधार पर राज्य में नियुक्ति की प्रक्रिया इसी माह से शुरू हो रही है। कई नियुक्तियों का विज्ञापन जेपीएससी और जेएसएससी ने निकाला है। इनके लिए आवेदन की प्रक्रिया कल से शुरू हो जायेगी। वहीं जेएसएससी सूत्रों के मुताबिक उत्पाद सिपाही, सचिवालय सहायक जैसे पदों के लिए भी इसी माह आवेदन निकाला जायेगा। कार्मिक की ओर से रिक्तियों की अनुशंसा कर दी गयी है। सभी आवेदन ऑनलाइन भरे जायेंगे। कल से शुरू होने जा रहे आवेदन में कई पुराने आवेदन हैं।

### पहले से किये आवेदन पर नहीं लगेगी फीस

विभिन्न नोटिफिकेशन में बताया गया है कि जिन पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन लिये जा रहे हैं, वे पहले के हैं। जिन उम्मीदवारों ने पहले आवेदन कर दिया था, उन्हें किसी तरह की फीस नहीं देनी होगी। ऐसे उम्मीदवारों को अपना रजिस्ट्रेशन नंबर और डेट ऑफ बर्थ आवेदन के दौरान देना होगा। उम्मीदवारों को फीस में छूट दी जा रही है, पर उन्हें आवेदन करना होगा। ऐसा जेएसएससी की ओर से निकाले गये आवेदन पर लागू होता है।

### प्लस टू स्कूलों में शिक्षक नियुक्ति

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने राज्य के प्लस टू स्कूलों में विभिन्न विषयों के शिक्षकों की नियुक्ति का विज्ञापन निकाला है। इसमें सीधी नियुक्ति से 2137 पद हैं। वहीं बैकलॉग से कुल रिक्त पदों की संख्या 265 है। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 5 अप्रैल से शुरू हो रही है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 4 मई निर्धारित की गयी है। 6 मई तक परीक्षा शुल्क भुगतान, फोटो एंड सिग्नेचर अपलोड के साथ आवेदन का प्रिंटआउट लिया जा सकता है। आवेदन में किसी तरह की त्रुटि रह जाती है, तो 10 मई से 12 मई तक इसमें सुधार किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन में उम्मीदवार अपना नाम, जन्म तिथि और मोबाइल नंबर छोड़ बाकी सब में बदलाव कर सकेंगे।

### लैब असिस्टेंट के लिए करें आवेदन

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी के लैब असिस्टेंट पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किये गये हैं। इस विज्ञापन के जरिए 690 पदों पर नियुक्ति की जायेगी। इसके लिए भी कल से ऑनलाइन आवेदन भरा जायेगा। 6 मई की आधी रात तक परीक्षा फीस, फोटो और सिग्नेचर अपलोड किया जा सकेगा। इसके बाद 8 मई तक एप्लीकेशन का प्रिंटआउट लिया जा सकेगा। आवेदन में किसी तरह की गलतियां रह जाती हैं तो आवेदक 10 मई से 12 मई तक ऑनलाइन इसमें सुधार कर सकते हैं। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने कहा है कि उम्मीदवार अपना नाम, डेट ऑफ बर्थ, ईमेल आइडी और मोबाइल नंबर छोड़ कर अन्य तरह की गलतियां सुधार सकते हैं।

### प्लस टू स्कूलों में प्राचार्य के 39 पदों पर नियुक्ति

झारखंड लोक सेवा आयोग ने राज्य के 59 राजकीय राजकीयकृत बालक और बालिका प्लस टू स्कूलों में प्राचार्य के 39 पदों पर सीधी नियुक्ति का विज्ञापन जारी किया है। झारखंड लोक सेवा आयोग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से इसके लिए आवेदन किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 5 अप्रैल से 8 मई तक चलेगी। परीक्षा शुल्क का भुगतान 11 मई की रात 12 बजे तक किया जा सकता है। भरे हुए आवेदन की हार्ड कॉपी 26 मई तक आयोग के कार्यालय में जमा करनी होगी। यह नियुक्ति स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से भेजी गयी अनुशंसा पर की जा रही है।

# परिवारवादी पार्टियों को लोकतंत्र पर बोलने का नैतिक अधिकार नहीं : दीपक प्रकाश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी। श्री प्रकाश ने कहा कि परिवारवादी पार्टियों को लोकतंत्र पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। झामुमो जैसी परिवारवादी पार्टी राजतंत्र की मानसिकता से ग्रसित है।



उन्होंने कहा कि झामुमो बताये कि जिस पार्टी में पिता अध्यक्ष, पुत्र कार्यकारी अध्यक्ष, मां उपाध्यक्ष और भाभी और भाई सभी केंद्रीय पदाधिकारी हों, उसमे कौन-सी लोकतांत्रिक व्यवस्था चल रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत जी बतायें कि आपातकाल लगा कर देश में लोकतंत्र को समाप्त करने की साजिश करनेवाली कांग्रेस से लोकतंत्र का कैसे भला होगा। श्री प्रकाश ने कहा कि कांग्रेस और उसकी परिक्रमा करनेवाली झामुमो, राजद, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस आदि सभी क्षेत्रीय पार्टियां मिल कर देश में परिवार तंत्र लाना चाहती हैं। अपने-अपने क्षेत्रों का क्षत्रप बन कर जनता की गाढ़ी कमाई से अपनी तिजोरी भरना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि देश की जनता ऐसा कभी नहीं होने देगी। भारत की आत्मा लोकतंत्र है। यहां के डीएनए में लोकतंत्र है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने अब ऐसी पार्टियों के मंसूबों पर पानी फेरना शुरू कर दिया है। ऐसी पार्टियों की वास्तविकता उजागर हो चुकी है।

बता दें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को नयी दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय सामाजिक न्याय महासंघ के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये संबोधित किया। हेमंत सोरेन ने कहा कि आज जहां एक तरफ देश में अमृतकाल और विश्व गुरु की संज्ञा दी जा रही है, वहीं दूसरी ओर हम लोग सामाजिक न्याय मांग रहे हैं। केंद्र सरकार की गलत नीतियों और निर्णयों के कारण देश का लोकतांत्रिक ढांचा ध्वस्त होता दिख रहा है। आज एसटी, एससी, माइनॉरिटी, ओबीसी और महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा के लिए हम सभी को एक प्लेटफॉर्म पर आकर संघर्ष करना पड़ रहा है। यह बात सच है कि भारत सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, लेकिन वर्तमान में देश का लोकतंत्र खतरे में है।

# सांसद सांस्कृतिक महोत्सव के लिए 20 अप्रैल तक रजिस्ट्रेशन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सांसद संजय सेठ की तरफ से रांची में सांस्कृतिक महोत्सव से 7 मई तक आयोजित होगा। ऑड्रे हाउस, रांची में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इस महोत्सव के जरिये अपना हुनर दिखाने की इच्छा रखनेवाले विभिन्न विधाओं के कलाकार 20 अप्रैल तक रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इसकी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। रांची सांसद संजय सेठ ने बताया कि कला-संस्कृति के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए सांसद सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन हो रहा है, जो ऐतिहासिक होगा। प्रतिभागी निर्धारित समय तक इसके लिए अपना रजिस्ट्रेशन करा लें। रांची लोकसभा क्षेत्र के जो कलाकार इसमें भाग लेना चाहते हैं, वे विभिन्न विधाओं के कोऑर्डिनेटर से संपर्क कर सकते हैं। थिएटर स्क्रिप्ट, जनजातीय नृत्य और संगीत, थीम आधारित कोरियोग्राफी, फोक और पारंपरिक नृत्य, ट्राइबल इंस्ट्रूमेंट, ग्रुप सॉन्ग और अन्य विधाओं के लिए समन्वयक तय किये जा चुके हैं।



# तालाब में नहाने गयी थीं तीन बच्चियां एक-दूसरे को बचाने में तीनों डूब गयीं

पीसीआर वाहन से तीनों बच्चियों को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गुमला लोगों के लिए बड़ी दुखद खबर आयी, जहां तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गयी। यह घटना जिले के सदर थाना क्षेत्र के असनी नवाटोली गांव की है, जहां मंगलवार को तीन स्कूली छात्राओं की तालाब में डूबने से मौत हो गयी।

घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और तीनों को तालाब से बाहर निकाला गया। इस मामले की जानकारी जैसे ही पुलिस को लगी, वह मौके पर पहुंची और तीनों को सदर अस्पताल ले जाया गया। यहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। मृतक बच्चों में राघो उरांव की नौ वर्षीय बेटी अनिमा कुमारी, बिरसाई लोहरा की नौ साल की बेटी सरोज कुमारी और कार्तिक उरांव की 12 साल की बेटी मोनिका कुमारी शामिल है।

तीनों बच्चियां एक साथ नहाने के लिए बरिसा नकटी कुंबाटोली ताड़बांध तालाब गयी थीं। उसी दौरान वे गहरे पानी में चली गयीं और एक दूसरे को बचाने के क्रम में तीनों पानी में डूब गयीं। यहां कपड़ा धोने के लिए पहुंची महिलाओं ने जब तीनों को डूबते देखा, तो ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद तुरंत परिजनों सहित ग्रामीण मौके पर पहुंचे। कुछ लोग तालाब में उतरे और तीनों को बाहर निकाला गया। वहीं सूचना पर गुमला पुलिस मौके पर पहुंची। आनन-फानन में पीसीआर वाहन से तीनों बच्चियों को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। बच्चियों की मौत से इलाके में कोहराम मच गया है। वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### छात्रा सांघवी ठाकुर मौत मामला

# पिता ने सीआइडी से जांच कराने का किया अनुरोध

सीआइडी डीजी को आवेदन देकर लगायी गुहार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के धनबाद जिले के भेलाटांड़ स्थित ट्रिनिटी गार्डन अपार्टमेंट में छठी क्लास की छात्रा सांघवी ठाकुर की मौत की गुत्थी पुलिस अब तक नहीं सुलझा सकी है। घटना के डेढ़ महीने से अधिक हो चुके हैं। हत्या या आत्महत्या का सुराग पुलिस अब तक नहीं लगा सकी है। इसको लेकर सांघवी ठाकुर के पिता चंदन कुमार ठाकुर ने सीआइडी डीजी अनुराग गुप्ता को आवेदन देकर पूरे मामले की जांच करने का अनुरोध किया है। चंदन ठाकुर द्वारा सीआइडी डीजी को दिये आवेदन में कहा गया है कि इस मामले में संगीन धाराओं में आपराधिक मुकदमा दर्ज होने के बावजूद इन सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई है। सभी आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं।

### क्या है मामला

सांघवी ठाकुर उर्फ चारु कार्मेल स्कूल में छठी कक्षा की छात्रा थी। सांघवी की 15 फरवरी शाम अपने ही अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल से गिरने से मौत हो गयी थी। छात्रा के पिता सह एनएचएआइ अधिकारी डॉ चंदन कुमार ठाकुर ने बरवाअड्डा थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी थी। इधर घटना के बाद सीआइएसफ की डॉग स्क्वायड टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच की। इस दौरान सांघवी ठाकुर का एक जूता झाड़ियों में पड़ा मिला।

# झारखंड की तीन हॉकी खिलाड़ी राष्ट्रीय कैंप के लिए आमंत्रित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम का राष्ट्रीय कैंप साई सेंटर, बेंगलुरु में 10 अप्रैल से 27 मई तक लगेगा। इसके लिए झारखंड की तीन महिला हॉकी खिलाड़ियों को भी आमंत्रित किया गया है। हॉकी इंडिया के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर कमांडर आरके श्रीवास्तव ने हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह को पत्र लिख कर बताया है कि दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे और काजल बाड़ा को राष्ट्रीय कैंप के लिए बुलाया गया है। तीनों ही खिलाड़ी सिमडेगा जिले की हैं। महिमा टेटे सिमडेगा जिला सदर प्रखंड के बरकीछापर गांव की रहनेवाली हैं। वह ओलंपियन सह एशिया महादेश की एथलीट एंबेसडर सलीमा टेटे की छोटी बहन हैं। दीपिका सोरेंग और काजल बाड़ा सिमडेगा के ही केरसई प्रखंड अंतर्गत करंगागुडी की रहनेवाली हैं। तीनों खिलाड़ियों के इंडिया कैंप में आमंत्रण पर हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह, उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी, चंद्यार्णी मजूमदार, संयुक्त सचिव माइकल लाल, बिगन सोय, कोषाध्यक्ष असरिता लकड़ा, सीईओ रजनीश कुमार सहित हॉकी झारखंड के समस्त पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी हैं।


**पूर्व तट रेलवे**

(1) ई-निविदा सूचना सं.ST-SBP-TENDER-2023-09 दिनांक : 29.03.2023

**कार्य का नाम :** बलांगीर, बरगढ़ रोड और सम्बलपुर सिटी स्टेशनों पर अमृत भारत कार्य से संबंधित फुट ओवर ब्रिज का सिग्नल एवं टेलीकॉम कार्य।

**निविदा मूल्य (रुपये में) :** 11,84,190.60, बिड सिक्यूरिटी (रुपये में) : 23,700/-.

(2) ई-निविदा सूचना सं.ST-SBP-TENDER-2023-10 दिनांक : 29.03.2023

**कार्य का नाम :** टिटिलागढ़, केसिंगा, कंटाबांजी और महासमुन्द स्टशनों पर अमृत भारत कार्य से संबंधित फुट ओवर ब्रिज का सिग्नल एवं टेलीकॉम कार्य।

**निविदा मूल्य (रुपये में) :** 20,76,820/-, बिड सिक्यूरिटी (रुपये में) : 41,500/-.

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 20.04.2023 को 1100 बजे (दोनों निविदा हेतु)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**द्रष्टव्य** : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा खुलने से कम से कम 15(पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनःअवलोकन करें।

मण्डल रेल प्रबंधक (सिग्नल और टेलीकॉम), सम्बलपुर

PR-06/O/23-24

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 05 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in



# सात हजार में रिम्सकर्मी ने बनायी थी संजय तिवारी की फर्जी कोविड रिपोर्ट, गये जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बरियातू पुलिस ने रविवार को भानू कंस्ट्रक्शन के संचालक और 101 करोड़ रुपये के मिड डे मिल की राशि घोटाला करने के अभियुक्त संजय तिवारी की फर्जी कोविड रिपोर्ट बनानेवाले रिम्स कर्मी प्रियरंजन रवि और तिवारी के स्टॉफ अमरदीप को गिरफ्तार किया था। दोनों को बरियातू पुलिस ने सोमवार को जेल भेज दिया। जेल जाने से पूर्व रिम्स कर्मी प्रियरंजन ने चौंकाने वाले खुलासे किये हैं। उसने पुलिस को बताया कि संजय तिवारी की फर्जी कोविड रिपोर्ट उसने सात हजार रुपये बनायी थी। तिवारी के स्टॉफ अमरदीप ने प्रियरंजन से संपर्क किया था। उसी ने दिये थे पैसे और झूठ बोला था कि रिपोर्ट का इस्तेमाल इमरजेंसी के लिए कहीं करना है। उसने यह नहीं बताया था कि कोर्ट में इसका इस्तेमाल किया जायेगा। प्रियरंजन रिम्स के माइक्रोबॉयोलॉजी विभाग में डाटा ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था। वह घोटालेबाज संजय तिवारी को नहीं जानता था, लेकिन उसके स्टॉफ अमरदीप को जानता था। उसी के कहने पर ही फर्जी कोविड रिपोर्ट उसने तैयार की। गिरफ्तार प्रियरंजन पत्थलकुदवा में रहता है।

## रिम्स के अधीक्षक ने दर्ज करायी थी प्राथमिकी

संजय तिवारी ने जब फर्जी कोविड सर्टिफिकेट देकर कोर्ट में जमानत अवधि खत्म होने के बाद सरेंडर नहीं किया, तो इडी ने उसकी रिपोर्ट की जांच की। जांच में ही यह बात सामने आयी कि उसने फर्जी कोविड रिपोर्ट तैयार करवायी है। इडी की टीम ने रिम्स से संपर्क किया और असली रिपोर्ट निकलवायी, जिसमें यह बात सामने आयी कि किसी और की दिये गये सैंपल की रिपोर्ट को फर्जी वाड़ा कर बदला गया और उस पर संजय तिवारी का नाम और मोबाइल नंबर चढ़ाया गया है, ताकि ऑन लाइन जानकारी लेने पर यह पता चले कि रिपोर्ट संजय तिवारी की है। मामला सामने आने के बाद ही रिम्स अधीक्षक हीरेंद्र बिरुआ ने बरियातू थाने में फर्जीवाड़े की प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

# संगठित आपराधिक गिरोह को लेकर सख्त हैं डीजीपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में सक्रिय संगठित आपराधिक गिरोह पर नकेल कसने के लिए डीजीपी अजय कुमार सिंह बुधवार को समीक्षा बैठक करेंगे। समीक्षा बैठक में सीआइडी डीजी के साथ सभी रेंज के डीआइजी और एटीएस एसपी और सभी जिले के एसएसपी, एसपी शामिल रहेंगे। डीजीपी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि बीते 17 मार्च को हुई बैठक में दिये गये दिशा निर्देश के अनुरूप अद्यतन अनुपालन प्रतिवेदन के साथ सभी पदाधिकारी समीक्षा बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

**नकेल कसने के लिए आज करेंगे बैठक**

डीजीपी अजय सिंह ने पिछली बार हुई समीक्षा बैठक में विशेषकर सभी जिलों में सक्रिय संगठित आपराधिक गैंग और उसके सदस्यों की गतिविधियों को लेकर चर्चा की थी। बैठक में बड़े अपराधियों पर कार्रवाई के लिए योजना बनी है। सभी पुलिस अधीक्षकों को जिम्मा दे दिया गया है कि जेल में बंद अपराधी अगर अंदर से रंगदारी मांग रहे हैं, तो उनके ऊपर भी सीसीए की कार्रवाई कर उन पर नकेल कसी जाये।

### बेटे के हत्यारों को मिले फांसी

# पिता ने सीआइडी डीजी से मिल कर सौंपा मांगपत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में बीते महीने आठ साल के शौर्य कुमार अपहरण और हत्याकांड में उसके पिता राजू गोप ने सोमवार को अपराध अनुसंधान विभाग, झारखंड (सीआइडी) के डीजी अनुराग गुप्ता से मिल कर उन्हें एक मांग पत्र सौंपा। इसमें उन्होंने मामले का अनुसंधान गंभीरता से कराने का आग्रह किया है। मृतक बच्चे के पिता ने डीजी से मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कराने की भी अपील की है। राजू गोप ने यह भी आग्रह किया है कि इस मामले में सुनियोजित तरीके से शौर्य की निर्ममतापूर्वक हत्या की गयी। इसमें सभी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो और उन्हें फांसी की सजा मिले। उन्होंने सीआइडी डीजी से कहा कि अगर पुलिस तुरंत वाहन जांच कर कार्रवाई करती, तो शायद बच्चे की जान बच सकती और अपराधी पकड़ा जा सकता था। इधर सीआइडी मुख्यालय में सीआइडी इंस्पेक्टर पीड़ित का बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटे हैं। सीआइडी मुख्यालय की ओर से एसएसपी को पत्राचार कर मामले की विस्तृत जानकारी मांगी है गयी और लापरवाह पुलिस वाले पर जांच कर कार्रवाई करने कहा गया है।

### रणनीति : दिल्ली में भाजपा सांसदों की बैठक

# 11 अप्रैल को प्रोजेक्ट भवन घेराव की जिम्मेदारी सांसदों को सौंपी

**भाजपा सांसद दीपक प्रकाश के दिल्ली स्थित आवास पर हुई प्रदेश के पार्टी सांसदों की बैठक**

**राज्य संपोषित भ्रष्टाचार, हेमंत सरकार की वादा खिलाफी, तुष्टिकरण की पराकाष्ठा के मुद्दे पर करेंगे विरोध**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश के दिल्ली स्थित आवास पर मंगलवार को झारखंड के सभी भाजपा सांसदों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में पार्टी के प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा में मुख्य सचेतक सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी, नेता विधायक दल और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहू, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद समीर उरांव, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद अन्नपूर्णा देवी, डॉ निशिकांत दुबे, पीएन सिंह, सुदर्शन भगत, जयंत सिन्हा, सुनील सिंह, सुनील सोरेन, बीडी राम, संजय सेठ, विद्युत वरण महतो शामिल हुए। बैठक में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय भी उपस्थित थे। बैठक में राज्य संपोषित भ्रष्टाचार, हेमंत सरकार की वादा खिलाफी, तुष्टिकरण की पराकाष्ठा, ध्वस्त विधि व्यवस्था, युवा, महिला, किसान, पिछड़ा विरोधी जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई और जनभावनाओं के अनुरूप राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया गया। बैठक आगामी 11 अप्रैल को रांची में आयोजित प्रोजेक्ट भवन घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने केलिए सभी सांसदों को जिम्मेवारी सौंपी गयी।

# भाजपा प्रदेश कार्यालय में बाबा चौहरमल की जयंती मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में झलकारी बाई की पुण्यतिथि और बाबा चौहर मल की जयंती मनायी गयी। इस कार्यक्रम में संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ झलकारी बाई एवं बाबा चौहरमल जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। मौके पर संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि झलकारी बाई महान वीरांगना थीं और उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई की सेना का नेतृत्व करते हुए अंग्रेजों के दांत खट्टे किये थे। झलकारी बाई महारानी लक्ष्मी बाई के जैसी ही वीर थीं और उनकी तरह ही दिखती थीं, जिसका फायदा रानी लक्ष्मीबाई ने अंग्रेजों के साथ लोहा लेते हुए उठाया था। उन्होंने महाबली बाबा वीर चौहरमल के विषय में बताते हुए कहा कि वे त्याग, बलिदान, आत्मसम्मान, नैतिक कर्तव्यवान थे। मौके पर अमर कुमार बाउरी ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए झलकारी बाई ने जो बलिदान दिया, वह सदैव नारी शक्ति का प्रतीक और देश के लिए गौरव का विषय रहेगा। लेकिन कुछ राजनीतिक कारणों से हमारे देश के महापुरुषों को दुनिया तक आने नहीं दिया गया। आज देश के अमृत काल में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अपने देश के सभी महापुरुषों को याद किया जा रहा है।

# इटालियन डेलीगेट ने रांची स्मार्ट सिटी का दौरा किया

**कमांड कंट्रोल एंड कम्यूनिकेशन सेंटर की प्रशंसा की, पब्लिक बाइसिकल शेयरिंग सिस्टम को सराहा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** यूरोपियन यूनियन इंटरनेशनल अर्बन एंड रीजनल कॉपरेशन प्रोग्राम (आइयूआरसी) के तहत इटली का एक प्रतिनिधिमंडल तीन दिनों के लिए मंगलवार को रांची पहुंचा। इसमें इटली के रेजियो एमीलिया की डिप्टी मेयर कारलोटा बॉनविसिनी और उनके दो सहयोगी शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल ने रांची में निमार्णाधीन रांची स्मार्ट सिटी का दौरा किया और स्मार्ट सिटी की सुविधाओं की जानकारी ली।

इस दौरान स्मार्ट सिटी के जीएम राकेश कुमार नंदक्योलियार ने उन्हें पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के जरिए सारी जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल को कमांड कंट्रोल एंड कम्यूनिकेशन सेंटर भी दिखाया गया। उन्होंने 656 एकड़ जमीन पर विकसित हो रहे अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस शहर में क्या कुछ बुनियादी सुविधाएं हैं और इनका क्या फायदा शहरी नागरिकों को मिलेगा इसकी जानकारी ली। इस दौरान रांची स्मार्ट सिटी की ओर से स्थापित कमांड कंट्रोल एंड कम्यूनिकेशन सेंटर और उससे स्व संचालित रांची की ट्रैफिक व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कई लाइव डेमो भी देखा और यह जाना कि किस प्रकार इस सिस्टम से कमांड सेंटर में बैठकर पूरे शहर को एक साथ संबोधित किया जा सकता है। उन्हें बताया गया कि अपराध नियंत्रण और आपराधिक घटनाओं के उद्भेदन में भी इस सेंटर की महती भूमिका है। रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन की ओर से बताया गया कि नन मोटराइज्ड ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए रांची शहर में पब्लिक बाइसिकल शेयरिंग सिस्टम कार्यरत है, जिसका लाभ हर वर्ग के लोग ले रहे हैं। बच्चे और युवा शैक्षणिक कार्यों के लिए तो कई लोग आवागमन और कई युवा अपनी रोजी रोटी के लिए भी साइकिल का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस क्रम में प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने रांची में चल रहे साइकिल सेवा का आनंद लिया। सदस्यों ने रांची स्मार्ट सिटी में विकसित हो रहे यूटिलिटी सर्विसेज की भी जानकारी और पूरे एबीडी क्षेत्र का भ्रमण किया।

रांची स्मार्ट सिटी के जीएम और अन्य पदाधिकारियों ने शहर के विकास, उसमें दी जा रही अत्याधुनिक सुविधाओं, अपने तीन दिवसीय और पर्यावरण के लिहाज से किये गये उपायों की जानकारी दी। रेजियो इमीलिया शहर के तकनीकी निदेशक ने भी अपने शहर पर आधारित प्रेजेंटेशन दिया और बताया कि उनके शहर में सस्टेनेबल मोबिलिटी के लिया क्या क्या सुविधाएं दी जा रही हैं। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने रांची स्मार्ट सिटी के एबीडी क्षेत्र का साइकिल से भ्रमण किया और स्मार्ट सिटी में हो रहे कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में रेजियो इमीलिया शहर की डिप्टी मेयर कारलोटा बॉनविसिनी, आइयूआरसी की ओर से संयोजक के रूप में पानाजियोटीस कारा, रेजियो इमीलिया नगरपालिका के निदेशक तकनीकी पाओलो गांडोली, रांची स्मार्ट सिटी के जीएम राकेश कुमार नंदक्योलियार, कंपनी सेक्रेटरी बिपिन बिहारी साह, सीएफओ ज्योतिपुष्प, पीआरओ अमित कुमार, प्रबंधक उत्कर्ष कुमार, कमलजीत, किशन कुमार, कुमुद कुमार, अंजनी दुबे, रांची नगर निगम की ओर से कुमार राज और हॉनीवेल से अतुल कुमार तथा चार्टर्ड बाइक की ओर से शशिरंजन उपस्थित थे।

# वंदे भारत एक्सप्रेस अप्रैल के अंतिम सप्ताह से होगी शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन अप्रैल के अंतिम सप्ताह से शुरू होगी।

वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन आने से रांची से पटना की दूरी में करीब छह घंटे की कटौती होगी। साथ ही वंदे भारत ट्रेन टाटीसिलवे, बीआइटी मेसरा, बरकाकाना और हजारीबाग शहरों से होते हुए पटना और रांची को कवर करेगी और अन्य वंदे भारत ट्रेनों की तरह सप्ताह में छह दिन चलेगी। उम्मीद है कि पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के रांची जंक्शन से सुबह 7:30 बजे छूटने और दोपहर दो बजे पटना रेलवे स्टेशन पहुंचेगी, जो 350 किमी की दूरी को छह घंटे से कम समय में तय करती है।

वापसी में सेमी-हाई स्पीड ट्रेन पटना से दोपहर साढ़े तीन बजे रवाना होगी और छह घंटे में दूरी तय कर रात साढ़े दस बजे रांची पहुंचेगी। बता दें कि यह राज्य की पहली वंदे भारत ट्रेन होगी। इसके लिए लोको पायलटों और चालक दल के सदस्यों को वंदे भारत ट्रेनें चलाने का प्रशिक्षण देना शुरू हो चुका है।

# 4.62 लाख ग्रीन कार्डधारकों को मिलेगा 2.88 क्विंटल चावल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के 4.62 लाख ग्रीन कार्डधारकों को अप्रैल में एकमुश्त चार महीने का 2.88 क्विंटल चावल मिलेगा। राज्य सरकार ने सितंबर से दिसंबर 2022 के अनाज का आवंटन कर दिया है। राज्य के 25,462 डीलर चावल का वितरण करेंगे। झारखंड में सितंबर से ही ग्रीन कार्डधारकों को खाद्यान्न नहीं मिल रहा था। कालाबाजारी की शिकायत के बाद खाद्य एवं आपूर्ति विभाग कार्डधारकों की जांच करा रहा था। जांच में सैकड़ों फर्जी कार्ड धारक पकड़े गये। अब राज्य में 4.62 लाख ग्रीन कार्डधारक बचे हैं। विभाग का कहना है कि अब कालाबाजारी रुकेगी। राज्य में सबसे अधिक 41,468 ग्रीन कार्ड धारक धनबाद और सबसे कम 5245 सिमडेगा में हैं। लातेहार के जिला आपूर्ति पदाधिकारी शेखर कुमार ने कहा कि जिस कंपनी को टेंडर मिला है, वह एक सप्ताह के भीतर सभी गोदाम में चावल उपलब्ध करा देगी। अप्रैल में सभी ग्रीन कार्डधारकों को राशन मिल जायेगा। राशन की कालाबाजारी रोकने के लिए सरकार ने पहली बार पांच-पांच किलो के पैकेट बनाये हैं। पैकेट हरे रंग का होगा। इसमें पांच किलो अनाज होगा। यह कार्डधारक परिवार के प्रत्येक सदस्य को दिया जायेगा। विभागीय अधिकारियों ने कहा कि पैकेट बनाने का मुख्य उद्देश्य राशन की कालाबाजारी रोकना है।

## डीएसपीएमयू : डॉ सर्वोत्तम बने सोशल साइंस के डीन, दो वर्ष होगा कार्यकाल



रांची (आजाद सिपाही)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी (डीएसपीएमयू) में डॉ सर्वोत्तम कुमार को सोशल साइंस डीन के पद पर नियुक्त किया गया है। डॉ सर्वोत्तम भूगोल विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर हैं। स्वच्छ छवि के डॉ सर्वोत्तम एकेमिक का वर्क में अधिक रुचि है। इनका कार्यकाल योगदान की तिथि से दो वर्ष होगा।

## डीएसपीएमयू : इतिहास विभाग में एचओडी के पद पर प्रो राजेश नियुक्त



रांची (आजाद सिपाही)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी (डीएसपीएमयू) में इतिहास विभाग में एचओडी (एक्टिंग) के पद पर प्रो राजेश कुमार सिंह को नियुक्त किया गया है। इनका कार्यकाल दो वर्ष का होगा। प्रो राजेश कुमार इतिहास विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। इसके अलावा स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट के डायरेक्टर और कम्युनिकेशन अफसर का भी दायित्व संभाल रहे हैं।

## अभय कुमार सिंह को राष्ट्रीय महासचिव बनाये जाने पर आलाकमान का आभार



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार सिंह को एक बार फिर से राष्ट्रीय जनता दल का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। मैं राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राबड़ी देवी, बिहार सरकार के पर्यावरण मंत्री तेज प्रताप यादव, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारिक सिद्दिकी, राष्ट्रीय महासचिव मीसा भारती, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव को धन्यवाद देता हूं कि आप सब ने एक बार फिर से झारखंड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार सिंह को राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव बनाया। राष्ट्रीय जनता दल झारखंड और बिहार के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकताओं की ओर से अभय कुमार सिंह को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं।

## आनंद विहार कॉलोनी में पोल में शॉर्ट सर्किट से लगी आग



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के लोहरा कोचा स्थित आनंद विहार कॉलोनी के एक पोल में मंगलवार को अचानक शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गयी। इससे मोहल्ले के लोग अनहोनी के भय से सहम गए। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पोल मे लगे लोगों के तार जलकर खाख हो गया। आग को बुझाने के लिए मोहल्ले के बच्चे बूढ़े सभी जुट गये। लोग बालू लेकर बगल के छत के ऊपर से फेंक रहे थे। उसी बालू से आग पर काबू पाया गया। इन सब के बीच आग बुझाने में एक 11 साल का छोटा बच्चा जिसका नाम पीयूष कुमार है दौड़ दौड़ कर दो मंजिले घर के छत पर बालू पहुंचा रहा था। किसी तरह आग पर काबू पाया गया। आग बुझाने में रंजीत प्रसाद, अमर वर्मा, राजेश कान्त, गोपल ठाकुर, रोहित, ओम वर्मा सहित अन्य की सराहनीय भूमिका रही। बिजली विभाग अगर मोहल्ले में तारों के जंजाल को दुरुस्त नहीं किया तो किसी भी दिन कोई बड़ी घटना घट सकती है।

### पहले घोड़े से ली एंटीबॉडी, फिर 84 साल की महिला का एटीजी इम्यूनोसप्रेसिव थेरेपी से हुआ इलाज

# झारखंड में पहली बार हुआ अप्लास्कि एनीमिया का इलाज

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड में पहली बार ब्लड से संबंधित दुर्लभ और गंभीर बीमारी का इलाज किया गया है। इस इलाज में इंसानी नहीं बल्कि घोड़े से एंटीबॉडी लेकर इलाज किया गया है।

मेडिकल टर्म में ब्लड से रिलेटेड इस बीमारी को अप्लास्कि एनीमिया कहा जाता है। इलाज कर रहे डॉक्टरों के मुताबिक यह ब्लड से रिलेटेड ऐसी बीमारी है, जिसका इलाज काफी खर्चीला होता है। वहीं उम्र के हिसाब से यह कई बार जानलेवा साबित होती है। शहर के सेंटेविटा अस्पताल में 84 साल की महिला का इलाज हुआ है। इलाज पूरी तरह से सफल रहा है।

मरीज का इलाज करनेवाले डॉ अभिषेक रंजन के मुताबिक 50 साल की उम्र के ऊपर के मरीज का इलाज केवल इम्यूनो स्प्रेसिव थेरेपी से संभव हो पाता है। मंगलवार को इस इलाज की पूरी प्रक्रिया के संबंध में डॉ अभिषेक रंजन ने पत्रकारों से जानकारी साझा की।

## ऐसे डिटेक्ट हुआ अप्लास्कि एनीमिया

पेशे से स्त्री रोग विशेषज्ञ 84 साल की महिला को गंभीर स्थिति में अस्पताल लाया गया था। उन्हें डीएम क्लीनिकल हर्मेटोलॉजिस्ट डॉ अभिषेक रंजन की देखरेख में भर्ती किया गया। उन्होंने कई तरह के टेस्ट किये, जिसमें पता चला कि मरीज को गंभीर पेंसीटूपेनिया के साथ डब्ल्यूबीसी काउंट सबसे कम है। ऐब्सोल्यूट न्यूट्रोफिल्स काउंट 500 से कम है। प्लेटलेट्स 20000 से कम होने के साथ हीमोग्लोबिन अपने सबसे निचले स्तर पर है। इसके बाद बोन मैरो टेस्ट, बायोप्सी, मॉलिकुलर पैनल और फ्लो साइटोमेट्री के एडवांस्ट टेस्ट किये गये, जिसके बाद मरीज का अप्लास्टि अनीमिया से ग्रसित होने की पुष्टि हुई।

## इलाज की क्या हैं मुश्किलें?

इलाज कर रहे डॉ अभिषेक रंजन ने बताया कि उम्र के लिहाज से इस बीमारी का इलाज आसान नहीं होता है। बढ़ती उम्र के साथ इलाज के विकल्प सीमित हो जाते हैं। 50 वर्ष से कम आयु वर्ग के रोगियों के लिए बोन मैरो ट्रांसप्लांट है। यह अपने किसी संबंधी या बिना संबंध वाले से हो सकता है। अगर मरीज की उम्र 50 साल से अधिक है तो इलाज का बेहतर विकल्प इम्यूनोस्प्रेसिव थेरेपी है। इसमें हॉर्स एटीजी को साइक्लोस्पोरिन के साथ या टैबलेट रेपोलेड के साथ जोड़ा जाता है।

# झारखंड निकायों का कार्यकाल इसी महीने समाप्त हो जायेगा

**नगरपालिका चुनाव के लिए नियमों में हो रहा है संशोधन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड नगर विकास विभाग राज्य में नगरपालिका चुनाव के लिए नियमों में संशोधन कर रहा है। इस संबंध में विभाग प्रस्ताव तैयार कर रहा है। निकाय चुनाव 2023 की अधिसूचना को रद्द करने के बाद विभाग स्तर पर इसमें तेजी से काम हो रहा है। अधिकारियों ने बताया कि नगर विकास विभाग द्वारा झारखंड नगरपालिका अधिनियम, 2011 की धारा-27 में नगरपालिका अंतर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति तथा पिछड़े वर्गों के लिए महापौर, अध्यक्ष के पदों के आवंटन के लिए वर्तमान प्रावधानित चक्रानुक्रम को संशोधित किया जायेगा। इसकी कार्रवाई प्रक्रियाधीन है, ऐसे में अधिनियम के संशोधन के बाद झारखंड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली, 2012 के नियमों में भी संशोधन किया जायेगा। इसके बाद ही निकाय चुनाव का पूरी तरह से रास्ता साफ होगा। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद विभाग ने 17 अक्टूबर 2022 की उस अधिसूचना को निरस्त किया है। इसमें निकाय चुनाव 2023 में कराये जाने का जिक्र था। दरअसल, उक्त आदेश में पिछड़ा वर्ग को खुली श्रेणी अर्थात अनारक्षित मानते हुए आरक्षण और आवंटन की कार्रवाई का निर्णय लिया था। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग और जिलों द्वारा आरक्षण आवंटन तथा महिला आरक्षण के चक्रानुक्रम की कार्रवाई की गयी। जिलों में इसका प्रकाशन भी हुआ, लेकिन अब यह विचार हो रहा है कि ओबीसी को आरक्षण देकर निकाय चुनाव कराया जाये। इसके लिए ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। पिछड़ा वर्ग के लिए स्थानीय निकाय में आरक्षण के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद यह निर्णय हुआ है। बता दें कि 16 मार्च की कैबिनेट में इसकी मंजूरी मिली थी।

**इसी माह समाप्त हो जाएगा निकायों का कार्यकाल :** बता दे की झारखंड निकायों का कार्यकाल अप्रैल 2023 में समाप्त हो जायेगा। 49 निकायों में निर्वाचन नही होने की वजह इस वित्तीय वर्ष में केंद्रीय योजनाओं के पैसा भी मिलना बंद हो जायेगा। विकास का काम प्रभावित होगा। राज्य में फिलहाल 9 नगर निगम 20 नगर परिषद व 20 नगर पंचायत है। राज्य के 10 जिलों की 14 निकायों में 2020 से चुनाव लंबित है। कोरोना के कारण तिथि निर्धारित होने के बाद भी चुनाव नहीं हुआ। अब सभी निकायों में चुनाव एक साथ होंगे।

## आज चुआड़ विद्रोह के महानायक क्रांतिवीर रघुनाथ महतो का शहादत दिवस मनायेगी आजसू पार्टी

**रांची (आजाद सिपाही)।** अंग्रेजी हुकूमत के विरूद्ध प्रथम संगठित विद्रोह के महानायक वीर शहीद क्रांतिवीर रघुनाथ महतो के शहादत दिवस पर आजसू पार्टी पूरे राज्य में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करेगी। इसे लेकर सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि वीर शहीद रघुनाथ महतो सहित झारखंड के वीर सपूतों के साथ इतिहासकारों ने न्याय नहीं किया। उन्हें वो जगह, वो स्थान नहीं मिला, जिसके वे असली हकदार थे। स्वतंत्रता सेनानियों एवं आंदोलनकारियों को सम्मान देने को लेकर हमारी पार्टी हमेशा से मुखर रही है। हमारे सात सूत्री मांगों में यह मांग भी प्राथमिकता से शामिल है। डॉ भगत ने कहा कि कल रघुनाथ महतो की शहादत स्थली लोटा-किता में श्रद्धांजलि सभा सह रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो शहीद रघुनाथ महतो की शहादत स्थली के सौंदर्यीकरण के लिए कई योजनाओं का शिलान्यास करेंगे, नवनिर्मित प्रवेश द्वार का उद्घाटन करेंगे तथा शहीद परिवारों को सम्मानित भी करेंगे।

## भाजपा ने झारखंड में भी धार्मिक उन्माद फैलाने की पूरी कोशिश की : वाम दल

**रांची (आजाद सिपाही)।** वामदलों के नेताओं ने आरोप लगाया है कि भाजपा और आरएसएस ने अन्य राज्यों की तरह झारखंड में भी धार्मिक उन्माद फैलाने की पूरी कोशिश की। मगर झारखंडी जनता और शासन-प्रशासन ने इसे नाकाम कर दिया। इसके लिए झारखंड की जनता धन्यवाद के पात्र है। इस मसले को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सवर्दलीय बैठक बुलानी चाहिये। उक्त बातें मंगलवार को वामदल के नेताओं ने बैठक के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में कही। भाकपा के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, भाकपा (माले) के राज्य सचिव मनोज भक्त, माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, केडी सिंह और अजय सिंह ने कहा कि चैत्र रामनवमी के त्योहार पर आरएसएस और उसके संरक्षण में चलने वाले उत्पाती संगठनों ने राज्य में आपसी भाईचारे को कमजोर करने के लिए धार्मिक उन्माद और जहरीले अफवाह का सहारा लिया। वामदलों ने धनबाद जिले के निरसा, जमशेदपुर और साहिबगंज में हुए घटनाक्रम पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से मांग किया कि इन घटनाओं की त्वरित जांच कर दोषियों को कड़ी सजा दिलायी जाये। राज्य के मुख्यमंत्री से अपील की है कि वे इन घटनाओं पर प्रशासनिक कदमों के साथ राजनीतिक रूप से भी आगे बढ़ें।

## योग विद्या प्राणिक हीलिंग झारखंड ट्रस्ट का बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर मेडिटेशन शिविर



**रांची (आजाद सिपाही)।** योग विद्या प्राणिक हीलिंग झारखंड ट्रस्ट द्वारा इस वर्ष बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर मेडिटेशन शिविर का आयोजन रांची के खेलगांव स्थित टाना भगत सिंह स्टेडियम में निशुल्क लगायेगी। मेडिटेशन कैंप में 16 वर्ष से ऊपर के सभी व्यक्ति भाग ले सकते हैं। योग विद्या झारखंड ट्रस्ट रांची पूर्णिमा के दिन एक साथ समूह में ध्यान करने से हमें जो आशीर्वाद व दिव्य ऊर्जा मिलती है वह हमें शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्तर पर ठीक होने में मदद करती है। इस वर्ष विशेष रूप से बुद्ध पूर्णिमा के पहले अप्रैल महीने में आने वाली पूर्णिमा का मेडिटेशन और बुद्ध पूर्णिमा के बाद महीने में आने वाले मेडिटेशन 4 जून तीनों का विशेष रूप से आयोजन किया जा रहा है। 6 अप्रैल को होने वाला मेडिटेशन जिसे कि हम ईस्टर की पूर्णिमा कहते हैं। इसमें पांच हजार लोग एक साथ स्वर्णभूमि हाल में मेडिटेशन करेंगे। यह प्राण शक्ति उपचार पद्धति रांची के अलावा झारखंड के आसपास के शहरों में भी जैसे धनवाद, चाकुलिया, हजारीबाग, जमशेदपुर तथा और जगहों पर भी यह सिखाया जाता है। इस कार्यक्रम के लिए रजिस्टर करने के लिए निशुल्क में भाग लेने के लिए आप फेसबुक, इंस्टाग्राम में झारखंड फाउंडेशन प्राणिक हीलिंग पर रजिस्टर कर सकते हैं,या नीचे दिए क्यू आर कोड से रजिस्टर कर सकते हैं। कार्यक्रम की जानकारी मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में विनीता भवनानी, अरिहंत जैन,अविनाश जैन ने दी। इस मौके पर किरण तुलस्यान, अजित कौर, मनीशा अग्रवाल, निशा लालवानी, नेहा टाटिया, स्तुति जैन सहित अन्य मौजूद थे।

### चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सत्र 2023-25 के नये पदाधिकारियों का चयन

# अध्यक्ष विनय अग्रवाल और सचिव मानू चतुर्वेदी बने

**आजाद सिपाही संवाददाता**






**रामगढ़।** रामगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के सत्र 2023-25 के लिए निर्वाचित हुए कार्यकारिणी सदस्यों के बीच मंगलवार की शाम चुनाव समिति अध्यक्ष अधिवक्ता बंशीधर गोप ने पदाधिकारियों के लिए चुनाव कराया। इसमें, विनय कुमार अग्रवाल अध्यक्ष चुने गए। वहीं मनोज चतुर्वेदी मानद सचिव, मंजीत साहनी उपाध्यक्ष, संतोष तिवारी सह-सचिव, इंद्रपाल सिंह सैनी कोषाध्यक्ष चुने गए। चुनाव समिति द्वारा पदाधिकारियों के चुनाव प्रक्रिया शुरू होते ही सबसे पहले अध्यक्ष पद के लिए विनय कुमार अग्रवाल के नाम का प्रस्ताव नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्य विष्णु पोद्दार व समर्थन संतोष तिवारी ने दिया। उपाध्यक्ष के लिए मंजीत साहनी के नाम का प्रस्ताव इंद्रपाल सिंह सैनी व समर्थन दिनेश पोद्दार, मानद सचिव के लिए मानू चतुर्वेदी के नाम का प्रस्ताव दिनेश पोद्दार व समर्थन गोपाल शर्मा, सहसचिव के लिए संतोष तिवारी के नाम का प्रस्ताव विनय अग्रवाल व समर्थन मुरारी लाल अग्रवाल तथा कोषाध्यक्ष के लिए इंद्रपाल सिंह सैनी के नाम का प्रस्ताव मानू चतुर्वेदी व समर्थन मंजीत साहनी ने दिया। सभी पदों के लिए एक से अधिक नाम नहीं आने के बाद चुनाव समिति अध्यक्ष ने निर्वाचित हुए पदाधिकारियों के नामों की विधिवत घोषणा की। उन्होंने बताया कि छह अप्रैल की शाम पांच बजे काप्शन से छह कार्यकारिणी सदस्यों का मनोनयन किया जायेगा।

**व्यवसायियों के हितों के लिए करूंगा काम : ाविनय**

मौके पर नवनिर्वाचित चेंबर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल ने कहा कि वे पूरी टीम को साथ लेकर व्यवसायियों के हित के लिए काम करेंगे। पूर्व अध्यक्षों व चेंबर के वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन व सुझाव पर काम करते रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि व्यवसायियों की समस्याओं का निदान के लिए मैं और मेरी टीम हर समय खड़ी रहेगी।

**चुनाव संपन्न कराने में इनका रहा योगदान :** चुनाव संपन्न कराने में चुनाव समिति अध्यक्ष अधिवक्ता बंशीधर गोप, सदस्य अधिवक्ता प्रणय कुमार मुखर्जी, सुरेश बगड़िया, राजेश अग्रवाल, कमलेश्वर सिंह व अनिल कुमार सिन्हा ने सहयोग दिया।

**इन लोगों ने किया स्वागत :** नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों को चेंबर के पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता आनंद अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष सुबोध पांडेय, चेंबर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद सिंह उर्फ वकील सिंह, मनजी सिंह, चेंबर सेवा ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष बालकृष्ण जालान ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

### जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत कांग्रेस ने निकाला मशाल मार्च

# कांग्रेस न पहले तानाशाहों के आगे झुकी थी, न अब झुकेगी: अविनाश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर मंगलवार को राजधानी रांची में रांची महानगर और जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत लोकतंत्र बचाओ मशाल शांति मार्च निकाला गया। इस मशाल मार्च का नेतृत्व रांची महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. कुमार राजा और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान कांग्रेस के झारखंड प्रभारी अविनाश पांडय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, मंत्री बन्ना गुप्ता और बादल पत्रलेख, विधायक नमन विकसल कोंगाड़ी, राजेश कच्छप, दीपिका पांडये सिंह, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज की उपस्थिति रही। इस दौरान रांची महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. कुमार राजा और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो के नेतृत्व में हजारों की संख्या कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने हाथों में कांग्रेस का झंडा एवं मशाल लेकर जिला स्कूल के शहीद स्थल से राजभवन तक पैदल मार्च कर केंद्र की मोदी सरकार और उनकी नीतियों के विरुद्ध जमकर आवाज बुलंद किया। प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने मोदी सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि ये लड़ाई मित्रकाल के विरुद्ध लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। आज भाजपा ने झूठ-प्रपंच की सारी हदें पार कर दी है। ये सत्य की लड़ाई है, कांग्रेस पार्टी ना पहले तानाशाहों के आगे कभी झुकी है और न कभी झुकेगी। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि मौजूदा दौर में केंद्र सरकार देश की आत्मा यानि लोकतंत्र को ध्वस्त करने में लगी है। यह बात सिर्फ कांग्रेस पार्टी नहीं कह रही है, दुनिया भर के तमाम मीडिया संस्थान भी बोल रहे हैं। वहीं स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि आज विदेश के अखबारों में भारतीय लोकतंत्र पर लगातार हमले को लेकर खबरे छप रही हैं। लोगों के बीच आज भी सवाल बना हुआ है कि मोदी जी का अडानी से क्या रिश्ता है एवं 20,000 करोड़ किसके हैं? महानगर के अध्यक्ष डॉ कुमार राजा ने कहा कि प्रधानमंत्री अडानी से मित्रता निभाने में देश के करोड़ों लोगों की गाढ़ी कमाई को एसबीआई-एलआईसी के जरिए लुटवाने का काम निरंतर कर रहे हैं। कार्यक्रम में केशव महतो कमलेश, संगठन मंत्री रवींद्र सिंह, प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, राकेश सिन्हा, डॉ तौसिफ,ईश्वर आनंद, प्रदेश महासचिव अजय नाथ शाहदेव, शिव भगत, जवाहर महथा, कुमार गौरव, रमा खलखो, केदार पासवान, गजेंद्र सिंह, आभा सिंहा, विनय सिंहा, सुरेश बैठा, इंदिरा देवी, विनोद सिंह, संजय कुमार, माधो कच्छप, शिव उरांव, मेरी तिर्की, सुंदरी तिर्की, महताब आलम, साबिर अंसारी, कमिश्नर मुंडा, कल्याण लिंडा, शहाबीर लोहरा, अनिकेत, जोय चक्रवर्ती, विक्की ठाकुर, हरिमोहन महतो, गौरव सिंह, अशोक मिश्रा, उज्जवल तिवारी, सुरेंद्र सिंह, अमरेंद्र सिंह, अभिजीत, पंचम, अभिमन्यु, अमन, तन्नु, समीक्षा, रोशन, नीतीश, अनमोल, राहुल, जगदीश साहु, वेद प्रकाश, अर्चना मिश्रा सहित नेता-कार्यकर्ता शामिल हुए ।

## सेवा नियमित और मानदेय की असमानता दूर की जाये : सहायक प्राध्यापक अनुबंध संघ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सहायक प्राध्यापक अनुबंध संघ, रांची विश्वबिद्यालय रांची इकाई की बैठक मोराबादी में आयोजित की गयी। इस बैठक में संघ के सदस्यों के ने अपनी बिभिन्न मांगों के संदर्भ में चर्चा की। कहा गया कि आगामी झारखंड सरकार की कैबिनेट बैठक 6 अप्रैल होगी। इसमें सरकार से गुहार भी लगायी गयी कि झारखंड में उच्च शिक्षा की दिशा और दशा सुधारने के लिए सहायक प्राध्यापक (अनुबंध) की नियुक्ति झारखंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग झारखंड सरकार के संकल्प संख्या- 04/वि०1-135/2016-516 दिनांक 02/03/2017 के आलोक में स्वीकृत पदों के विरुद्ध रिक्त पद पर हुई है। नियुक्ति के समय विश्वबिद्यालय द्वारा चयन समिति के माध्यम से साक्षात्कार भी लिया गया था और उसी साक्षात्कार के आधार पर ही सभी की नियुक्ति हुई। छह वर्ष पूर्व प्रति कक्षा 600 रुपये अधिकतम 36000 रुपये पर नियुक्ति हुई, परंतु छुट्टी तथा अन्य कारणों से कभी भी 36000 रुपये की राशि नहीं मिलती। निर्धारित राशि में अब तक कोई संशोधन भी नहीं किया गया है। बैठक में महासचिव डॉ राम कुमार तिर्की, डॉ लाल अजय नाथ शाहदेव, सोहन मंडा, डॉ रवि कुमार, डॉ भादे प्रकाश उरांव, डॉ संध्या कुमारी, प्रो रेशमा रैनी टोप्पो, प्रो आश्रिता महतो, डॉ अशोक महतो, डॉ राम कुमार, प्रो मुकेश उरांव, बेलसियस पन्ना, डॉ त्रिभुवन शाही, डॉ अंजू कुमारी, डॉ अनुश्री चौधरी, डॉ ममता, प्रो शशि बिनय भगत, जुरा होरो, नीलम एक्का, प्रो बिराज चिक बड़ाइक, प्रो चांदनी कुमारी, प्रो पुष्पा कुमारी, प्रो आश्रिता कंडुलना, प्रोसुनीता टोप्पो सहित सैकड़ों सहायक प्राध्यापक उपस्थित थे। यह जानकारी रांची विश्वबिद्यालय इकाई के अध्यक्ष डॉ.त्रिभुवन कुमार साही ने दी।

# गुजरात टाइटंस ने छह विकेट से जीता मैच दिल्ली कैपिटल्स की सीजन में दूसरी हार

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**नयी दिल्ली।** डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस का विजय रथ जारी है। पिछले सीजन की विजेता गुजरात ने 16वें सीजन में लगातार दूसरा मुकाबला जीत लिया है। यहां के अरुण जेटली स्टेडियम में मेजबान दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से एकतरफा अंदाज में मात दी। यह दिल्ली कैपिटल्स की लगातार दूसरी हार है, इससे पहले दिल्ली को लखनऊ सुपरजायंट्स से हार झेलनी पड़ी थी, जबकि गुजरात ने ओपनिंग मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स को मात दी। मैच में टॉस गंवा कर दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 162 रन बनाये थे। जवाब में गुजरात ने 10 गेंद पहले ही चार विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मैच में गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली कैपिटल्स टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाये। दिल्ली टीम की तरफ से कप्तान डेविड वॉर्नर ने 37 रन, सरफराज खान ने 30 रन और अक्षर पटेल ने 36 रनों की पारी खेली और टीम को ये स्कोर खड़ा करने में अहम योगदान दिया। वहीं, गुजरात टाइटंस की तरफ से राशिद खान और मोहम्मद शमी ने 3-3 विकेट चटकाये।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मोदी सरकार अपने खिलाफ बोलनेवालों की आवाज दबाना चाहती है : रोहित सिन्हा



**रांची (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द किये जाने के बाद कांग्रेस आक्रामक मूड में आ गयी है। कांग्रेस देशव्यापी सत्याग्रह आंदोलन कर रही है। इसी बीच केंद्र की मोदी सरकार के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार राजधानी रांची में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इस दौरान युवा कांग्रेस महासचिव सह रांची विधानसभा प्रभारी रोहित सिन्हा ने कहा कि गौतम अडाणी द्वारा 20,000 करोड़ रुपये का घोटाला किया गया है, जिन्हें प्रधानमंत्री और गृह मंत्री अमित शाह का संरक्षण प्राप्त है। उन्हीं घोटाले को उजागर करने का प्रयास राहुल गांधी द्वारा किया जा रहा था। भाजपा ने राहुल गांधी पर झूठे आरोप लगाते हुए लोकतंत्र की हत्या का षड्यंत्र किया है और उनकी संसद की सदस्यता रद्द कर दी। इसके विरोध के चलते मंगलवार को मशाल जुलूस निकाला गया। राहुल गांधी के साथ हुए इस षड्यंत्र के खिलाफ कांग्रेस आगे भी सड़क पर उतर कर प्रदर्शन करेगी और जनता के बीच में जाकर भाजपा की सच्चाई बताने का काम करेगी।

### झारखंड कैबिनेट की बैठक कल

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड कैबिनेट की बैठक छह अप्रैल को होगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। इसको लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। बैठक प्रोजेक्ट भवन (झारखंड मंत्रालय) स्थित कैबिनेट कक्ष में होगी। इसमें कई अहम फैसले लिये जायेंगे।

### बंगाल राज्य ट्रक ऑपरेटर्स एसोसिएशन के सातवें अधिवेशन में शामिल होंगे ललित ओझा



**रांची (आजाद सिपाही)।** बंगाल राज्य ट्रक ऑपरेटर्स एसोसिएशन के सातवें अधिवेशन में शामिल होने के लिए झारखंड ट्रक ओनर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष, एवं एआइएमटीसी के झारखंड राज्य प्रवक्ता ललित नारायण ओझा कोलकाता गये। अधिवेशन का उद्घाटन एआइएमटीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमृतलाल मदन करेंगे। कोलकाता के चितरंजन एवेन्यू स्थित महाजाति सदन में एक दिवसीय कार्यक्रम में बंगाल के परिवहन मंत्री सहित परिवहन सचिव और राज्य के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। राज्य के ट्रक मालिकों के सामने आ रही समस्याओं और इसके समाधान पर ललित नारायण ओझा अपनी बातों को रखेंगे।

### जिला खेल पदाधिकारी उपवन बाड़ा निलंबन मुक्त

**रांची (आजाद सिपाही)।** जिला खेल पदाधिकारी उपवन बाड़ा खेल मंत्री हफीजुल हसन के आदेश पर निलंबन मुक्त कर दिये गये हैं। उपवन बाड़ा ने 102 दिन बाद फिर से अपनी जिम्मेवारी संभाल ली है। उपवन बाड़ा को लोहरदगा का डीएसओ बनाया गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार, लोहरदगा डीएसओ का प्रभार लातेहार डीएसओ शिवेंद्र सिंह के पास था। अतिरिक्त प्रभार होने की वजह से डीएसओ स्तर के काम प्रभावित हो रहे थे। अब उपवन बाड़ा को लोहरदगा डीएसओ का प्रभार दिया गया है। उपवन बाड़ा को सरकारी आदेश की अवहेलना और अपने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही के आरोप में निलंबित किया गया था।

### डीएसपीएमयू की शोधार्थी को अन्य पिछड़ा वर्ग स्कीम के तहत राष्ट्रीय फेलोशिप प्रदत्त

**रांची (आजाद सिपाही)।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के राजनीति विज्ञान विभाग के अंतर्गत शोधार्थी छात्रा शोएबा रानी को सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली नेशनल फेलोशिप फॉर बैकवर्ड क्लास स्टूडेंट्स योजना के तहत चयनित किया गया है। शोएबा फिलवक्त राजनीति विज्ञान विभाग के डॉ शमा सोनाली के अंतर्गत शोधार्थी हैं। उसकी इस सफलता पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि विशेष तौर पर अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए दी जानेवाली इस फेलोशिप के लिए चयनित होकर शोधार्थी ने अपना और विश्वविद्यालय का नाम ऊंचा किया है। उन्होंने आशा जतायी कि शोइबा अपने शोध कार्यों में और अधिक तन्मन्यता से लग कर विश्वविद्यालय के अकादमिक कार्यों में अपना योगदान देगी। इस सफलता पर कुलसचिव डॉ नमिता सिंह और डीएसडब्ल्यू डॉ एसएम अब्बास ने भी बधाई दी। यह जानकारी राजेश कुमार सिंह ने दी।

### अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) सुखदेव नगर मंडल का हुआ गठन



**रांची (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो के निर्देशानुसार अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का पूरे झारखंड प्रदेश भर में गठन हो रहा है। उसी क्रम में आज 4 अप्रैल मंगलवार को अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू रांची महानगर अंतर्गत सुखदेव नगर मंडल में बैठक की गयी, जिसकी अध्यक्षता प्रेम कुमार ने की। इसमें मंडल इकाई गठित की गयी। मंडल इकाई में निम्नांकित सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गयीं। अध्यक्ष - राज वर्मा, उपाध्यक्ष - आयुष वर्मा, अनुराग विश्वकर्मा, महासचिव - अंकित गुप्ता, सचिव - इम्तियाज, अमित, सोनू, देव, आयुष, सोशल मीडिया प्रमुख - पिंकू कुमार, कार्यकारणी सदस्य - कुंदन, सुमित, सत्यम, सनी, प्रियांशु, अनीश, अरबाज, अब्दुल, शोएब, दीवानकर, कृष के अलावा कई युवाओं को कमेटी में रखा गया है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए महानगर संयोजक अभिषेक झा ने कहा कि आजसू छात्र संघ स्थापना काल से ही छात्र हितों के प्रति संपूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्यरत रहती है और विश्वविद्यालय कैंपस हो या कैंपस के बाहर आजसू हमेशा पूरे राज्य के छात्र छात्राओं की समस्याओं के समाधान के लिए आंदोलन तथा अन्य गतिविधि इसके द्वारा समय-समय पर चलायी जाती है। मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन कुंदन ने किया।

### हाइवा की चपेट में आने से बुजुर्ग घायल

**टंडवा (आजाद सिपाही संवाददाता)।** मंगलवार को कोल वाहन हाईवा के चपेट मे आने से टंडवा भुइयां टोली निवासी आनंदी भुइयां गंभीर रुप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से टंडवा अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था देखते हुए रेफर कर दिया गया है। घटना में बुजुर्ग व्यक्ति के पैर के परखच्चे उड़ गये। टंडवा थाना क्षेत्र के फोर लाईन स्थित निमार्णाधीन सीआरपीएफ कैंप समीप यह घटना घटी।

# नहीं मिला इंसाफ

बहुचर्चित मलियाना जनसंहार के 36 साल बाद आया स्थानीय अदालत का फैसला देश के पुलिस और न्याय तंत्र के कामकाज पर कठोर टिप्पणी है। फैसले में अदालत ने सभी 39 आरोपियों को इस आधार पर बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं पेश कर पाया। अहम सवाल यह है कि क्या सचमुच अभियोजन पक्ष इस मामले में सबूत जुटाना चाहता था और उसने वाकई इस दिशा में गंभीरता से कोशिश की थी। ध्यान रहे, इस घटना में एक-दो नहीं, 72 लोगों की मौत हुई थी और वे सारे एक खास समुदाय के थे। घटना 23 मई 1987 की है, लेकिन उस इलाके में कुछ सप्ताह पहले से ही तनाव बना हुआ था। 14 अप्रैल 1987 को नौचंदी मेले के दौरान हुए एक हादसे को इसकी मूल वजह बताया जाता है, जिसमें पटाखा एक सिपाही को जा लगा। इसके बाद सिपाही ने गोली चला दी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गयी। इस वजह से बने तनाव के बीच ही हाशिमपुरा चौराहे पर एक धार्मिक समारोह में फिल्मी गाना बजाये जाने पर विवाद हुआ, जिसके कारण हिंदू-मुस्लिम दंगा हुआ। गौर करने की बात यह भी है कि मलियाना कांड से एक दिन पहले ही पास के हाशिमपुरा में मिलती-जुलती घटना हुई थी। पीएसी कर्मियों ने वहां से 42 लोगों को उठाया था। उन लोगों को गाजियाबाद के मुरादनगर स्थित ऊपरी गंगा नहर ले जाया गया और गोली मार कर नहर में फेंक दिया गया। हाशिमपुरा नरसंहार मामले में 2018 में दिल्ली की एक अदालत ने पीएसी के 16 पूर्वकर्मियों को दोषी करार दिया था। मगर उसी इलाके में और उसी माहौल में हुए मलियाना कांड में किसी को सजा नहीं हुई। इस कांड में कुल 93 आरोपी थे जिनमें से 23 लोगों का फैसला आने से पहले ही निधन हो गया और 31 कभी पकड़े ही नहीं जा सके। गवाहों और पीड़ितों का कहना है कि पीएसीकर्मियों की मौजूदगी में दंगाई भीड़ लूटपाट, हत्या और आगजनी को अंजाम दे रही थी, लेकिन जो मामला चला उसमें पीएसी की भूमिका का उल्लेख तक नहीं हुआ। पुलिस जांच की यह स्थिति थी कि आरोपियों की पहचान परेड तक नहीं करायी गयी। इसमें दो राय नहीं कि इस घटना को लंबा अर्सा हो चुका है। तब प्रदेश में कांग्रेस के वीरबहादुर सिंह मुख्यमंत्री थे। ऐसे नरसंहार और उसकी ऐसी जांच के लिए, परदे के पीछे, दरअसल किन-किन लोगों की कैसी और कितनी भूमिका जिम्मेदार थी, यह आज पता करना मुश्किल है, लेकिन यह बात भी साफ है कि इस मामले में पीड़ितों के साथ इंसाफ नहीं हुआ है। यह हमारे न्याय तंत्र के लिए सचमुच शर्मनाक स्थिति है। इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। उम्मीद की जाये कि ऊपरी अदालतों में इस पर गंभीरता से विचार होगा और पुलिस ने अगर सही ढंग से जांच नहीं की है, तो कम से कम उसकी जिम्मेदारी तय करने की दिशा में उपयुक्त प्रयास किये जायेंगे।

**गवाहों और पीड़ितों का कहना है कि पीएसीकर्मियों की मौजूदगी में दंगाई भीड़ लूटपाट, हत्या और आगजनी को अंजाम दे रही थी, लेकिन जो मामला चला उसमें पीएसी की भूमिका का उल्लेख तक नहीं हुआ।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**सिल्ली प्रखंड के लोटा कीता गांव के पौराणिक शिव मंदिर के समीप गड़े पत्थर अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ाई लड़ने वाले चुआड़ विद्रोह के महानायक शहीद रघुनाथ महतो के शहादत की कहानी बयां करती है। रघुनाथ महतो वैसे सपूत थे, जिन्होंने 1760 के आसपास अंग्रेजों के विरूद्ध लड़ाई शुरू कर उनकी नींद हराम कर दी थी। इतिहास में रघुनाथ महतो के नेतृत्व में लड़ी गई इस लड़ाई को चुआड़ विद्रोह के नाम से जाना जाता है।**

# रघुनाथ महतो के शहादत की कहानी बयां करते सिल्ली में गड़े पत्थर

## 5 अप्रैल : शहादत दिवस पर विशेष





मृत्युंजय प्रसाद

झारखंड की राजधानी रांची से 55 किलोमीटर दूर सिल्ली प्रखंड के लोटा कीता गांव के पौराणिक शिव मंदिर के समीप गड़े पत्थर अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ाई लड़ने वाले चुआड़ विद्रोह के महानायक शहीद रघुनाथ महतो के शहादत की कहानी बयां करती है। रघुनाथ महतो वैसे सपूत थे, जिन्होंने 1760 के आसपास अंग्रेजों के विरूद्ध लड़ाई शुरू कर उनकी नींद हराम कर दी थी। इतिहास में रघुनाथ महतो के नेतृत्व में लड़ी गई इस लड़ाई को चुआड़ विद्रोह के नाम से जाना जाता है। रघुनाथ महतो का जन्म फाल्गुन पूर्णिमा के दिन 1738 ई को वर्तमान जिला सरायकेला खरसांवा के नीमडीह थाना अंतर्गत घुटियाडीह गांव में हुआ था। इनके पिता काशीनाथ महतो 12 मौजा के जमींदार परगनैत थे।

### शोषण और अन्याय के खिलाफ थी लड़ाई

बचपन से ही रघुनाथ महतो शोषण एवं अन्याय के खिलाफ थे। बताया जाता है कि एक बार एक अंग्रेज तहसीलदार रघुनाथ महतो के पिता काशीनाथ महतो से उलझ पडे. और उन्हें काफी अपमानित किया था। रघुनाथ महतो को यह बर्दाश्त नहीं हुआ और तहसीलदार को मारते पीटते गांव से बाहर खदेड़ दिया। अंग्रेजों को जब रघुनाथ महतो के संबंध में जानकारी मिली तो उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस भेजी गयी, लेकिन वह पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सके। रघुनाथ महतो ने उन अंग्रेज पुलिस वालों को मारपीट कर खदेड़ दिया और खाली हाथ लौटने को मजबूर कर दिया। वह अंग्रेजों के सिर में लगातार दर्द पैदा कर रहे थे। अंग्रेजों ने भी उन्हें पकड़ने के लिए कई चालें चलीं। रघुनाथ महतो को पकड़वाने में मदद करने वालों के लिए अंग्रेजों ने पुरस्कार घोषित किये। इधर रघुनाथ महतो भी अंग्रेजों की चाल को भांप कर सतर्क हो गये और अपनी योजना के अनुसार अंग्रेजों को सबक सिखाने लगे। 1769 को अपने जन्मदिन के अवसर पर उन्होंने अंग्रेजों के विरूद्ध नीमडीह में विशाल सभा बुलायी और अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ क्रांति का बिगुल फूंका। देखते ही देखते करीब एक हजार नौजवान उनके आंदोलन में शामिल हो गये और अंग्रेजों से लोहा लेने लगे। नीमडीह के सभास्थल को आज रघुनाथपुर के नाम से जाना जाता है। धीरे-धीरे रघुनाथ महतो का आंदोलन जोर पकड़ने लगा और आंदोलन तत्कालीन मानभूम से लेकर धालभूमह्न नीमडीह ह्न पातकोमह्न झरियाह्न पंचेत आदि क्षेत्रों में फैल गया।

**रघुनाथ महतो के शहीदस्थल पर गडे. पत्थर आज भी उनकी वीरता, शहादत की हमें याद दिलाते हैं।**

### चुआड़ विद्रोह का केंद्र था सिल्ली और झालदा

1776 में चुआड़ विद्रोह का केंद्र सिल्ली एवं झालदा का क्षेत्र था। इस क्षेत्र में आंदोलनकारियों की अगुवाई झगड़ महतो एवं डोमन भूमिज कर रहे थे। बताया जाता है कि एक बार झालदा के पास आंदोलनकारियों एवं अंग्रेजी फौज के बीच हुई भिड़ंत में झगड़ महतो शहीद हो गये और डोमन भूमिज को पुलिस कैद कर पुरूलिया ले गयी। इस घटना के बाद चुआड़ विद्रोह की आग सिल्ली, सोनाहातु, बुण्डू, तमाड़ और रामगढ़ क्षेत्रों में फैल गयी। दूसरी ओर भारत के तत्कालीन गर्वनर जनरल वारेन हेस्टिंग ने छोटानागपुर खासकर जंगल महल और रामगढ़ के कमिश्नर से रघुनाथ महतो और आंदोलनकारियों से बातचीत कर समस्या का समाधान निकालने का आदेश दिया। लेकिन जमींदारों ने गर्वनर जनरल के आदेश को नहीं मानने के लिए कमिश्नर पर दबाव बनाया, जबकि विद्रोह के बढ़ने के साथ ही कुछ जमींदार अपने स्वार्थ के लिए अंग्रेजों से मिल भी गये।

### देश के लिए शहीद हो गये महान सपूत

वह तारीख पांच अप्रैल 1778 की थी, जब रघुनाथ महतो सिल्ली प्रखंड के लोटा ग्राम स्थित गड़तैतर नामक गुप्त स्थान पर विद्रोहियों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक के बाद रघुनाथ महतो अपने साथियों के साथ बंदूक लूटने के लिए रामगढ पुलिस बैरक में हमला करने लिए जाने ही वाले थे कि गुप्तचरों के माध्यम से इस योजना की जानकरी अंग्रेजों को मिल गयी। अंग्रेज पुलिस अपने मिशन के तहत रघुनाथ महतो एवं अन्य विद्रोहियों पर हमला बोला। अंग्रेज पुलिस बैठक स्थल को पूरी तरह से घेरकर भीषण गोलीबारी करने लगी। साथ ही अंग्रेजों की ओर से तलवार, फरसा आदि का भी प्रयोग किया जाने लगा, जिससे करीब एक दर्जन देशभक्त विद्रोही शहीद हो गये। अपने साथियों के साथ रघुनाथ महतो भी बैठक स्थल से नाला पार कर कीता गांव के जमींदार के घर की ओर दौडे, लेकिन अंग्रेज पुलिस ने पीछा कर उनपर गोली, बरछा एवं बल्लम से एकसाथ हमला कर उनकी बेरहमी से हत्या कर दी।

रघुनाथ महतो के शहीदस्थल पर गडे. पत्थर आज भी उनकी वीरता, शहादत की हमें याद दिलाते हैं। बताया जाता है कि एक पत्थर रघुनाथ महतो की स्मृति में, जबकि दूसरा पत्थर उनके सहयोगी बुली महतो की याद में गाड़े गये थे। इसके साथ ही कीता जाहेर स्थान के पश्चिम में भी दो पत्थर के अलावा और कई पत्थर शहीदों की स्मृति में गाडे. गये हैं। घटनास्थल पर शहीदों की स्मृति में गडे. पत्थरों को देखने से चुआड़ विद्रोह की याद ताजा हो जाती है। गौरतलब है कि रघुनाथ महतो एवं उनके साथियों के शहादत दिवस पर शहीद रघुनाथ महतो स्मारक समिति लोटा कीता के तत्वावधान में प्रतिवर्ष पांच अप्रैल को लोटा कीता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर रघुनाथ महतो एवं उनके साथी शहीदों को नमन एवं उनके परिजनों को सम्मानित किया जाता रहा है।

इधर सिल्ली के विधायक सुदेश कुमार महतो के प्रयास से रघुनाथ महतो के शहादत की भूमि लोटा कीता ग्राम को आदर्श ग्राम का दर्जा दिलाकर सजाने संवारने का कार्य किया जा रहा है। इसके तहत गांव के लिए पहुंच पथ, प्रवेश द्वार, सांस्कृतिक भवन एवं संसदीय भवन आदि का निर्माण कराया जा रहा है।

## ओड़िशा और जमशेदपुर की खबरें

# निप्पॉन स्टील के अध्यक्ष ने जापान में सीएम नवीन पटनायक से मुलाकात की



आजाद सिपाही संवाददाता

**भूवनेश्वर।** निप्पॉन स्टील कंपनी के अध्यक्ष ने मंगलवार को टोक्यो में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से मुलाकात की। वह एइजी हाशिमोतो हैं। उनके साथ चर्चा में कंपनी के एक प्रतिनिधि दल ने भी भाग लिया। इस चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने हाशिमोता को ओडिशा आने का न्योता दिया। ऐसा लगता है कि वह सहमत है। ओड़िशा के निवेश अवसरों को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल जापान पहुंचा है। प्रतिनिधिमंडल में उद्योग, एमएसएमई और ऊर्जा मंत्री, मुख्य शासन सचिव, उद्योग के प्रधान सचिव, इएंडआइटी विभाग के मुख्य सचिव, सीएम के 5टी सचिव, खेल और युवा सेवा सचिव और ईपिकोल के प्रबंध निदेशक शामिल हैं।

**जुगसलाई विधायक ने मखदमपुर व गरुड़बासा क्षेत्र का किया दौरा, ग्रामीणों ने समस्याओं से कराया अवगत**

# हेमंत सरकार में प्राथमिकता के आधार पर हर हाल में होगा क्षेत्र का विकास : मंगल कालिंदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र स्थित जमशेदपुर प्रखंड के हुरलुंग पंचायत में सड़क व नाली का स्थिति दयनीय हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक मंगल कालिंदी से संपर्क कर सड़क व नाली निर्माण की मांग की। मंगलवार को क्षेत्र के विधायक मंगल कालिंदी ने गरुड़बासा का दौरा किया। विधायक ने स्थानीय लोगों के साथ मुलाकात कर क्षेत्र का निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने दो सड़क व नाली निर्माण की बात विधायक के समक्ष रखी। विधायक ने वारिस के दौरान ग्रामीणों का होने वाली परेशानी को संज्ञान में लेते हुए जल्द सड़क व नाली निर्माण के लिए आश्वासन दिया। विधायक ने कहा इही हफ्ते इसका निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा ताकि ग्रामीणों को वारिस के दौरान परेशानी ना हो सके। वही तत्काल समस्याओं से राहत मिलने पर ग्रामीणों ने विधायक मंगल कालिंदी के प्रति आभार प्रकट की। वहीं विधायक ने परसुडीह क्षेत्र के मखदमपुर का दौरा किया। स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा ने कहा हेमंत सरकार में ग्रामीणों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि होने के नाते हर संभव विकास करना कर्तव्य बनता है। प्राथमिकता के आधार पर हर हाल में क्षेत्र का विकास होगा। उन्होंने कहा वैसे बीते 3 साल से जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र का विकास हो रहा है। ताकि ग्रामीणों को किसी तरह का परेशानी ना हो। इस अवसर पर मनोहर हुसैन, मिथुन चक्रवर्ती, जितेंद्र सिंह, सुनील कर्मकार, रमेश लोहार, बिद्युत सेंगुप्ता, सरोज, अनूप, पप्पू, पंकज शर्मा, शीतल कुमारी, भरत चौधरी, सुजीत कुमार सहित क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित रहे।

# लोको फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आने से मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** परसुडीह थाना अंतर्गत लोको फाटक के पास ट्रेन के चपेट में आने से एक अज्ञात अधेड़ का मौत हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी। मृतक की उम्र लगभग 52 वर्ष बतायी जा रही है। वहीं मौके पर मौजुत प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लोको का फाटक बंद था। उस दौरान इस्पात एक्सप्रेस टाटानगर स्टेशन को ओर गुजर रही थी। सभी लोग ट्रैक पर ही खड़ थे। अचानक वहां खड़ा एक व्यक्ति ट्रेन की आखरी तीन बोगियों के गुजरने से पहले ही ट्रेन के नीचे कूद पड़ा। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। पुलिस पहचान करने में जुटी है।

# जीवन में सफल होने के लिए मन का शुद्ध होना जरूरी है : सरयू राय

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बागुनहातू स्थित दूर्गा पूजा मैदान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में मुख्य अतिथि जमशेदपुर पूर्व के विधायक सरयू राय एवं उद्घाटनकर्ता के तौर पर झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले शामिल होकर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में माताएं बहनें और बड़े बुजुर्ग व कई युवा साथी उपस्थित थे।

इस मौके पर सरयू राय ने कहा कि भागवत कथा का श्रवण करने से मन में शांति मिलती है। मन एवं ह्रदय पवित्र होता है। साथ ही विचार शुद्ध होते हैं जिसे हम एक अच्छे और साफ सुथरे समाज के निर्माण करने की दिशा में आगे बढ़ते हैं। जीवन में सफलता पाने के लिए मन का शुद्ध होना बहुत जरूरी है।

मौके पर श्री काले ने कहा कि श्रीमद्भागवत के आयोजन में शामिल होकर प्रभु श्री कृष्ण की भक्ति रस में आनंदित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, प्रभु दर्शन, आशीर्वाद के साथ साथ आयोजकों के स्नेह के लिए धन्यवाद भगवान श्री कृष्ण की कृपा हम सभी पर सदैव बनी रहे। देश में खुशहाली प्रदान करें हम सभी को सुख समृद्धि प्रदान करें।

इस आयोजन को सफल बनाने में युवा जन सेवा समिति, मॉर्निंग वाक ग्रुप, एआरजी ग्रुप, सीपी समाज, कालिंदी समाज, हो समाज, नामता समाज एवं बाउरी समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में कई लोग उपस्थित थे।

# जमशेदपुर में बैंक मैनेजर ने की आत्महत्या, जांच शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा थाना इलाके में रहने वाले 30 साल के बैंक मैनेजर आनंद भगत ने अपने कमरे में आत्महत्या कर ली। इस मामले में बागबेड़ा थाना पुलिस का कहना है कि आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। मंगलवार के दिन छुट्टी होने के कारण पोटका के कलिकापुर स्थित बैंक ऑफ इंडिया (बीओआइ) में ब्रांच मैनेजर के पद पर पदस्थापित आनंद भगत अपने आवास पर ही थे। सुबह उन्होंने अपने परिजनों और परिवारवालों से बातचीत भी की। इसके बाद दोपहर बाद वे अपने कमरे में गये। जब काफी देर तक वह अपने कमरे से नहीं निकले तो परिवारवालों ने उनके कमरे का दरवाजा खोला, तो उन्होंने देखा कि आनंद ने आत्महत्या की कोशिश की है। आनन-फानन में उन्हें टीएमएच अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृतक घोषित कर दिया।

इधर सूचना मिलने पर बागबेड़ा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गयी पुलिस ने इस आत्महत्या पर मृतक के परिवारवालों से भी पूछताछ की है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में दो बातें सामने आ रही हैं, एक तो आनंद का पारिवारिक विवाद चल रहा था। इसके अलावा पुलिस को ये भी लग रहा है कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति में वर्क लोड ज्यादा था, ऐसे में भी आनंद ने इस तरह का कदम उठाया होगा।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## मझिआंव में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का भाजपाइयों ने किया भव्य स्वागत



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास अपने निर्धारित समय से 4 घंटे विलंब से मझिआंव पहुंचे। जहां पर नगर मंडल अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचते ही भाजपा के नेताओं एवं कार्यवाहक नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी एवं सांसद प्रतिनिधि शोभा जयसवाल, महिला मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष कुमारी पूजा पासवान तथा व्यवसायी संघ के अध्यक्ष विजय कमलापुरी, श्रीराम जानकी अखाड़ा के अध्यक्ष मारुत नंदन सोनी द्वारा उन्हें फूल माला, शॉल एवं गुलदस्ता देकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता जवाहर पासवान, डॉक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, जिला महामंत्री रविंद्र जायसवाल, भोला चंद्रवंशी,पूर्व युवा जिला अध्यक्ष मुन्ना तिवारी, रविंद्र पासवान, अर्जुन दास, धनंजय सिंह, सच्चिदानंद सिंह, विश्वनाथ पासवान, सोनू गुप्ता, बृजेश पासवान,एवं महिला मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष कुमारी पूजा पासवान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## कांडी में भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ने रघुवर दास को सौंपा ज्ञापन



**कांडी (आजाद सिपाही)।** झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता को झारखंड की वर्तमान सरकार अपना वोटर मानती है जबकि भारतीय जनता पार्टी इन्हें अपने वृहद परिवार का एक अंग मानती है। उक्त बातें भाजपा के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने सोमवार की देर रात्रि में हरिहरपुर भाजपा मंडल अंतर्गत बत्तोखुर्द गंव में पार्टी कार्यकर्ताओं व आम जनता को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम से पूर्व डूमरसोता मोड़ पर कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। रघुवर दास ने मेन रोड स्थित जगदेव जी की मूर्ति पर व मुख्य बाजार स्थित कर्पूरी जी की मूर्ति पर माल्यापर्ण किया। मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामलला दुबे ने किसानों एवं मजदूरों से संबधित कई परेशानियों को दूर करने हेतु एक मांगपत्र सौंपा। मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता शारदा महेश प्रताप, जवाहिर पासवान, लक्ष्मण राम, रघुराज पांडये, सांसद प्रतिनिधि हरिहरपुर सूर्यदेव सिंह, विधायक जिला प्रतिनिधि विश्रामपुर भोला चंद्रवंशी, सांसद प्रतिनिधि कांडी राणा ऋषिकेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि हरिहरपुर संतोष सिंह, मंडल अध्यक्ष विनोद बिहारी द्विवेदी, निर्मल विश्वकर्मा, जिला परिषद सदस्य दिनेश कुमार, जगत किशोर चौबे, सीताराम तिवारी, पूर्व मुखिया कांडी विनोद प्रसाद उपस्थित थे। मंच संचालन रामकृष्णा राम ने किया।

## सुखी जंगल में अनियंत्रित कमांडर जीप पेड़ से टकरायी, सवार लोगों को लगी हल्की चोट



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया थाना क्षेत्र के बहेराखांड़ गांव के समीप मंगलवार को सुखी झरिया जंगल में एक कमांडर जीप अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गयी। जिससे वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं वाहन पर सवार लोगों को हल्की फुल्की चोट लगी है। घटना की सूचना राहगीरों के द्वारा भंडरिया थाने को दी गयी। भंडरिया पुलिस घटनास्थल पर पहुंच घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरिया लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को वापस घर भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार कमांडर जीप भंडरिया से सवारी लेकर चेमोसनेया जा रही थी। इसी क्रम में कमांडर जीप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गयी।

**कार्यक्रम :** प्रसिद्ध देवस्थल ब्रह्म स्थान में जन चौपाल कार्यक्रम को पूर्व मुख्यमंत्री ने किया संबोधित

# भ्रष्टाचार युक्त सरकार से जनता का विश्वास उठ गया है : रघुवर

**वर्तमान सरकार में बालू, पत्थर तथा कोयला का अवैध कारोबार के साथ-साथ ट्रांसफर-पोस्टिंग को भी उद्योग बना लिया गया है**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा/मेराल।** प्रसिद्ध देवस्थल ब्रह्म स्थान के प्रांगण में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा जन चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा के केंद्रीय उपाध्यक्ष तथा पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास सहित बड़ी संख्या में नेता, कार्यकर्ता तथा आम लोग शामिल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री श्री दास ने जन चौपाल में आये लोगों की समस्या सुनने के बाद अपनी पार्टी के कार्यक्रम, सिद्धांत तथा भविष्य की कार्य योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता को जन सेवा का माध्यम मानकर काम करती है जबकि वर्तमान सरकार सत्ता को मेवा का साधन मानकर काम कर रही है। मुख्यमंत्री से लेकर संत्री तक राज्य को लूटने में लगे हुए हैं। वर्तमान सरकार में बालू, पत्थर तथा कोयला का अवैध कारोबार के साथ-साथ ट्रांसफर पोस्टिंग को भी उद्योग बना लिया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने एवं अपनी पत्नी के नाम माइनिंग खनन लीज लेकर झारखंड को शर्मसार करने का काम किया है। हेमंत सोरेन इतने कमजोर मुख्यमंत्री हैं कि 4-5 महीनों से जेल में बंद अपने प्रतिनिधि को भी पद से नहीं हटा सके क्योंकि पोल खुलने का डर सता रहा है।

उन्होंने कहा कि सभी मोर्चे पर झारखंड सरकार विफल है, सरकार से जनता का भरोसा उठ चुका है। रघुवर दास ने कहा कि झारखंड किसी पार्टी या परिवार का नहीं बल्कि यहां की सवा तीन करोड़ जनता का है। वर्तमान सरकार में ईमानदारी से काम करने वाले अधिकारियों का ट्रांसफर कर संटिंग में डाल दिया जाता है, इसका जीता जागता उदाहरण गढ़वा के पूर्व डीसी रमेश घोलप का ट्रांसफर एक समुदाय विशेष को खुश करने के लिए कर दिया गया। वर्तमान सरकार वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। अपनी सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा की जब सरकार थी तो जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम होता था। गुड गवर्नेंस भारतीय जनता पार्टी की सरकार का मूल मंत्र है। पूर्व भाजपा की सरकार में उग्रवाद, अपराध तथा भ्रष्टाचार पर पूर्ण नियंत्रण था। उन्होंने कहा पदाधिकारियों को निष्पक्ष भाव से काम करना चाहिए क्योंकि सत्ता एवं सरकार आती-जाती रहती है।

### 11 अप्रैल को रांची चलने का किया आह्वान

**पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने जन चौपाल में पहुंचे बड़ी संख्या में लोगों को 11 अप्रैल को रांची चलने के लिए आहवान करते हुए 'बालू, गिट्टी कोयला चोर, हेमंत सोरेन गद्दी छोड़' के नारे के साथ रांची चलने के लिए निमंत्रण दिया।**

जन चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, गढ़वा जिला प्रभारी अमित कु. सिंह, पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी, अलखनाथ पांडे, सूरज गुप्ता, पूर्व सांसद ब्रजमोहन राम, जवाहर पासवान, शिवधारी राम, प्रभात भुईयां, उमेश कश्यप, लक्ष्मण राम, विजय केसरी, रघुराज पांडे, गिरेन्द्र पांडे, अनिल पांडे, महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष अनिता गुप्ता, केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसो. के जिलाध्यक्ष आद्या शंकर पांडे, चंदन जायसवाल, राजकुमार गुप्ता, प्रदीप पासवान, विनोद तिवारी, वीणा पाठक, कंचन जयसवाल, कैलाश कश्यप, डॉ विश्वनाथ ठाकुर, रूपा सिंह, भोला चंद्रवंशी, उदय कुशवाहा उपस्थित थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राम कुमार पांडे ने की तथा संचालन महामंत्री संतोष दुबे ने किया।

## जिला कांग्रेस का जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम 6 अप्रैल को

**जिला कांग्रेस की बैठक में सत्याग्रहण कार्यक्रम को सफल बनाने पर की गयी चर्चा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में गढ़वा जिले के कांग्रेसियों के द्वारा 06 अप्रैल को गढ़वा में आयोजित जय भारत सत्याग्रह को सफल बनाने को लेकर बैठक की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गढ़वा जिला प्रभारी सत्यनारायण सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भावनाथपुर विधानसभा प्रभारी धनंजय तिवारी उपस्थित थे।

विदित हो कि गढ़वा में होने वाले जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडेय, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, 20 सूत्री प्रभारी मंत्री बादल पत्रलेख, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम नवादा मोड़ स्थित उत्सव गार्डन में दोपहर एक बजे से प्रारम्भ होगा।

इस मौके पर ओम प्रकाश चौबे, वरिष्ठ कांग्रेसी उमेश त्रिपाठी, सुशील कुमार चौबे, गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष योगेन्द्र चौबे, रंका प्रखंड अध्यक्ष बृजेंद्र चौधरी, खरौंधी 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश रजक, राहुल दुबे, दिवाकर चौबे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## मॉडल इन्फेंट स्कूल में किया गया परीक्षाफल का प्रकाशन

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को स्थानीय मॉडल इन्फेंट स्कूल संगत मोहल्ला गढ़वा में वार्षिक परीक्षा फल प्रकाशित किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम विज्ञान एवं सामाजिक मेला प्रदर्शनी लगायी गयी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका, अभिभावक एवं विद्यार्थी प्रतिभागी उपस्थित थे। मौके पर प्राचार्य शशि शेखर गुप्ता ने कहा कि विद्यालय के विद्यार्थी पढ़ाई के अलावा विभिन्न तरह के जिला एवं राज्य स्तरीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होते रहते हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल, प्रमाण पत्र, रिजल्ट एवं पाठ्य सामग्री



देकर सम्मानित किया गया। सत्र 2023 एवं 2024 में नयी शिक्षा नीति लागू होने के कारण दिए गए निर्देश का पालन करते हुए पठन-पाठन कार्य सुचारू रूप से संचालित होगा। साथ ही साथ विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं को सरकार के आदेश अनुसार प्रशिक्षित किया जा चुका है। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य एवं उप प्राचार्य रामानंद चौबे द्वारा मां सरस्वती एवं विद्यालय के पूर्व संरक्षक समाजसेवी स्व. रामकिसुन केशरी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की गयी। कार्यक्रम का मंच संचालन कक्षा नवम की छात्रा चांदनी कुमारी ने किया। कक्षा नवम की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत की गयी एवं कक्षा सातवीं और आठवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा भजन की प्रस्तुति की गयी। तत्पश्चात बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य, देशभक्ति गीत एवं बच्चों द्वारा कृष्ण सुदामा की मित्रता से संबंधित नाटक प्रस्तुत किया गया। मौके पर बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी लगायी गयी।

## अंजली गुप्ता समेत 200 लोगों ने झामुमो छोड़ भाजपा का दामन थामा



**पूर्व विधायक एवं जिलाध्यक्ष ने माला पहनाकर सभी को पार्टी में शामिल कराया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** मंगलवार को सदर प्रखंड के खजुरी गांव में आयोजित भाजपा के जन चौपाल कार्यक्रम के दौरान करीब दो सौ लोगों ने झामुमो छोड़कर भाजपा का दामन थामा। सभी को भाजपा के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी और भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने माला पहनाकर पार्टी में शामिल कराया।

पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से झामुमो महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष अंजली गुप्ता, सोनू केशरी, टिंकू गुप्ता का नाम शामिल हैं। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि अंजली गुप्ता एक तेज-तर्रार महिला हैं। इनके भाजपा में आने से पार्टी और मजबूत होगी। वहीं सोनू केशरी के नेतृत्व में भी कई युवा पार्टी में शामिल हुए। पूर्व विधायक ने कहा कि पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों को उचित सम्मान मिलेगा। भाजपा में ही महिलाओं को सम्मान दिया जाता हैं। जिसका उदाहरण पूर्व शिक्षा मंत्री नीरा यादव हैं। पार्टी ने उन्हें जिला परिषद से विधायक और मंत्री जैसे पद को सुशोभित कराने का काम किया है। अंजली गुप्ता ने कहा कि उन्होंने झामुमो के लिए काफी मेहनत किया। अब भाजपा के लिए काम करूंगी। झामुमो में महिलाओं का सम्मान नहीं है। अब वह भाजपा की सदस्यता लेकर काफी खुश हैं।

पार्टी में शामिल होने वाले लोगों में अर्जुन पाल, शोभा देवी, ममता देवी, फुलकुमारी देवी, उषा देवी, फूला देवी, तसमिना बीबी, बिंदा देवी, ललिता देवी, सुखलाल साव, प्रतिमा देवी, शीला देवी, रीमा देवी, देवंति देवी, प्रमोद चौधरी सहित अन्य का नाम शामिल हैं। मौके पर महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष रूपा सिंह, प्रदेश प्रवक्ता सह जिला प्रभारी अमित सिंह, भाजपा नेता जवाहर पासवान, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अनिता गुप्ता, भाजपा नेत्री कंचन जायसवाल, मंडल अध्यक्ष अखिलेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष हरेन्द्र दुबे सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## थाना क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था में सभी लोगों की सहभागिता जरूरी है : थाना प्रभारी



**रमना (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर के प्रांगण में रात्रि सुरक्षा व्यवस्था, वाहन दुर्घटना एवं सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर स्थानीय दुकानदारों की साथ बैठक की गयी। बैठक में लगातार हो रही रात्रि में चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान गश्ती बढ़ाने, अपने घर के बाहर लाइट लगाने, दुकानों व घरों में बढ़-चढ़कर सीसीटीवी कैमरा लगाने की अपील की गई। इस अवसर पर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा ने कहा कि थाना क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी लोगों की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने को लेकर हेलमेट के साथ बाहर निकलने की अपील की। वहीं सीसीटीवी कैमरा लगाने का अपील की। वहीं प्रमुख पति सह दवा दुकानदार ने पुलिस को गश्ती बढ़ाने तथा घर के बाहर में लाइट जलाने का अपील की। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि अजीत कुमार सोनी, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, मुखिया प्रतिनिधि बिरंची पासवान, पूर्व प्रमुख मृत्युंजय कुमार सिंह, समाजसेवी अनुज कुमार, शैलेंद्र सिंह, राजा राम, धनंजय गुप्ता, बबलू गुप्ता, मुन्ना प्रसाद, सुनील प्रसाद, अनिल सोनी, त्रिपुरारी सोनी, सुनील प्रसाद, उमेश प्रसाद, धनंजय सोनी, दीपक गुप्ता, मुन्ना सिंह, विश्वजीत कुमार, सोनू सोनी, शंकर चंद्रवंशी, नगेंद्र पाल सहित कई लोग मौजूद थे।

## प्रसिद्ध ब्रह्म बाबा की पूजा-अर्चना की



**गढ़वा/मेराल।** प्रसिद्ध देवस्थल ब्रह्म स्थान के प्रांगण में मंगलवार को जन चौपाल कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने गढ़वा के प्रसिद्ध ब्रह्मा बाबा की पूजा-अर्चना कर अपनी एवं राज्य की खुशहाली के लिए कामना की।

**कार्यक्रम :** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली का पद प्रतिष्ठापन समारोह आयोजित

# नये सत्र के निर्वाचित पदाधिकारियों का कराया गया शपथ ग्रहण

**एक बार फिर से मुझे अध्यक्ष बनाकर जो विश्वास व्यक्त किया गया है उस पर मैं पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करूंगी : रितु जायसवाल**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली का पद प्रतिष्ठापन समारोह स्थानीय ज्ञान निकेतन स्कूल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन सेन्ट्रल कमेटी सदस्य अजय कांत पाठक, फेडरेशन 8 के निवर्तमान अध्यक्ष अलखनाथ पांडे, स्पेशल कमेटी के पूर्व अध्यक्ष विजय केशरी, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी एवं एमपी केसरी, नगर परिषद की उपाध्यक्ष श्रीमती मीरा पांडे, यूनिट 2 के डायरेक्टर मनोज केसरी, फेडरेशन पदाधिकारी श्रीमती सीमा केशरी एवं डॉ अशोक सोनी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर पदस्थापना पदाधिकारी यूनिट 2 के डायरेक्टर मनोज केशरी रूपा गंजी ने नये सत्र के निर्वाचित जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराया। जिसमें अध्यक्ष रितु जायसवाल, उपाध्यक्ष आंतरिक रीना अग्रवाल, उपाध्यक्ष वाह्य संध्या केशरी, प्रशाशनिक निदेशक रंजना जायसवाल, वित्त निदेशक वीणा केशरी निदेशक मंडल में चाँदनी केशरी, रीमा स्वरूप, पल्लवी पुंज एवं प्रियंका केशरी के नाम शामिल हैं।

कार्यक्रम का संचालन फेडरेशन 8 के निवर्तमान सचिव नंद कुमार गुप्ता ने एवं धन्यवाद ज्ञापन पूर्व यूनिट डायरेक्टर दीपक तिवारी किया। शपथ ग्रहण के पश्चात अध्यक्ष ने कहा कि एक बार फिर से मुझे अध्यक्ष बना कर जो विश्वास आप लोगों ने व्यक्त किया है उस पर मैं पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करूंगी। जायन्ट्स सहेली के सेवा कार्यों से प्रभावित हो कर आज नौ महिलायें नये सदस्य के रूप में जुड़ रही हैं जिनमें वंदना सोनी, गुड़िया केशरी, रीना केशरी, निशा जायसवाल, विमला केशरी, वर्षा अग्रवाल, अंजु केशरी, मंजू गुप्ता, ज्योति केशरी के नाम शामिल हैं। समारोह में जायन्ट्स के पदाधिकारियों ने नयी टीम एवं नये सदस्यों का स्वागत किया एवं जायन्ट्स सहेली के उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर उपरोक्त के अलावे फेडरेशन 8 की पूर्व उपाध्यक्ष रीता केशरी, जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली की फाउंडर अध्यक्ष सह पूर्व यूनिट डायरेक्टर रश्मि कमलापुरी, फेडरेशन की पूर्व पदाधिकारी गायत्री गुप्ता, लता गुप्ता, सुनीता केशरी, सुषमा केशरी, रीना गुप्ता, सीमा सर्राफ, रंजना अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित थी।

## महावीर जयंती पर बंशीधर मंदिर में किया गया आमजनों के लिए भंडारा का आयोजन

**बहुत सौभाग्य से भंडारा करने का मौका मिलता है : राकेश प्रताप देव**




आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** महावीर जयंती के अवसर पर बंशीधर मंदिर में आम जनों के लिए राकेश प्रताप देव, साकेत प्रताप देव एवं हेमंत प्रताप देव के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें वहां पर उपस्थित लोगों के बीच भगवान का भोग लगा हुआ प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर लगभग 500 लोगों ने भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। उक्त अवसर पर जानकारी देते हुए राकेश प्रताप देव ने बताया कि बहुत सौभाग्य से भंडारा करने का मौका मिलता है और इस पुण्य अवसर पर आकर प्रसाद पाने वाले लोग बड़े ही सौभाग्यशाली होते हैं। भगवान के दरबार में आकर असीम प्रेम और शांति की प्राप्ति होती है। मुरली वाले भगवान नगर उंटारी में साक्षात विराजमान हैं। उनका दर्शन मात्र से ही सारी मनोकामना पूर्ण हो जाती है। आज महावीर जयंती पर भगवान के कृपा से बंशीधर मंदिर में भोग लगाकर प्रसाद वितरण करने का मौका मिला है। उन्होंने भंडारे में उनके भाई साकेत देव, हेमंत प्रताप, प्रेम शंकर देव सहित परिवार एवं मित्रगण को सहयोग करने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद दिया और कहा कि समय-समय पर सभी लोगों को आगे बढ़-चढ़कर ऐसे भंडारा का आयोजन करते रहना चाहिए। भगवान के समीप रहने से सारे कष्ट दूर हो जाते हैं।

मौके पर हेमंत प्रताप देव, साकेत प्रताप देव, प्रेम शंकर देव, छोटू देव, रंजन कुमार उर्फ छोटू वार्ड पार्षद, दिलीप कुमार देव, शशिकांत देव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 05 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in
08

## अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय पदाधिकारियों ने किया खूंटी का दौरा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय पदाधिकारियों ने मंगलवार को खूंटी का दौरा किया। इस दौरान राजस्थान भवन समाज के लोगों से प्रांतीय पदाधिकारियों ने संगठनिक मुद्दों पर चर्चा की और मंच की खूंटी नगर शाखा में सदस्यों की संख्या बढ़ाने और संगठन को अधिक मजबूत करने पर बल दिया गया। कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच के झारखण्ड प्रांतीय अध्यक्ष अरूण गुप्ता, प्रांतीय सचिव सार्थक अग्रवाल, प्रांतीय संयोजक, जनसेवा और राजनीतिक चेतना मीना टायवाला, मंडल की उपाध्यक्ष विनीता सिंघानिया, मंडल क सहायक मंत्री अखिल सरावगी आदि उपस्थित थे। प्रांतीय अध्यक्ष ने बताया कि संगठन सबसे महत्वपूर्ण है। सभी सदस्यों द्वारा संगठन के हित को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जाना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के कई सदसय और नारी शक्ति की सदस्य आदि उपस्थित थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में महावीर जयंती मनायी गयी



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में मंगलवार को महावीर जयंती मनाई गयी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह के द्वारा भगवान महावीर के चित्र पर पुष्प चढ़ाकार कार्यक्रम की शुरूआत की। वहीं विद्यालय के आचार्य पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने भगवान महावीर के बारे में छात्र-छात्राओं को कई बातें बतायी। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह ने भी भगवान महावीर के बारे में ज्ञानवर्धक बातों से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य सियाराम सिंह, उमेश कुमार, गोविंद चैहान, श्रीकांत शर्मा, संध्या सिन्हा, नूतन सिंह, प्रीति तिर्की सहित विद्यालय के छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

## जमीन की खरीद-बिक्री पर रोक लगाने की मांग

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** सार्वजनिक मेला टांड़ बचाओ संघर्ष समिति मुरहू के कार्यकारिणी सदस्यों ने मंगलवार को मुरहू माघ मेला जमीन घोटाला से संबंधित ज्ञापन खूंटी के उपायुक्त और मुरहू के अंचलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में समिति के अध्यक्ष चंद्र प्रभात मुंडा ने कहा कि सार्वजनिक माघ मेला टांड़ खाता नंबर 38 प्लॉट 487 कुल रकबा 1.95 एकड़ जमीन घोटाला के विरुद्ध झारखंड उच्च न्यायालय रांची में जनहित याचिका डब्ल्यूपी (पीआइएल) नंबर 5515/20-22 दिनांक 20 अक्टूबर 2022 को दर्ज किया गया है। इसके बावजूद कुछ लोगों द्वारा कथित रूप से जालसाजी कर अवैध रूप से जमीन की खरीद-बिक्री का प्रयास निरंतर जारी है। उपायुक्त और अंचलाधिकारी से समिति ने मांग की है कि इस जालसाजी के मद्देनजर अवैध रजिस्ट्री और दाखिल खारिज आवेदन पर तुरंत रोक लगाते हुए प्रशासनिक कार्रवाई की जाए। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी है कि कार्रवाई नहीं होने पर पुनः एक जन आंदोलन शुरू किया जायेगा, क्योंकि यह आदिवासी मूलवासी के अधिकारों के खिलाफ और न्यायालय की अवमानना है।

## ऑटो पलटने से आधा दर्जन लोग घायल

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले के सायको-उलिहातू रोड में हिडीह गांव के समीप मंगलवार की शाम एक अनियंत्रित ऑटो पलट गया। इस दुर्घटना में कूड़ापूर्ति गांव के लगभग आधा दर्जन ग्रामीण घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही सायको थाना की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को एक एंबुलेंस से इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा। घायलों में पांड्या मुंडा, समराय मुंडा, सुखराम मुंडा, सोमा मुंडा, जदूराय मुंडा आदि शामिल हैं। घायलों का इलाज सदर अस्पताल में किया गया। सभी की स्थिति खतरे से बाहर है। जानकारी के अनुसार कूड़ापूर्ति गांव से सभी लोग एक ऑटो पर सवार होकर सरहुल नाच के लिए उलिहातू जा रहे थे। बताया गया कि हिडीह गांव के समीप एक मोड़ पर ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया।

## बचरा में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की हुई बैठक

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की एक बैठक युनियन के बचरा स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना एवं संचालन सचिव विद्यापति सिंह ने किया। बैठक में इंटक को उच्चतम न्यायालय द्वारा मान्यता देने वाले विवाद में हुई जीत पर सभी सदस्यों और पदाधिकारियों ने खुशी जाहिर करते हुए इसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष जी संजीवा रेड्डी और बेरमो विधायक अनुप सिंह को बधाई दी। बैठक में 6 अप्रैल को बेरमो में प्रस्तावित बैठक में पिपरवार क्षेत्र से ज्यादा लोगों के भाग लेने के लिए तैयारियों पर चर्चा हुई। इसके साथ युनियन की सदस्यता बढ़ाने और कोल कामगारों की समस्याओं के लिए संघर्ष तेज करने का निर्णय लिया गया।इस अवसर पर युनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना, सचिव विद्यापति सिंह, नकुल प्रसाद, श्रवण कुमार, मोहम्मद कुर्बान, मोहम्मद राशिद, एसके सिंह, संतोष दास, मोजाहिद इमाम, जगदेव प्रसाद, रामेश्वर प्रसाद, राजेन्द्र राम, आनंद मुंडा, शंकर मुखर्जी,मुखराम महतो के साथ अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

## डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में नये सत्र की हुई शुरुआत

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में सरस्वती वंदना के साथ नये सत्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण कर एवं दीप जलाकर कर मां सरस्वती से बच्चों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं बच्चों के बीच मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक कैलाश कुमार ने बच्चों को नये सत्र में खूब मन लगाकर पढ़ने को कहा। साथ में बच्चों से कहा कि प्रतिदिन अपने मां-पिताजी का आशीर्वाद लेकर स्कूल आयें और मां-पिताजी और शिक्षकों के मार्गदर्शन में रहें व आदर करें। इस वर्ष के लिए एक लक्ष्य निर्धारित करें और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरी मेहनत करें। उन्होंने कहा कि अब स्कूल को सीबीएसइ से बारहवीं तक की मान्यता मिल गयी है। नये सत्र की शुरुआत एक मान्यता प्राप्त स्कूल के साथ हो रही है। यह विद्यालय परिवार के लिए बहुत ही खुशी की बात है। मौके पर पर स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं बच्चे और अभिभावक मौजूद थे।

## जमनी में हाथियों के उत्पात से कराह उठे किसान

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जमनी गांव में पांच जंगली हाथियों का उपद्रव बदस्तूर जारी है। जंगली हाथियों का झुंड गेहूं और सब्जी की फसलों को खाकर एवं रौंद कर बर्बाद कर रहा है। जिससे अन्नदाता त्राहिमाम कर रहे हैं। जंगली हाथी गेहूं व सब्जी की फसल को अपना निवाला बना रहे हैं। वहीं वन विभाग एवं जिम्मेदार उदासीन हैं। जहां सोमवार की रात लगभग साढ़े बारह बजे पांच जंगली हाथियों ने जमनी गांव के सालिक सिंह के खेतों में लगी तीन क्विंटल गेहूं व मटर की फसलों को हाथियों ने रौंदकर और खाकर बर्बाद कर दिया। इस घटना के बाद से परिवार के लोग काफी परेशान हैं कि कर्ज कैसे चुकता करेंगे। वहीं हाथियों ने कुंवर सिंह, बुधराम पहान व सोमरा पहान के गेहूं, बिरेंद्र साहू का शिमला मिर्च, दिनेश गोप का कद्दू, खीरा, भिंडी व फ्रेंचबीन को खाकर एवं रौंद कर बर्बाद कर दिया। सालिक सिंह ने कहा कि तैयार गेहूं व मटर की फसल को जंगली हाथियों ने बर्बाद कर दिया है। इनका कहना है कि अगर विभाग इसी तरह सुस्त पड़ा रहा तो हमलोगों को हाथियों के डर से खेती करना भी छोड़ देना पड़ेगा। वहीं हमलोगों को कोई भी मुआवजा नहीं मिलता है। ज्ञात हो कि पिछले कुछ महीनों से प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र में हाथियों के आतंक से गांव के लोग परेशान हैं। हाथियों का झुंड लगातार गांव का भ्रमण कर रहा है और मौका मिलते ही कहीं घर तोड़ दे रहा है तो कहीं किसानों की फसलों को रौंद कर बर्बाद कर रहा है। इधर हाथियों के उत्पात से राहत दिलाने के लिए विभागीय स्तर पर समुचित उपाय नहीं किये जा रहे हैं। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

# केंद्र सरकार के विरोध में युवा कांग्रेस ने निकाली पदयात्रा




आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** युवा कांग्रेस के खूंटी जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा के नेतृत्व में केंद्र सरकार के कार्यों के विरोध में मंगलवार को सुभाष चौक से भगत सिंह चौक तक सत्याग्रह पदयात्रा निकाली गई। मौके पर खूंटी जिलाध्यक्ष कुणाल कमल की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष सह खूंटी जिला प्रभारी निशा भगत ने कहां कि आखिर कब तक संविधान की अनदेखी मोदी सरकार करेगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह लोकतंत्र की हत्या मोदी सरकार ने की है, उसका युवा कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी मुंह तोड़ जवाब देगी। खूंटी जिला सह प्रभारी शादाब खान ने कहा कि हम सब राहुल गांधी के साथ हैं। हम दो हमारे दो की सरकार नही चलेगी। लोकतंत्र को तार तार होने नही देंगे। अरुण संगा ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान को बचाना है, तो मोदी सरकार को गिराना है। मौके में खूंटी जिला बीस सूत्री सदस्य मो सोहैल अंसारी, विधानसभा अध्यक्ष मो उस्मान खान, नगर महासचिव शकील, खूंटी प्रखंड अध्यक्ष अनमोल धान, मुरहू प्रखंड अध्यक्ष मो नौशाद खान, बहा मुंडा, निकोदीम, आनंद, सहाबुद्दीन आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खूंटी में निकाला मशाल शांति मार्च




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के खूंटी जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा की अगुवाई में मोदी सरकार के कार्यकलापों के विरोध में मंगलवार की शाम लोकतंत्र बचाओ मशाल शांति मार्च निकाला गया। मशाल शांति मार्च भगत सिंह चौक से शुरू होकर नेताजी चौक तक गया। रवि मिश्रा ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए सभी कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थकों ने इस राष्ट्रव्यापी आंदोलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मशाल शांति मार्च में प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा, नरेश तिर्की, विल्सन तोपनो, सुशील सांगा, अरविंद मिश्रा, विजय मिश्रा, अनुराग मिश्रा, मीनाक्षी सिंह तोपनो, सुनीता गोप, रविकांत मिश्रा, मरियम आईंद, पौलुस पूर्ति, एडवर्ड हंस, फिरोज आलम, विजय स्वांसी, करमदयाल महतो, जयसिंह नाग आदि उपस्थित थे।

# आइआरबी में विदाई समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त दो हवलदार को दी विदाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** इंडियन रिजर्व बटालियन आईआरबी-थी के पिपरवार कैम्प मे विदाई समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त दो हवलदार जीतन राम और रघुनंदन रजक को भावभीनी विदाई दी गई। इस समारोह में दोनों का स्वागत माला पहना कर किया गया,जबकि उपहार प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गई। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने दोनों के कार्यकाल की जमकर प्रशंसा की।समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने दोनो के सुखमय जीवन की कामना की।इस मौके पर डीएससी श्रीराम समद,जितेंद्र कुमार,आरजे टोप्पो, मणिमोहन प्रसाद,सत्येंद्र मिश्रा, रंजीत कुमार,पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश यादव, उपाध्यक्ष शमशेर खान, मंत्री सुजीत कुमार,सुशील कुमार पांडे, संजय यादव, प्रहलाद सिंह, कन्हैया कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी और जवान मौजूद थे।

## भाजपा का स्थापना दिवस छह अप्रैल को

**खूंटी।** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस छह अप्रैल को जिला कार्यालय में मनाया जायेगा। इस संबंध में मीडिया सह प्रभारी महावीर राम ने बताया कि प्रातः 9.30 बजे झंडोत्तोलन किया जायेगा। प्रातः 9.45 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुनाया जायेगा। उसके बाद वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा। स्थापना दिवस समारोह में लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा, सांसद सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, खूंटी विधायक और पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा और तोरपा के विधायक कोचे मुंडा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

## प्राण प्रतिष्ठा समारोह कल

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** आन्जनेय के जन्मोत्सव के अवसर पर हमारे परम आराध्य संकट मोचन श्री हनुमान जी महाराज की ध्यानस्थ विराजित प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा समारोह आगामी चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा दिनांक 6 अप्रैल 2023 को श्री विष्णु मंदिर, श्री राम शरणम आश्रम, बुंडू स्थित श्री हनुमान वाटिका में होना सुनिश्चित हुआ है। कार्यक्रम में आपकी सबंधु बांधव उपस्थिति प्रार्थनीय है। कार्यक्रमः प्रातः 7.30 में कलश यात्रा, 9-4 बजे तक पूजन सह प्राण प्रतिष्ठा समारोह, संध्या 4 बजे हनुमान चालीसा सह सुंदर कांड पाठ के पश्चात भजन संध्या का आयोजन, संध्या 6 बजे आरती एवं प्रसाद वितरण।

## हनुमान मंदिर का 33वां वार्षिकोत्सव 10 अप्रैल को

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बारीडीह गांव स्थित बजरंग बली हनुमान मंदिर का 33वां वार्षिकोत्सव दस अप्रैल को मनाया जाएगा। मंदिर के पुजारी लाल बाबा ने बताया कि गणेश पूजा, नवग्रह पूजा, पंचदेव पूजा, षोड्शो मातृका पूजा व बजरंगबली की पूजा की जाएगी। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया जाएगा। वहीं वार्षिकोत्सव के मौके पर 12 घंटे का अखंड हरिकीर्तन और भोग भंडारा का वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुकेश कुमार राय, राज राय, प्रेम राय, सौमित्र शर्मा, साधन राय, सोनू कुमार, सुजीत राय, वाणी कुमार राय, धनंजय कुमार राय, दीपक राय, रमेश प्रसाद गुप्ता, अनुज कुमार गुप्ता लगे हुए हैं।

# वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के नेहरू आदर्श विद्यालय बेती में समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में स्कूल के वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित भी किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि बेंती पंचायत की मुखिया सरिता देवी और विशिष्ट अतिथि में पंचायत समिति कुमारी अनुप्रिया, वार्ड सदस्य गणेश गंझू, सहदेव उरांव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। बच्चों को सम्मानित करने के बाद मुखिया सरिता देवी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के बिना सफलता संभव नहीं है। वर्तमान में शिक्षा से ही हर कुछ हासिल किया जा सकता है। उन्होंने स्कूल के बच्चों से बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अपने पंचायत और अपने राज्य का नाम रोशन करने की अपील की। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेश प्रजापति, सचिव हेमराज प्रजापति, गणेश भुइयां, उमेश प्रजापति स्कूल के प्राचार्य सुनील केसरी सहित स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में महावीर जयंती मनायी गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में सत्य अहिंसा और प्रेम का संदेश देने वाले जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य गणेश महतो जयंती प्रमुख अनिल सिंह एवं आचार्य योगेन्द्र ठाकुर ने भगवान महावीर के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर आचार्य योगेन्द्र ठाकुर ने बच्चों को भगवान महावीर के सत्य अहिंसा एवं प्रेम के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य गणेश महतो ने महावीर के पंचतत्व ज्ञान पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित सभी लोगों से उनके बताए मार्ग का अनुसरण करने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि छात्रों को उनके द्वारा दी गई शिक्षा को अपने जीवन में उतारना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सहित सभी आचार्य के साथ काफी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थित थे।

# सत्रारंभ पर सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में किया गया हवन



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में सत्रारम्भ 2023-24 के शुभ अवसर पर पूजन, सुन्दर कांड पाठ, हनुमान चालीसा पाठ, हवन, सरस्वती वंदना पाठ एवं आरती किया गया। वहीं कार्यक्रम के माध्यम से समस्त देशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की गयी। कार्यक्रम के अंत में सबों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह, आचार्य पुरुषोत्तम कुमार सिंह, रजनीकांत पाठक, श्रीकांत शर्मा, गोविंद चैहान, सियाराम सिंह, उमेश कुमार, संजीव कुमार सिंह, संध्या सिन्हा, नूतन सिंह एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्री घायल, पिता रिम्स रेफर



**खलारी (आजाद सिपाही)।** मंगलवार की शाम खलारी झील होटल के निकट सड़क दुर्घटना में बाइक सवार पिता पुत्री घायल हो गये। स्थानीय लोगों के द्वारा घायलों को डकरा अस्पताल ले जाया गया। सूचना मिलने के बाद मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी डकरा अस्पताल पहुंचे जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए रांची भिजवाया। घायल की पहचान राय बस्ती निवासी सुरेंद्र सिंह और उसकी पुत्री ज्योति कुमारी के रूप में की गई। जानकारी के अनुसार पिता पुत्री बाइक से रांची से लौट रहे थे। इसी दौरान झील होटल के निकट रास्ते में अचानक कुत्ता के आ जाने के कारण बाइक समेत पिता पुत्री सड़क पर गिरकर घायल हो गये। दोनों घायलों के हाथ, सर, पैर में चोटे आयी हैं। सड़क दुर्घटना की जानकारी घायल के परिजनों को दे दी गई है।

# प्रबंधन जेबीसीसीआइ-11 की बैठक में सभी बिंदुओं पर सहमति बना कर 11वें वेतन समझौते को लागू करे : के लक्ष्मा रेड्डी

**प्रबंधन की नीति और कार्यशैली कोल कर्मियों के पक्ष में नहीं है : भामसं के कोल प्रभारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** कोल इंडिया प्रबंधन कोल कर्मियों का लंबित 11वां वेतन समझौता को लागू करने में देरी कर रहा है जिसे भारतीय मजदूर संघ बर्दाश्त नहीं करेगा। कोल इंडिया प्रबंधन के प्रति नाराजगी जताते हुए भारतीय मजदूर संघ के कोल प्रभारी के लक्ष्मा रेड्डी ने कहा कि प्रबंधन की नीति और कार्यशैली कोल कर्मियों के लिए पक्ष में नहीं है। प्रबंधन 11वां वेतन समझौता को लागू करने में टालमटोल की नीति को अपनाये हुए है। बीएमएस प्रबंधन की कार्यशैली पर पूर्ण रूप से नजर बनाये हुए है। उन्होंने कहा कि 11वां वेतन समझौता में



केवल 19 प्रतिशत एमजीबी पर निर्णय हुआ है। वहीं प्रबंधन के द्वारा कोल उद्योग में संगठन के द्वारा आंदोलन की चेतावनी के दबाव में 18 अप्रैल को जेबीसीसीआइ-11 की 9वीं मिटिंग बुलाई है।

उन्होंने कहा कि प्रबंधन जेबीसीसीआइ-11 की बैठक में सभी बचे हुए बिंदुओं पर सहमति बनाकर वेतन समझौता-11 को पूर्णरूप प्रदान करने के पश्चात इसे कोल मंत्रालय से स्वीकृति लेकर शीघ्रातिशीघ्र लागू करे। श्री रेड्डी ने कहा कि 11वां वेतन समझौता लागू होने तक भारतीय मजदूर संघ इस मसले पर पूरी तरह निगहबानी करते हुए इसमें रंच मात्र भी ढिलाई नही बरतेगा।

उन्होने कहा कि बीएमएस के समक्ष सभी विकल्प खुले है, यह प्रबंधन के उपर निर्भर करता है की कोल कर्मियों का वेतन समझौता को पुरी तरह से लागु करने के प्रति कितना सार्थक पहल करता है।

## विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल को मिली सीबीएसइ की मान्यता

**ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल में दी जा रही है गुणवत्तापूर्ण शिक्षा : प्राचार्या विद्या रानी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी प्रखंड के सुदूर गांव कतरपा में स्थित विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल को सीबीएसई की मान्यता प्राप्त हुई है। इस अवसर पर प्रेस कांफ्रेंस करते हुए विद्यालय की प्राचार्या विद्या रानी ने बताया कि सीबीएसई से मान्यता प्राप्त होने पर विद्यालय परिवार में खुशी का मौहाल है। मौके पर विद्यालय निदेशक सुरेश साहू ने बताया कि 2013 में विद्यालय की स्थापना की गई थी। विद्यालय को 10 वर्षों में मान्यता प्राप्त हुई। विद्यालय सीबीएसई मान्यता के अलावा आरटीई एक्ट धारा 18 के तहत राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) नोएडा से भी मान्यता प्राप्त है। खुशी की बात है कि विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल नगड़ी, बेड़ो, एवं इटकी प्रखंड का एकमात्र स्कूल है, जो 19 झारखंड बटालियन एनसीसी से मान्यता प्राप्त है। इसी के तहत स्कूल में विद्यार्थियों को मानसिक और शारीरिक विकास के लिए शिक्षा दी जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र में विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल के द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल को इस मुकाम तक पहुंचाने में विद्यालय के निदेशक सुरेश साहू, प्रबंधक प्रकाश साहू, प्राचार्या विद्या रानी, समीरा एक्का, कामिनी तिर्की, नीलिमा टोपनो, शालिनी तिर्की, मोनिका बेक, राजेश पांडे, सानिया कुमारी, माया कुमारी, नर्मदा देवी, खुशबू मिश्रा, आशा मिंज, दीपा कुमारी, बाबूलाल कुमार, मोहन लकड़ा, प्रकाश उरांव, अगनू मुंडा, भुनेश्वर सिंह, अजय नायक, पालो देवी अन्य कर्मचारी शामिल हैं।

## रांची जिला ग्राम प्रधान संघ की बैठक मोराबादी बापू बाटिका में 11 अप्रैल को



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** ग्राम प्रधानों की विभिन्न मांगों को लेकर रांची जिला ग्राम प्रधान संघ की बैठक 11 अप्रैल 2023 को मोराबादी स्थित बापू बाटिका में की जाएगी। इसके लिए तैयारी जोरों पर है। आज अनगड़ा प्रखंड ग्रामप्रधान संघ के अध्यक्ष उमेश बड़ाईक ने सिकिदिरी क्षेत्र के पारसनाथ भोगता से मुलाकात कर बैठक में भाग लेने संबंधित रूपरेखा तैयार की।

## मंडा पूजा का 174वां वार्षिक महोत्सव शुरू, पूजा संचालन कमेटी का गठन

**इटकी (आजाद सिपाही)।** गढ़गांव में शिव उपासना का महापर्व मंडा पूजा का एतिहासिक 174वां वार्षिक महोत्सव शुरू हो गया है। छह अप्रैल गुरुवार को रात्रि आठ बजे शिव उपासक भोगता दहकते अंगारे पर नंगे पांव चलकर फुलकुन्दी की रस्म पूरा करेंगे। इसके बाद मंडा पूजा समिति के तत्वावधान में बंगाल से पहुंचे कलाकार छऊ नृत्य का आयोजन करेंगे। जबकि सात अप्रैल शुक्रवार को तीन बजे दिन से मंडा झूलन, जतरा मेला और रात्रि में कलाकारों द्वारा ठेठ नागपुरी गीत-संगीत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। मंडा पूजा महोत्सव को सफल बनाने के लिये मंडा पूजा समिति का गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष दीपक सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष नरेश साहू, उपाध्यक्ष घोमा सिंह, जितेंद्र सिंह, सुबोध साहू, संरक्षक प्रताप सिंह, संजय सिंह, भवानी शरण सिंह, किशोर साहू और नारायण सिंह, कोषाध्यक्ष राधे ठाकुर, महेंद्र गोप, सचिव रंजीत सिंह, यशवंत सिंह, प्रवक्ता संजय गुप्ता, बबलू गुप्ता के अलावा कार्यकारिणी के 30 सदस्य बनाये गए हैं।

## बख्तर साय एवं मुंडल सिंह को मिले शहीद का दर्जा : रामशंकर सिंह



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड के चंपाडीह में मंगलवार को रौतिया समाज की बैठक दिलीप सिंह सिदमा की अध्यक्षता में की गई। बैठक में शहीद वख्तर साय व मुंडल सिंह को शहीद का दर्जा दिलाने को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर रामशंकर सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास संघ ने कहा कि बख्तर साय व मुंडल सिंह को चार अप्रैल 1812 में कोलकाता के फोर्ट विलियम में अंग्रेजों ने फांसी की सजा दी थी। उन्हें आज तक शहीद का दर्जा नहीं मिला है। दोनों महान स्वतंत्रता सेनानी सरकार की नीति के कारण उपेक्षित हैं। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार से दोनों को शहीद का दर्जा दिलाने की मांग की। इससे पूर्व शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर तिलक सिंह, हरिसेवक सिंह, नीरज सिंह, जगदीश कुमार सिंह, देवेंद्र सिंह, इंदर सिंह, टमनदेव सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

## लतरातु में सरहुल शोभायात्रा के दौरान मांदर की थाप पर थिरके ग्रामीण



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड के लतरातु में मंगलवार को प्रकृति पर्व सरहुल के अवसर पर भव्य सरहुल शोभायात्रा निकाली गयी। इस मौके पर अधिवक्ता सह जिप सदस्य हिन्दीया टोप्पो देवगांव पंचायत के मुखिया दुर्गा उरांव, अलका तिर्की, समाजसेवी सुखदेव उरांव शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष नगाड़ा, मांदर, ढोलक, झाल की धुन पर सामूहिक रूप से नृत्य करते हुए सरना स्थल पर पहुंचे। जहां पर विभिन्न गांवों से आये पहान, पुजार, महतो समेत अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्यामलाल बड़ाईक, जोहन लकड़ा, संदीप उरांव, कर्मवीर तिर्की, सुजीत तिर्की, बैजनाथ लोहरा, जीतू उरांव, संदीप उरांव, डहरु उरांव समेत ग्रामीणों का योगदान रहा।

**आस्था : हेसल कठरटोली में तीन दिवसीय हनुमान मंदिर का वार्षिक अनुष्ठान कार्यक्रम शुरू**

# कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के जयकारा से भक्तिमय हुआ क्षेत्र

**दूसरे दिन बुधवार को वेदी पूजन, अधिवास, नगर भ्रमण, महाआरती एवं अखंड हरिकीर्तन का होगा कार्यक्रम**

**तीसरे दिन गुरुवार को पूजन, महास्नान, हवन, पुणाहूति एवं भव्य भंडारा के साथ होगा महायज्ञ का समापन**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** प्रखंड के हेसल कठरटोली गांव में मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हनुमान मंदिर का तीन दिवसीय तृतीय वार्षिक अनुष्ठान कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

इस कलश शोभायात्रा का शुभारंभ पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, कुरमी विकास परिषद के रणधीर चौधरी, ब्रजेश महतो, दुर्गा महतो आदि ने किया। कलश यात्रा में भारी संख्या में महिलाएं, युवतियों के साथ पुरूष एवं युवक शामिल हुए। कलश यात्रा के दौरान जय श्रीराम, जय बजरंगबली के जयकारे से पूरा इलाका भक्तिमय हो गया।

कार्यक्रम के प्रथम दिन मंदिर प्रांगण से कलश यात्रा निकली जो कई गांवों का भ्रमण करते हुए स्वर्णरेखा तट पर पहुंची। वहां मंत्रोचार के साथ कलश में जलभरी कर पुनः उसी गांव का भ्रमण करते हुए कलश यात्रा यज्ञ स्थल पर पहुंची। वहां वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश को स्थापित किया गया।

दूसरे दिन बुधवार को वेदी पूजन, अधिवास, नगर भ्रमण, महाआरती व अखंड हरिकीर्तन का कार्यक्रम होगा।

वहीं तीसरे दिन गुरुवार को पूजन, महास्नान, हवन, पुणार्हूति एवं भव्य भंडारा के साथ महायज्ञ का समापन होगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के मुख्य संरक्षक ब्रजेश महतो, जीतराम महतो, अमरनाथ महतो, जगेश्वर महतो, विशेश्वर महतो, अर्जुन महतो, जीरामनी देवी, बालकुंवर महतो, पुष्पा देवी, जीतलाल महतो, अनिल महतो, सुकरमनी देवी, मालती देवी, वीणा देवी, सोनिया देवी, सालखो देवी, कंचन, कलावती, सुषमा, अनु महतो आदि का योगदान रहा।

## बेड़वारी गांव से बोलेरो वाहन की चोरी

**वाहन मालिक धनेश्वर महतो ने अनगड़ा थाना में अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज कराया**

**पुलिस मामले को संदेहास्पद मानकर बारीकी से कर रही है जांच**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के बेड़वारी गांव में गत सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने कृष्णा महतो के घर के आंगन में खड़ी बोलेरो की चोरी कर ली। उक्त बोलेरो (जेएच 01सी डबल्यु-5652) टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के मानकीढीपा निवासी धनेश्वर महतो का है। बताया गया कि धनेश्वर महतो अपने बोलेरो को सोमवार की शाम कृष्णा महतो के घर के आंगन में खड़ा कर घर चला गया। मंगलवार की सुबह गाड़ी ले जाने के लिए जब वह बेड़वारी कृष्णा के घर पहुंचा तो देखा कि वहां से गाड़ी गायब है। इस बीच धनेश्वर ने अपने स्तर से गाड़ी की काफी खोजबीन की पर कहीं पता नहीं चला।

इस संबंध मे धनेश्वर महतो ने अनगड़ा थाना में अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज कराया है। इस बीच पुलिस को जानकारी दी गई है कि धनेश्वर महतो विगत वर्ष 2020 में ही बेड़वारी गांव के तारकेश्वर साहू पिता प्रेम साहू के हाथों अपनी उक्त बोलेरो वाहन को बिक्री कर चुका है। परिस्थितिजन्य पुलिस को मामला संदेहास्पद प्रतीत हो रहा है, इसलिए पुलिस इस बिन्दु पर भी जांच में जुटी है कि जब पूर्व में गाड़ी की बिक्री हो चुकी है तो फिर वह गाड़ी तारकेश्वर के पास नहीं रह कर धनेश्वर के पास ही कैसे रह गई और फिर धनेश्वर गाड़ी को अपने साथ घर नहीं ले जाकर बेड़वारी में कृष्णा महतो के घर पर खड़ा कर क्यों चला गया। फिलहाल पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

## तीन दिवसीय विशु शिकार पर्व संपन्न

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** 12 पड़हा का तीन दिवसीय विशु शिकार का मंगलवार को संपन्न हो गया। ज्ञात हो कि प्रखंड के नेहालू व तुरिअम्बा गांव के दर्जनों ग्रामीणों द्वारा तीन दिनों के लिए वन में नगाड़ा, घंटा व झण्डा के साथ शिकार के लिए निकलते हैं तथा वन में निवास करते हैं। इस अवसर पर नेहालू पंचायत के मुखिया विरेन्द्र भगत व पड़हा राजा ने लोगों से अपील की कि पड़हा हमलोगों का संस्कृतिक व पारंपरिक धरोहर है। इसे हम लोगों को मिल कर बचाना है। इसके बाद सभी पड़हा भाइयों को गांव वापसी का आदेश दिया गया। गांव पहुंचने पर गांव की महिलाएं शिकार में गये लोगों को पांव धोकर एवं माला पहनाकर सम्मान से गांव में प्रवेश कराया।

## मांडर विधायक ने तालाब जीर्णोद्धार का किया शिलान्यास

**महिला कांग्रेस के कार्यक्रम में शामिल होकर राजनीति में महिलाओं की भूमिका को बताया महत्वपूर्ण**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मांडर।** मंगलवार को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की मांडर प्रखंड का भ्रमण किया। इस दौरान विधायक ने सरवा पंचायत के ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सबका हाल चाल लिया। साथ ही सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे जानकारी दी। इस दौरान विधायक ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद कम समय में ही अपने क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं का काम कराया। अभी सरवा पंचायत में विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं की नीव रखने वाली हैं, उसकी जानकारी दी।

विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना, जो समस्या का निपटारा जल्द हो सकता था उसका निदान कराया। साथ ही जिन समस्याओं के निदान में विलंब है उसको निदान कराने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया। विधायक क्षेत्र भ्रमण के दौरान सरवा पंचायत के ग्राम सरवा स्थित एक पीड़िता के घर गयी जो छह महीने से टीबी की बीमारी से ग्रसित थी, उनसे मिलकर उनका इलाज कराने के लिए आवास आने को कहा ताकि आवास से इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जा सके। विधायक ने सरवा पंचायत से निकलने के उपरांत मांडर प्रखंड अंतर्गत मलती एवं टिगोई अम्बाटोली में तालाब जीर्णोद्धार एवं गहरीकरण कार्य का शिलान्यास किया।

मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मंगा उराव, विधायक प्रतिनिधि जमील मल्लिक, टांगरबसली पंचायत अध्यक्ष तस्लीम अंसारी, मलती एवं तिगोई अम्बा टोली पंचायत अध्यक्ष, पार्टी कार्यकर्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

**कार्यक्रम : हटिया विधायक ने नगड़ी प्रखंड में कई विकास कार्यों का किया शिलान्यास, कहा**

# नगड़ी प्रखंड के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित हूं

**बचैया गांव के ग्रामीणों ने सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए विधायक के प्रति जताया आभार**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिस्कानगड़ी।** हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने नगड़ी प्रखंड में कई विकास कार्यों का शिलान्यास किया। नगड़ी प्रखंड के नारों पंचायत अंतर्गत बांध टोली रोड से गोविंद नगर स्थित मछिन्दर महतो के घर तक तीन सौ फीट पीसीसी पथ, नगड़ी पंचायत के महतो टोली में शम्भू महतो के घर से रेल लाइन तक सात सौ फीट पीसीसी पथ एवं साहेर पंचायत के बचेया गांव में सामुदायिक भवन का शिलान्यास शिलापट से कपड़ा हटाकर और नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते विधायक ने कहा नगड़ी प्रखंड के सर्वांगीण विकास के प्रति मैं कृतसंकल्पित हूं। गांव के प्रत्येक गली को पक्की सड़क से जोड़ा जा रहा है। यह पथ क्षेत्र के नगड़ी, चिपरा सहित कई गांवों के किसानों के लिए वरदान साबित होगा। बचैया गांव के ग्रामीणों की मांग आज पूरी हुई। गांव में सामुदायिक भवन का निर्माण हो रहा है, जिससे बचैया गांव के ग्रामीणों में काफी हर्ष है। ग्रामीणों ने हटिया विधायक नवीन जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि केदार महतो, पंसस शीला देवी, साहेर पंचायत मुखिया परदेशिया तिर्की, समाजसेवी बजरंग महतो, पूर्व उप मुखिया रमेश महतो, मंडल अध्यक्ष राकेश केसरी, दिलीप तिर्की, मधुबाला देवी सहित कई लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन चारो मुंडा एवं धन्यवाद ज्ञापन मंगरु मुंडा ने किया। मौके पर रामवरण महतो, अयोध्या महतो, शंभु महतो, राजेश महतो, सुमन महतो, सुनील मुंडा, रवि गोप, पुनित मुंडा, बिरसा मुंडा, मंगल मुंडा, बुध राम मुंडा, शनि मुंडा, शिवा कच्छप, विसनाथ मुंडा, बुखला मुंडा, चामिन देवी, बिगन देवी, नीलम कच्छप, सुमित्रा देवी, पुनम देवी, पवन महतो, विनोद केसरी, पवन महतो सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### रामनवमी जुलूस में शामिल छह अखाड़ा के पदाधिकारियों को किया सम्मानित



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** श्री रामनवमी महोत्सव के समापन पर श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति नामकुम की ओर से रामनवमी अखाड़ा जुलूस में शामिल छह गांव के विभिन्न अखाड़ों के पदाधिकारियों एवं गणमान्य लोगों को सम्मानित किया गया। सम्मानित अखाड़ा समिति में महावीर मंडल कुटियातु, महावीर मंडल चाय बागान, पतरा टोली, महावीर मंडल सदाबहार चौक, महावीर मंडल तेतरी एवं सिदरौल के अध्यक्ष का नाम शामिल है। मौके पर श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति नामकुम के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय समाज में मर्यादा, आदर्श, विनय, विवेक, लोकतांत्रिक मूल्यों और संयम का नाम मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम हैं। वहीं, कार्यक्रम में समिति के अखाड़ा अध्यक्ष अनिल वर्मा एवं उपाध्यक्ष बिक्कू सिंह ने भी संबोधित किया। ज्ञात हो कि रामनवमी पर श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति नामकुम के द्वारा नामकुम बाजार के अखाड़ा में अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिसमें दो दर्जन से अधिक गांव अपनी झांकी के साथ शामिल होते हैं। जिसमें लगभग 20 हजार से अधिक राम भक्त व अखाड़ा समिति के श्रद्धालु शामिल होते हैं। सम्मान समारोह में अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, महासचिव संजीव उर्फ छोटू सिंह, अखाड़ा अध्यक्ष अनिल वर्मा, उपाध्यक्ष बिक्कू सिंह, सीपी शर्मा, रिंकू राय, पवन सिंह, मंटू राय, कृष्ण कुमार, मुन्ना बड़ाईक, दुर्गा साहू, विमल सिन्हा, शारदा देवी, रुपा चौहान, सरोज के साथ अन्य सदस्य शामिल थे।

### पूजा के बाद बजरंग दल जोरार नामकुम अखाड़ा का उतारा गया महावीरी झंडा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** बजरंग दल जोरार नामकुम के अखाड़ा में मंगलवार रात पूजा अर्चना की गयी। हनुमान जी की आरती के बाद महाभोग लगाकर महावीरी झंडा उतारा गया। महाभोग प्रसाद के रूप में खिचड़ी का वितरण किया गया। इस मौके पर बजरंग दल जोरार के सदस्यों ने ढोल-नगाड़ा बजाकर हनुमान जी की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मुख्य रूप से नामकुम नवयुवक संघ जय माता दी क्लब के अध्यक्ष विनोद सिंह शामिल हुये। जिनका बजरंग दल के अध्यक्ष संदीप गोप के द्वारा चुनरी ओढ़ाकर व तलवार देकर भव्य स्वागत किया गया। मौके पर बजरंग दल जोरार के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद्र कनौजिया, अध्यक्ष संदीप गोप, श्याम मुंडा, रंजीत बड़ाईक, ज्ञानी मुंडा, एडमिन सुब्रनो, देवानंद गोप, छोटलू गोप, श्वेत गोप, अनुराग गोप, अभिषेक गोप, बसंत मुंडा, अनूप मुंडा, सुमित थापा, संजीत बड़ाईक, विकास कनौजिया, रंजन मुंडा, सुमित राम, अंशु गोप, विकास गोप, सुनील गोप, सोनू दुबे, प्रदीप गोप, कुलदीप गोप, राजा गोप, तुषार गोप, आर्यन गोप, निशांत गोप के साथ बजरंग दल जोरार नामकुम के अन्य सदस्य शामिल थे।

### ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ग्रेपलिंग चैंपियनशिप 2023 के लिए चयन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वाईबीएन विश्वविद्यालय में मंगलवार को ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ग्रेपलिंग चैंपियनशिप 2023 के लिये चयन ट्रायल हुआ। इस ट्रायल में दोनों पुरुष एवं महिलाओं का चयन हुआ। ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष एवं महिला ग्रेपलिंग प्रतियोगिता का आयोजन मध्यांचल प्रोफेसनल यूनिवर्सिटी में 14 से 18 अप्रैल को होनी है। इस प्रतियोगिता में वाईबीएन विश्वविद्यालय राजाउलातु भी भाग लेने जा रहा है। इसी के मद्देनजर दो दिवसीय 3 और 4 अप्रैल को विश्वविद्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जो ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ग्रेपलिंग चैंपियनशिप 2023 में भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों के बालक वर्ग से 50 किलो अभिषेक कुमार, मनीष, 54 किलो रुपेश, रितेश महतो, 62 किलो अनुज खलखो, मयंक कुमार, 66 किलो विवेक, रोहित चंद्र महतो, 71 किलो आदित्य कुमार साहू, 84 किलो करन कुमार यादव, 92 किलो शिवम सिंह एवं बालिका वर्ग 45 किलो सबिता कुमारी, लीलावती कुमारी, 53 किलो निकिता कुमारी, 64 किलो कलावती कुमारी, 71 किलो रीता सुरीन शामिल हैं। प्रतियोगिता समापन समारोह में विश्वविद्यालय के प्रो. चांसलर रामजी यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुये एवं अतिथि के रूप में वाईबीएन विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, कुलपति प्रो डॉ एसपी यादव, एचआर निदेशक अरविन्द कुमार, डीएसडब्लू डॉ अर्पणा शर्मा, डॉ एसके सिंह, झारखंड ग्रेपलिंग संघ के अध्यक्ष प्रवीण कुमार, खेल प्रशासक परमेश्वर महतो, स्पोर्ट्स ट्रेनर प्रेमी टोपनो आदि लोग उपस्थित थे।

### धोड़धोड़ा धाम में रामनवमी के छठी महोत्सव पर अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता सह मेला का आयोजन



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** बुढ़मू तथा कांके प्रखंड के सीमांत में अवस्थित ऐतिहासिक धोड़धोड़ा धाम में रामनवमी के छठी महोत्सव के अवसर पर मंगलवार को अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता सह मेला का आयोजन किया गया। मेला का उदघाटन मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, विधायक समरीलाल, थाना प्रभारी कृष्णा कुमार, आजसू के कार्यकारी जिलाध्यक्ष हकीम अंसारी, समाजसेवी चित्तरंजन कुमार, भाजपा के वरीय नेता अनिल टाइगर, मुखिया दशरथ उरांव, संजय पटेल ने किया। मौके पर पूर्व सांसद ने कहा कि हमसबों को भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलने की जरूरत है। वहीं विधायक ने धोड़धोड़ा धाम में अपने कोष से विवाह मंडप बनवाने की घोषणा की। मेला में दर्जनों अखाड़ेधारी शामिल हुए। अखाड़ेधारियों ने देर शाम तक करतब दिखाया। समिति द्वारा सभी अखाड़ेधारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष सीटू मुंडा,सचिव जगरनाथ महतो,राजेंद्र महतो,मिथलेश साहु, मोतीराम महतो आदि की सराहनीय भूमिका रही।

# राजेश चौरसिया बने मेदिनीनगर महानगर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पलामू की सांगठनिक ढांचा को सशक्त बनाने की दिशा में कारगर कदम उठाया है। इसी कड़ी में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देश के आलोक में राजेश चौरसिया को पलामू जिला के मेदिनीनगर महानगर कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। इस संबध में कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अमूल्य नीरज खलखो ने पत्र निर्गत किया है।बताया जाता है कि राजेश चौरसिया पिछले 15 वर्षों से जमीनी कार्यकर्ता के रूप में राजनीति में सक्रिय हैं। इससे पहले वे पांच वर्ष तक युवा कांग्रेस के डाल्टनगंज विधानसभा अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष के पद पर रहकर सांगठनिक मजबूती एवं पार्टी हित सक्रिय रूप से काम किया। उनके पार्टी के प्रति निष्ठा,समर्पण भाव, राजनीतिक एवं सांगठनिक अनुभव को देखते हुए कांग्रेस कमेटी के महानगर अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपा गया है। महानगर अध्यक्ष की कमान मिलने के बाद राजेश चौरसिया ने कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर,जिला प्रभारी विनय सिन्हा,जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक के प्रति आभार जताया।उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जिस उम्मीद से उन्हें जिम्मेवारी सौंपा है,उसपर वह खरा उतरने का प्रयास करेंगे।जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में कांग्रेस की सशक्त संगठन बनाया जायेगा और पार्टी के नीति सिद्धांतो से आम जनता को अवगत कराया जायेगा।

## अरण्य वाणी पत्रिका के अप्रैल अंक का किया गया विमोचन

# पत्रिका समाज की दर्पण होती है: अविनाश

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** बायपास रोड जेएमपी कॉम्प्लेक्स के दृश्यम शैक्षणिक संस्थान में मासिक पत्रिका अरण्य वाणी के अप्रैल अंक का विमोचन किया गया। विमोचन करने वालों में बतौर मुख्य अतिथि अविनाश देव, पत्रिका के संपादक विनोद सागर, संपादन सहयोगी प्रो. डां आलोक रंजन कुमार, दृश्यम संस्थान के निदेशक प्रवीण दुबे, प्रवीण पाठक, प्रखर समाजसेवी ललन प्रजापति, नवनीत दुबे, डा. विकास शर्मा, कौशल पटेल, पंकज निराला, पीयूष सर, अजीम सर, अच्छेलाल प्रजापति, कनक पांडेय, ज्योति वंदना, अफरीना खान आदि ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद सागर ने की। वहीं मंच संचालन ललन प्रजापति ने किया। मौके पर अविनाश देव ने कहा कि पत्रिका समाज का दर्पण होती है और यह सच्चाई अरण्य वाणी में साफ तौर पर झलकती है। उन्होंने कहा कि विनोद सागर के संपादन में जहां पत्रिका देश स्तर पर सकारात्मक पैठ बना चुकी है, वहीं अरण्य वाणी की बदौलत पलामू का साहित्यिक गौरव भी प्रबल हुआ है। मौके पर दृश्यम संस्थान के निदेशक प्रवीण दुबे ने कहा कि हमें अपार खुशी हो रही है कि हमारे शैक्षणिक संस्थान में अरण्य वाणी का विमोचन हो रहा है। निःसंदेह शिक्षा और साहित्य के मिलन से समाज में एक नई क्रांति होगी। धन्यवाद ज्ञापन अजीम सर ने किया।

### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

इस मौके पर अंशु प्रिया, श्रेया कुमारी, मीमांशा मिस्ट्री, रुपा कुमारी, प्रिया पांडेय, मुस्कान कुमारी, शृंखला, रिजवान कुरैशी, अभिषेक कुमार मेहता, कलश अखौरी आदि ने सराहनीय भूमिका अदा की।

# विकलांग संघ की हुई बैठक कमेटी का किया गया विस्तार



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** विकलांग संघ के पलामू जिला के निर्देश पर हुसैनाबाद प्रखंड परिसर में स्थानीय इकाई की बैठक हुई। जिसमें संघ का विस्तार किया गया। बैठक की अध्यक्षता गणेश प्रजापति ने की।मुख्य रूप से पलामू विकलांग संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार कुशवाहा मौजूद थे।सर्वसम्मति से हुसैनाबाद प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमे विंध्याचल सिंह को अध्यक्ष, राजू चौहान को उपाध्यक्ष, संतोष कुमार पासवान की सचिव, संतोष कुमार गुप्ता व नसीम अंसारी को सह सचिव, उमेश राम को कोषाध्यक्ष, संतोष सिंह को उपकोषाध्यक्ष, रामजीत पाल को मीडिया प्रभारी, नजारे आलम को उप मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये संघ के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि प्रखंड कमेटी की सक्रियता से विकलांग भाई बहन संगठित होंगे। हमे अपने हक व अधिकार के लिये संगठन की मजबूती जरूरी है। संघ के सचिव रामपुकार सिंह ने सरकार द्वारा विकलांगो को दी जा रही लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कहा कि विकलांग भाइयों बहनों को को एक दूसरे की सुख दुख में साथ रहना चाहिए। हम सबों में आपसी तालमेल अति जरूरी है।मौके पर मुख्य रूप से राम पुकार सिंह, कोषाध्यक्ष उमेश कुमार मेहता, बीरबल यादव, राजेंद्र चौधरी, मुकेश कुमार मेहता, इंदु उरांव, अकील अजहर, आशा देवी, सीता देवी आदि मौजूद थे।

# परशुराम सेना गांवों का कर रही भ्रमण



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के पदाधिकारियों की टीम भगवान परशुराम के जनमोत्सव की तैयारी के लिए गांव का रुख ले रही है। इसी क्रम में प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में युवा वाहिनी रविवार को पांकी विधानसभा क्षेत्र में पहुंचा। सर्वप्रथम युवा वाहिनी ग्राम बलियारी में आयोजित श्रीराम चरित मानस नवाह परायण यज्ञ में पहूँच कर मत्था टेका।इस दौरान इस पंचायत के मुखिया पायनियर पांडेय ने युवा वाहिनी के पदाधिकारियों का स्वागत किया। मुखिया पायनियर पांडेय नें भगवान परशुराम के जन्मोत्सव समारोह में अपनी पूर्ण भागेदारी के लिए युवा वाहिनी को आश्वसत किया। युवा वाहिनी की टीम इसके बाद जामुनडीह पंचायत पहुंच कर मुखिया कृष्णकांत चौबे के नेतृत्व जामुनडीह के परशुराम वंशजों के साथ बैठक की। बैठक में युवा वाहिनी के द्वारा भगवान परशुराम के जन्मोत्सव में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई। बैठक में जामुनडीह के निर्मल तिवारी,दिलीप तिवारी, बालकेश तिवारी,जितेंद्र तिवारी, बसंत तिवारी, वशिष्ठ तिवारी,नरेंद्र तिवारी, सहित युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी, प्रदेश अनुशासन प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संतोष तिवारी,प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज, प्रमंडलीय संरक्षक राकेश पांडेय, प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय, जिला संगठन मंत्री राजा पांडेय, प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी व जिला उपाध्यक्ष विक्रांत त्रिपाठी सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## पाटन और पांकी में अवैध लकड़ी तस्करी के विरुद्ध वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

# पांकी में 78 पीस अवैध लकड़ी को किया जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पाटन व पांकी में सोमवार देर रात को वन विभाग द्वारा लकड़ी तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गयी है। इस संबंध में पलामू के वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ल ने बताया कि उन्हें पाटन व पांकी में अवैध खैर की लकड़ी के परिवहन के संबंध में गुप्त सूचना मिली थी जिसके पश्चात कुन्द्री वन प्रक्षेत्र के वन क्षेत्रीय पदाधिकारी संजीव कुमार चौधरी के नेतृत्व में दो अलग-अलग दल का गठन कर तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई की गयी। बकौल डीएफओ पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम भुड़वा-नावाडीह में 3 अप्रैल की रात्रि 11 बजे लकड़ी तस्करों द्वारा 35 टन अवैध खैर की लकड़ी छुपाकर परिवहन की तैयारी की जा रही थी इस दौरान वन विभाग की टीम को अपनी ओर आता देख अपराधी काष्ठों को छोड़कर अंधेरे का लाभ उठाकर अपने वाहन से फरार हो गए। वहीं मौके से छिले हुए अवैध खैर के कई लॉट को बरामद किया गया। जांच के क्रम में अभियुक्त संजय पासवान के घर से छिला हुआ खैर का छिलका भी बरामद किया गया। सभीकाष्ठों को जप्त कर पाटन वन क्षेत्र कार्यालय में लाया गया। इस दौरान पूरी कार्रवाई में पाटन थाना प्रभारी गुलशन गौरव एवं वन विभाग के वनपाल तथा वनरक्षी मौजूद रहे। वहीं दूसरी कार्रवाई पांकी के हरलौंग में की गया यहां 4 अप्रैल की सुबह 3 बजे कुन्द्री वन प्रक्षेत्र के वन क्षेत्रीय पदाधिकारी संजीव कुमार चौधरी के नेतृत्व में 78 पीस अवैध काष्ठों के जब्ती की कार्रवाई की गयी।मौके पर पांकी थाना प्रभारी रंजीत समेत वन विभाग के अन्य पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

# रंजीत पासवान बने कांग्रेस के नगर अध्यक्ष, लोगों ने दी बधाई

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद के कुर्मी टोला निवासी रंजीत पासवान को हुसैनाबाद कांग्रेस का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कांग्रेस के महासचिव अमूल्य नीरज खलखो ने झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के द्वारा रंजीत पासवान को हुसैनाबाद कांग्रेस का नगर अध्यक्ष नियुक्त करने का पत्र जारी किया है।कांग्रेस के वरीय युवा नेता सह जिला सचिव धनंजय कुमार तिवारी ने रंजीत पासवान को नगर का कांग्रेस अध्यक्ष बनने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को इससे मजबूती मिलेगी।नगर अध्यक्ष रंजीत पासवान ने कहा कि हुसैनाबाद नगर क्षेत्र मे कांग्रेस पार्टी के नीति व सिद्धान्तों से आम अवाम को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ना हमारी प्राथमिकता होगी।साथ ही कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष नवल किशोर पाठक,मशरुर अहमद,प्रखंड अध्यक्ष लल्लू सिंह,शम्भू सिंह,गुप्तेश्वर तिवारी,रघुराई यादव,भरत भूषण पाल,प्रवीण तिवारी,उमेश तिवारी, आदि ने भी उन्हें कांग्रेस का नगर अध्यक्ष बनाने पर बधाई दी है।

# हुसैनाबाद के सरकारी अस्पतालों में एंटी रेबीज वैक्सीन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध: विधायक

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** विधान सभा क्षेत्र में एंटी रेबीज वैक्सीन की किल्लत को लेकर विधायक कमलेश कुमार सिंह से लगातार ग्रामीणों ने शिकायत कर उपलब्ध कराने की मांग की थी। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि लगातार शिकायत मिलने के बाद उन्होंने पलामू के सिविल सर्जन को अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद समेत सभी सरकारी अस्पतालों में एंटी रेबीज वैक्सीन उपलब्ध कराने की मांग की थी। विधायक श्री सिंह ने बताया कि अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद के उपाधीक्षक डा दीपक कुमार श्रीवास्तव ने उन्हे जानकारी दी की अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद समेत सभी कोल्ड स्टोरेज की सुविधा वाले स्वास्थ्य केंद्रों को वैक्सीन उपलब्ध हो गई है। उन्होंने बताया कि जिन मरीजों को एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाने की आवश्यकता है,वह सरकारी अस्पताल में वैक्सीन लगवा सकते हैं।

# रामधनी चौधरी ने अग्रणी स्वतंत्रता सेनानियों के साथ मिल कर अंग्रेजों से लोहा लिया था : धनवंत चौधरी



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** 26 मई को स्वतंत्रता सेनानी सत्यानंद स्वामी उर्फ रामधनी चौधरी के पैतृक गांव सुठा में उनके प्रतिमा को लगाने व शहादत दिवश मनाने को लेकर मंगलवार को समाजसेवी सह कार्यक्रम के अध्यक्ष धनवंत चौधरी, रमेश चौधरी,विनोद सिंह, लालबाबू चौहान ने पोलपोल, लहलहे, खामडीह, सतबरवा में गणमान्य लोगों से संपर्क कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। अध्यक्ष धनवंत चौधरी ने बताया कि जब भारत देश को आजाद कराने को लेकर पूरे देश में आंदोलन हो रहा था, तब वे बहुत सारा धन घर से लेकर बनारस चले गये और नाम बदल कर रामदेनी चौधरी ने सत्यानंद स्वामी का नाम रख कर देश के अग्रणी स्वतंत्रता सेनानियों के साथ मिल कर अंग्रेजों से लोहा लिया। इसी दौरान वे अंग्रेजों द्वारा पकड़े लिए गए। जिसे 26 मई 1934 को अंग्रेजों द्वारा फांसी दे दी गई थी। चौधरी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करें।

## बालू की किल्लत को लेकर किसान ब्रिगेड ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

# यथाशीघ्र बालू घाट को खोला जाये नहीं तो होगा आंदोलन: कर्नल संजय

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** किसान ब्रिगेड के पांच सदस्यीय कमिटी ने ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल संजय सिंह के नेतृत्व में पलामू उपायुक्त से मिलकर एक ज्ञापन के माध्यम से हुसैनाबाद हरिहरगंज, मोहम्मदगंज, हैदरनगर एवं पीपरा प्रखंड में बालू सुलभ रूप से उपलब्ध कराने की मांग की है।साथ ही क्षेत्र में स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास को बनवाने तथा क्षेत्र में सभी सरकारी विकास कार्य जैसे सड़क और भवन निर्माण इत्यादि हेतु देवरी, बड़ेपुर, बराही, दंगवार इत्यादि सोन नदी का बालू घाट को चालू करने का आग्रह किया है। कर्नल संजय सिंह ने कहा कि हजारों प्रधान मंत्री आवास योजना के लाभुक बालू के अभाव में निर्माण कार्य पूर्ण नही करा पा रहे हैं। क्षेत्र में सभी सरकारी विकास कार्य बिलकुल ही नहीं हो पा रहा है या यदि हो भी रहा हैं तो निम्न स्तरीय बालू का प्रयोग किया जा रहा है। जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता बहुत कमजोर हो रही है। हालांकि दो वर्ष पूर्व तक इस क्षेत्र का बालू विभिन्न माध्यम द्वारा बाहर भेजा गया है परंतु अभी एकाएक इस पर रोक लगाने की वजह से बालू की कालाबजारी वजह से इसकी कीमत में आशातीत बढ़ोतरी हो गई है, जो गरीब किसान के पहुंच के बाहर है। किसान ब्रिगेड ने पंद्रह दिनों के अंदर बालू उपलब्ध नहीं कराने पर आंदोलन की चेतावनी दिया है। जिस पर उपायुक्त ने यथाशीघ्र उपर्युक्त कार्यों के लिए बालू मुहैय्या कराने का आश्वासन दिया। किसान ब्रिगेड समिति में अजय सिंह, हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष लालधन ठाकुर, सतनारायण पाल, सुदेश प्रजापति, मनोहर सिंह सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



आइपीएल में सोमवार रात को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 12 रन से जीतने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान एमएस धोनी ने अपनी ही टीम के गेंदबाजों को चेतावनी दी है।

## कैप्टन कूल ने दी चेन्नई सुपर किंग्स के बॉलर्स को चेतावनी: कहा

# वाइड-नो बॉल मत फेंको, वर्ना नये कप्तान के साथ खेलने को तैयार रहना

आजाद सिपाही संवाददाता



**चेन्नई।** आइपीएल में सोमवार रात को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 12 रन से जीतने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान एमएस धोनी ने अपनी ही टीम के गेंदबाजों को चेतावनी दी है। मैच के बाद प्रेजेंटेशन के दौरान धोनी ने कहा कि हमें तेज गेंदबाजी में सुधार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सामने वाली टीम क्या कर रही है, यह भी देखना महत्वपूर्ण है। जरूरी है कि टीम के प्लेयर नो बॉल नहीं डालें और वाइड बॉल कम करें। हम एक्स्ट्रा रन बहुत ज्यादा दे रहे हैं। अगर ऐसा ही चलता रहा तो मेरी दूसरी चेतावनी होगी और उसके बाद टीम को नए कप्तान के साथ खेलना होगा।

### विकेट देखकर सरप्राइज हूं: धोनी

धोनी बोले- चेपॉक स्टेडियम की पिच देख कर मैं हैरान हूं। उन्हें लगा कि मैच कम रन का होगा, लेकिन मैच हाइ स्कोरिंग रहा। 5 या 6 साल में पहली बार मैदान खचाखच भरा हुआ था। आगे देखना होगा कि विकेट कैसा रहेगा।कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने आखिरी ओवर फेंक रहे मार्क वुड की बॉल पर लगातार दो छक्के जड़े। पहली पारी में उरङ के कप्तान धोनी ने 2 गगनचुंबी छक्के लगाये। उन्होंने पारी के 20वें ओवर में मार्क वुड की दूसरी बॉल पर डीप पॉइंट और तीसरी बॉल पर स्क्वेयर लेग की दिशा में छक्का लगाया। वे अगली ही गेंद पर आउट हो गए। इसके साथ ही धोनी आइपीएल मैच के आखिरी ओवर में सबसे ज्यादा छक्के मारने वाले बल्लेबाज बन गए।

### धोनी के 5,000 आइपीएल रन पूरे

महेंद्र सिंह धोनी ने चेपॉक में 3 बॉल पर 2 छक्कों की मदद से 12 रन बनाए। इसके साथ ही उनके कढछ में 5,000 रन भी हो गये। वह ऐसा करने वाले 5वें भारतीय और ओवरऑल 7वें खिलाड़ी बने। धोनी ने इसके लिए 237 मैच लिए। धोनी ने अपनी पारी में दोनों छक्के 20वें ओवर में ही लगाए। आइपीएल के 20वें ओवर में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों में वे पहले नंबर पर हैं। उनके नाम कुल 55 छक्के हैं। धोनी के बाद कायरन पोलार्ड के नाम 33, रवींद्र जडेजा के नाम 26 और हार्दिक पंड्या के नाम 25 छक्के हैं। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित 23 छक्कों के साथ इस लिस्ट में पांचवें नंबर पर हैं।

### चेन्नई 4 साल बाद होम ग्राउंड पर खेली

चेन्नई सुपर किंग्स करीब चार साल बाद अपने होम ग्राउंड चेपॉक पर खेल रही थी। यहां यलो आर्मी ने पिछले 22 मैचों में 19वीं जीत हासिल की है। इस जीत के साथ ही हेड टु हेड में चेन्नई की टीम लखनऊ की बराबरी पर आ गई है। यह दोनों के बीच दूसरा मैच था। पहला मैच लखनऊ ने जीता था। लखनऊ ने टॉस जीता और गेंदबाजी को चुना। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 217 रन बनाए। टीम ने कढछ में 24वीं बार 200+ का स्कोर बनाने का कारनामा भी किया। जवाब में लखनऊ के बैटर्स 20 ओवर में 7 विकेट पर 205 रन ही बना सके।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 05 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in
11

## प्रबंधन सकारात्मक पहल नहीं करता है तब तक पाइपलाइन परियोजना को प्रारंभ नहीं होने दिया जायेगा: मंटू यादव



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो परिसदन में झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा बोकारो जिलाध्यक्ष हीरालाल मांझी एवं महानगर अध्यक्ष मंटू यादव के संयुक्त रूप से उत्तरी विस्थापित क्षेत्र के ग्राम पंचोरा में बीएसएल द्वारा किये जा रहे पाइपलाइन जल परियोजना कार्य के संबंध में एक प्रेस वार्ता किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी ने कहा कि विगत 3 वर्ष पूर्व से बीएसएल के द्वारा दामोदर नदी से जबरन पानी पाइपलाइन का काम किया जा रहा है। जिसको लेकर स्थानीय रैयत विस्थापित ग्रामीणों द्वारा अपने हक-अधिकार, मुआवजा, नियोजन, पुनर्वास एवं अन्य मांगों को लेकर लगातार विरोध करते आये हैं बीएसएल द्वारा कार्य शुरूआत के पश्चात ही रैयत ग्रामीणों द्वारा अपने मांगो को लेकर पाइपलाइन का कार्य बंद कराने का काम किया हैं जिसकी लिखित सूचना प्रबंधन एवं जिला प्रशासन को दी गयी थी। परंतु प्रबंधन द्वारा लगातार जिला प्रशासन के बल पर कार्य को चलाने का प्रयास किया जाता रहा है। झामुमो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आसपास के प्रभावित रैयत विस्थापित ग्रामीणों द्वारा मोर्चा का गठन कर कार्यस्थल पर कार्य को बंद कराते हुए विगत 14 महीनों से अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा है। इतने महीने बीत जाने पर भी प्रबंधन द्वारा किसी प्रकार का कोई सकारात्मक वार्ता का पहल नही किया गया। झारखंड मुक्ति मोर्चा परिणाम तक इस लड़ाई को लड़ेगी प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य हसन अंसारी, बोकारो महानगर सचिव फिरदोस अंसारी, महानगर कोषाध्यक्ष मिथुन मंडल, मुटुक लाल, किस्कू चंदू सिंह मुंडा, गजेंद्र बेसरा, काली बेसरा, उत्तम डे, आलम अंसारी, अब्दुल अंसारी, जितेंद्र किस्कू, धनेश तूरी, इंदर केवट, राम प्रसाद केवट, मिनहाज अंसारी, आजाद अंसारी, फयाज आलम, मानिक डे, मनोज दास, धीरन मंडल, संतोष सोरेन, सुशांत मुंडा, नंदकिशोर बेसरा, वीरेंद्र मरांडी, करण मांझी, विमल सोरेन, गंगू केवट, उदय गोस्वामी, राजकुमार सोरेन, चंद्र सिंह मुंडा, अभिमन्यु मांझी, महिला नेत्री शांति सोरेन, जगदीश मरांडी, नोबी हेंब्रम, भीमसेन सोरेन के मंडल लालमोहन हेंब्रम, टीपी महतो, अर्जुन महतो, विनोद महतो, बद्री स्वर्णकार मौजूद थे।

## आकाशकिनारी में ऑल ड्राइवर कल्याण संघ धनबाद ने किया सभा का आयोजन

**तेतुलमारी/कतरास (आजाद सिपाही)।** आकाशकिनारी कांटा घर के निकट मंगलवार को ऑल ड्राइवर कल्याण संघ धनबाद के तत्वावधान में एक आम सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता एमडी मेहंदी तथा संचालन घनश्याम मंडल ने किया। सभा को संबोधित करते हुए संघ के प्रदेश अध्यक्ष रामअवतार सिंह ने कहा कि देश के विकास में चालकों की भूमिका अहम होती है, श्री सिंह ने चालकों के हक और अधिकार की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार हमारे साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। जबकि चालक पर्व त्योहारों में घर परिवार को छोड़कर दूसरे की सेवा देते है। विकट परिस्थिति में जरूरी समान एक जगह से दूसरी जगह तक पहुंचाता है। उन्होंने सरकार से ड्राइवर दिवस,पेंशन योजना,ड्राइवर आवास योजना तथा ड्राइवर आयोग बनाने की मांग की। मौके पर जिला सचिव सुभाष कुमार, जिला संघ प्रचारक चंदन नियोगी, घनश्याम मंडल, राजनाथ यादव,अवधेश राम, विजय यादव, रविंद्र यादव,विकास यादव,राजू यादव,रमेश दास, वीरा कुमार,विकास सिंह,कमलेश यादव,शंकर रजवार आदि उपस्थित थे।

## शहीद रघुनाथ महतो पार्क के लिए फर्जी तरीके से बनाया जमीन आवंटन पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग के परियोजना निदेशक, सुधीर कुमार ने महुदा थाना में सांसद प्रतिनिधि नरेश महतो पर फर्जी तरीके से स्वीकृति पत्र तैयार करने के संबंध में एफआइआर दर्ज करने को लेकर शिकायत दी हैं। आवेदन पर महुदा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया हैं। दिये गये आवेदन में कहा गया हैं कि नरेश महतो एवं अन्य शहीद रघुनाथ महतो स्मारक समिती द्वारा पत्र संख्या 2/2023 दिनांक 28/01/2023 के माध्यम से लोहापट्टी, तेलमोचो दामोदर नदी पुल के सामने रक्षा दल से लेकर दामोदर नदी किनारे तक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा एनएच-32 परियोजना हेतु ग्रहित जमीन को शहीद रघुनाथ महतो पार्क के लिए आवंटित करने के लिए आवेदन दिया था। उक्त आवेदन के आलोक में इस कार्यालय द्वारा पत्र संख्या 1347 दिनांक 30/01/2023 (पत्र की छाया प्रतिग्न) से नरेश महतो को अवगत कराया गया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण में इस तरह का कोई प्रावधान नहीं है। उनके प्रस्ताव पर इस कार्यालय द्वारा कोई विचार नहीं किया जा सकता है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण परियोजना निदेशक, धनबाद के पत्र दिनांक 30/01/2023 को विकृत करते हुए दिनांक 23/03/2023 को फर्जी पत्र तैयार किया गया जिसमें यह उल्लेख किया गया कि उक्त स्थान को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा आवंटित किया जाता है, जो कि सरासर गलत है एवं कानूनन अपराध है। बताते चले कि शहीद रघुनाथ महतो स्मारक समिति के द्वारा रघुनाथ महतो पार्क का नामांकरण समारोह दिनांक 05/04/2023 बुधवार को प्रातः 8 बजे करने के लिए आमंत्रण पत्र भी वितरित किया गया।

### राज्य के कइ जिलों से हो रहा लोगों का जुटान

बताते चले कि शहीद के नाम पार्क का अनावरण एवं श्रद्धांजलि सभा को लेकर मगलवार संध्या से ही महुदा क्षेत्र के अलावा झारखंड राज्य के कई जिलों से लोगो का भारी जुटान होना शुरू हो चुका हैं। जिससे दोनों समितियों के बीच टकराव की संभावना जतायी जा सकती हैं। ऐसे में कल अनावरण कार्यक्रम होने से स्थानीय प्रशासन के बीच विधि व्यवस्था कायम करना एक बड़ी चुनौती रहेगी।

### आमंत्रण पत्र देख निदेशक ने दर्ज कराया मामला

राष्ट्रीय राजमार्ग के परियोजना निदेशक, सुधीर कुमार ने रघुनाथ महतो पार्क का नामांकरण समारोह दिनांक 05/04/2023 बुधवार को प्रातः 8 बजे करने का आमंत्रण पत्र वितरण को देखने के बाद कहा कि धनबाद के पत्र दिनांक 30/01/2023 को विकृत करते हुए दिनांक 23/03/2023 को फर्जी पत्र तैयार किया गया जिसमें यह उल्लेख किया गया कि उक्त स्थान को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा आवंटित किया जाता है, जो कि सरासर गलत है एवं कानूनन अपराध है। जिसको लेकर हमने महुदा थाना के साथ-साथ जिला प्रशासन को भी पत्र स्त्र कर इस मामले पर कारवाई करने का आग्रह किया हैं।

### तलवार चले या गोली, पार्क का अनावरण होकर रहेगा

शहीद रघुनाथ महतो समिती के सदस्य गिरधारी महतो ने कहा चाहे तलवार चले या गोली शहीद के नाम का पार्क का अनावरण व श्रद्धांजलि सभा हो कर ही रहेगा।

# तेतुलमारी के अजीत इंडस्ट्रीज में अपराधियों ने बोला धावा, लाखों के पाट्र्स लूटे

**तेतुलमारी/कतरास (आजाद सिपाही)।** तेतुलमारी शक्ति चौक के समीप स्थित अजीत कारबोनाइजेशन इंडस्ट्रीज में अपराधियों ने धावा बोल कंपनी के तीन सुरक्षा प्रहरी को बंधक बना कमरे बंद कर कंपनी परिसर में लगें 200 केवी के ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त कर उसमें लगे तांम्बे पितल के क्वाइल को काटकर अपने साथ ले गये। ट्रांसफॉर्मर का क्वाइल चोरी चले जाने से आस पास के इलाकों में अंधेरा पसर गया। अपराधी करीब दो घंटे तक उत्पात मचाते रहे। इस दौरान अपराधियों ने सुरक्षा प्रहरी के कमरे से अटैची तोड़ नगदी चार हजार एवं एक प्रहरी के पैकेट से आठ सौ रुपए निकाल लिया। अपराधी प्रहरी द्वारा पालन किये गये मुर्गा सहित राशन कि समाग्री भी ले कर चलते बने।अपराधी कंपनी के बाउंड्रीवाल तोड़ कर आये थे और उसी रास्ते सभी समानो को लेकर आराम से निकल गये। रात्रि में ही प्रहरीयों ने कंपनी के मुंशी अनुप भारती को दुरभाष पर घटना कि सूचना दिया।



### गस्ती दल ने घटना की ली जानकारी

घटना कि सूचना पर रात्रि में ही तेतुलमारी थाना की गस्ती दल मौके पर छानबीन कर प्रहरीयों से घटना की जानकारी ली। बंधक बने सुरक्षा प्रहरी नागेश्वर सिंह, लग्न महतो एवं प्रकाश यादव ने बताया कि सोमवार कि रात करीब 1.20 में हमलोग कंपनी का राउंड मार कर मुख्य द्वार के पास जैसे ही पंहुच मोबाइल चार्ज करनें के लिए कमरे के अंदर गये, तभी 25 से 30 की संख्या में अपराधियों का एक दल अपनी मुंह में गमछा बांधे हाथों में हथियार लिये आ धमके, हमलोग कुछ करते तभी उन्होंने हथियार का भय दिखाकर मोबाइल छीन हमें कुछ लोग अपने कब्जे में लेकर वंही कमरे में बंद कर दिया। उसके बाद अपराधी ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त कर उसका तेल बहा दिया, उसके बाद उनलोगों ने लाइटिंग के अलावा अन्य कार्य में लगे केबल को छतिग्रस्त कर ट्रांसफॉर्मर में लगे कोपर क्वाइल कमरे में रखे अटैची तोड़ नगदी एवं मुर्गा, मुर्गी सहित कुछ रासन कि समान लेकर चलते बने। करीब दो से ढाई घंटे बाद हिम्मत जुटा कमरे के पीछे के दरवाजा से बाहर निकल कर देखा तो अपराधी जिस रास्ते आये थे,उसी रास्ते जा रहे हैं। तब हमलोग कि निगाह अपने मोबाइल पर पड़ी तत्काल फोन कर घटना कि सुचना आसपास के लोगों के साथ साथ कंपनी के अधिकारियों को दिया। कुछ देर बाद तेतुलमारी थाना कि गस्ती दल मौके पर पंहुची,तब तक अपराधी रफू चक्कर हो चुके थे।

सभी अपराधी 25 से 30 वर्ष के उम्र के थे। सभी खोरठा भाषा में बातचीत आपस मे कर रहे थे। घटना कि सुचना पाकर मौके पर पहुंचे बिजली विभाग के जेई सोनू सामद ने बताया कि 200 केबी का ट्रांसफार्मर यंहा लगा हुआ था। जिससे केसियर कंपनी के पास करीब 30,40 घरों एवं कुछ ईंट भट्ठे का बिजली उक्त ट्रांसफार्मर से सुचारू था। अपराधी करीब पांच लाख से अधिक का संपत्ति चुरा ले गये हैं। उन्होंने तेतुलमारी पुलिस को अज्ञात लोगों पर ट्रांसफार्मर चोर लिखित शिकायत देकर उचित कार्रवाई की मांग किया है।

### कोर्ट रोड में चला निगम का बुलडोजर

# सड़क किनारे लगी दुकानों को हटाया





आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मंगलवार को कोर्ट रोड में सड़क किनारे लगे दुकानों पर नगर निगम का बुलडोजर चला। रणधीर वर्मा चौक से लेकर डीआरएम चौक तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जिसके जद में सैकड़ो फुटपाथ दुकानदार आये। बताया गया कि व्यस्तम मार्ग होने की वजह से पूरा दिन यहां गाड़ियों का आने जाने का सिलसिला जारी रहता है और सड़क किनारे फुटपाथ पर दुकानदारो द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर कब्जा जमा लिया जाता है जिस कारण सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है और जाम की समस्या उतपन्न हो जाती है। अतिक्रमणकारियों को पहले से से नोटिस दे दिया गया था इसके पश्चात आज यह अभियान चलाया गया है। और आगे भी इस तरह का अभियान चलता रहेगा। साथ उक्त मार्ग में कोर्ट, पुलिस मुख्यालय, समाहरणालय, जेल, रजिस्ट्री कार्यालय, सहित कई प्रमुख कार्यलय है जिस कारण पुरे दिन उक्त मार्ग व्यस्त रहता है।

## बंद आवास का ताला तोड़ कर लाखों की चोरी, नहीं पहुंची पुलिस

**बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)।** बाघमारा थाना क्षेत्र के डुमरा मुखिया टोला नेताजी सुभाष विद्या मंदिर के पीछे किराये के मकान में रहने वाले हेमंत कुमार घोष के बंद आवास का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों की संपत्ति चुरा ली। इस संबंध में बाघमारा थाना में दिए अपने आवेदन में पीड़ित ने कहा है कि वे अपने पुत्र के पास किसी कार्य से खड़गपुर गए थे। इसी बीच उनके आवास में चोरी कि घटना हो गई। आवास में रखे आलमारी का ताला तोड़कर चोरों ने उसमें रखा कीमती सामान चुरा लिया। चोरी गए सामानों में सोने का दो चेन,सोने का मंगलसूत्र का लॉकेट,पोला चूड़ी सोना चढा हुआ तीन पीस, सोने का अंगूठी दो पीस, चांदी का सिक्का 12 पीस, चांदी का काडा चार व अन्य छोटे छोटे चांदी का सम्मान चोरों ने चोरी कर लिया है। हेमंत कुमार घोष ने बताया की मकान मालिक प्रकाश महतो ने फोन पर उन्हे बताया की आपके घर का ताला टूटा हुआ है। जब मंगलवार की शाम को खड़गपुर से आया तो देखा की चोरो ने मेरे घर का पांच ताले तोड़कर सभी कमरे की सम्मान इधर-उधर बिखेर दिया है और दो आलमारी तथा दिवान पलंग का ताला तोड़कर चोरी कर लिया है। खबर लिखे जाने तक बाघमारा पुलिस घटनास्थल पर नहीं पहुंची थी।

### झकोबस ने जाना रजवार बस्ती का मर्म

# समस्याओं को उच्च अधिकारियों के समक्ष रखने को लेकर किया आश्वस्त

**झरिया (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को झरिया कोल्ड फिल्ड बचाओ समिति की एक टीम अतिअग्नि प्रभावित क्षेत्र दोबारी के रजवार बस्ती पहुंची और वहां रह रहे रैयतों का हाल जाना। यहां नरकीय स्तिथि के बीच आग के शोलों पर रह रहे लोगों को देख टीम दंग रह गई। घरों की फटी दीवारें, हर घर में होता गैस रिसाव, चंद कदमों की दूरी पर ओपनकास्ट फायर परियोजना इन सब के लोगो का जीवन स्तर काफी करूणामय। टीम द्वारा जब स्थानीय लोगो से बेलगड़िया जाने के बाबत पूछा गया तो उन्होंने



कहा कि बेलगड़िया जाने के बाद परिवार का भरण-पोषण कैसे करेगे। लोगों ने बताया कि वे रैयत है सरकार हमें नौकरी और मुआवजा दे। बस्ती के लोगों का कहना है कि वे 1992 से इसी प्रकार नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं कोई उनकी सुधि लेने वाला नहीं है। अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है। लोगों ने मांग करते हुए कहा कि उन्हें आसपास बीसीसीएल के क्वार्टर में बसाया जाय या फिर कुसुम विहार में बने क्वार्टर मे शिफ्ट किया जाए। झरिया कोलफील्ड बचाओ समिति के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने बस्ती की समस्याओं को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने और उनकी समस्या के निराकरण की मांग बीसीसीएल, जेरेडा और जिला प्रशासन से की। इस दौरान टीम में समिति के शिव बालक पासवान, उपेंद्र गुप्ता, अमित कुमार साहु, अविनाश शर्मा, शिव चरण शर्मा , श्रीकांत अम्बष्ट, पवन खरकिया, गणेश गुप्ता, प्रकाश शर्मा, अशोक मालाकार थे।

## झूठ और लूट की बुनियाद पर टिकी है झारखंड सरकार: उमाकांत



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के कार्यकर्ता सक्रियता और एकाग्रता से मंजिल हासिल करने की जिद और जनून पैदा करें। बौद्धिक स्तर पर पार्टी की पृष्ठभूमि का दायरा बढ़ाकर राजनीतिक हालात बदलना ही हमारा मकसद है। महाधिवेशन से पहले पार्टी एक लाख सक्रिय और पदेन कार्यकर्ताओं की कतार खड़ी कर लेगी। यह कतार नेतृत्व संभालेगी और समाज के अंतिम पायदान को जागायेगी। उक्त बातें पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने आवासीय कार्यालय, बोकारो में प्रेस कांफ्रेंस में कही। उन्होने कहा कि झारखंड में झूठ और लूट की बुनियाद पर टिकी है सरकार। इसने झूठे वादे और सपने दिखाकर जनादेश तो ले लिया,लेकिन सत्ता मिलते ही झारखंड के साथ विश्वासघात कर दिया। आलम तो ये है कि तीन वर्षो के कार्यकाल में ये अपने वादो,अपने मेनिफेस्टो के अनुसार एक कदम भी नही चलें। युवा,महिलाएं,अनुबंधकर्मी अपना हक मांगने के लिए सड्को पर उतरते है, तो सरकार उन पर लाठियां बरसाती है। पार्टी को आने वाले समय में राजनीतिक एवं सामाजिक परिउदेश्य बदलने का संकल्प लेकर बढते रहना है। पार्टी ने अपने कार्यक्रमों की घोषणा कर दी है। 5 अप्रैल को पूरे राज्य में रघुनाथ महतो शहादत दिवस समारोह का आयोजन, 11 अप्रैल को सिध्दो-कान्हू जंयती का आयोजन,13 अप्रैल को सभी जिलों में नियोजन नीति, जातीय जनगणना, आरक्षण,और नौकरी के सवाल को लेकर जिला स्तरीय समाजिक न्याय मार्च,14 अप्रैल को बाबा अंबेडकर जंयती का आयोजन सभी विधानसभा क्षेत्रों में, 23अप्रैल को राज्यस्तरीय समाजिक न्याय मार्च रांची में, 25 अप्रैल को शहीद गंगा नारायण सिंह की जंयती समारोह का आयोजन 27 अप्रैल को अनुसूचित जनजाति महासभा का राज्यस्तरीय सम्मेलन भोगनाडीह, साहेबगंज में, 30 अप्रैल को अनुसूचित जाति महासभा का राज्यस्तरीय सम्मेलन चतरा में और 6, 7 एवं 8 अक्टूबर को केंद्रीय महाधिवेशन रांची में होगा। मौके पर जिलाध्यक्ष सचिन महतो, बधन शर्मा, दुर्गाचरण महतो, सुभाष शेखर, लक्ष्मण प्रसाद सिंह उर्फ बूच्चू सिंह, अशोक महतो, कार्तिक गोराई, प्रकाश शर्मा, अनिल झा, अजय गोस्वामी, प्रभात मिश्रा, परशुराम महतो, मिथिलेश महतो, मंटु गोप, रमेश सिंह, मुन्ना ओझा आदि उपस्थित थे।

## सिंदरी का चप्पा-चप्पा जय श्रीराम, जय हनुमान के उद्घोष से होगा गुंजायमान



**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आगामी 6 अप्रैल को सिंदरी के जय माता दी मंदिर प्रांगण से विधिवत पूजा अर्चना के बाद संध्या 4 बजे मनमोहक झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाला जायेगा। जिसका समापन कांडरा के कोलवोर्ड स्थित हनुमान मंदिर पहुंचकर होगा। यह जानकारी विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के जिला मंत्री विकास गिरी उर्फ सोनू गिरी ने मंगलवार 4 अप्रैल को सिंदरी स्थित आवासीय कार्यालय में प्रेस वार्ता कर दी है। आगे उन्होंने कोयलांचल के हिंदुओं से अपील किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शोभायात्रा में शामिल हों। मौके पर अभिषेक सिंह उर्फ सोनू सिंह,रोहित कुमार, सिंटू सिंह,दीपक, अंकित सिंह,राज,रंजीत निषाद, दुलाल महतो,नीरज गिरी, अभिषेक महतो, त्रिवेणी महतो, मिथलेश पांडेय, अजय, दीपक सिंह आदि मौजूद थे।

## स्कूल से आने के बाद दिव्यांग छात्रा निभा हुई गायब, लापरवाह बनी रही झरिया पुलिस



**धनसार (आजाद सिपाही)।** बस्ताकोला इड़स्ट्री कोलियरी मध्य विद्यालय के समीप रहने वाले संजय राम की मानसिक दिव्यांग पुत्री निभा कुमारी सोमवार को स्कूल से आने के बाद से लापता हो गई। निभा इंडस्ट्री कोलियरी मध्य विद्यालय के वर्ग आठ की छात्रा है। निभा का स्कूल बैग व चप्पल उसके घर के गेट के सामने पड़ा हुआ था। सोमवार दस बजे दिन से निभा लापता हैं। निभा की मां बबिता देवी का कहना हैं की मैंने निभा के लापता होने के बाद से आसपास काफी खोजबीन किया। स्थानीय लोगों ने भी निभा के लापता होने के बाद विद्यालय एवं उसके परिचय लोगों से जानकारी जुटाया। लेकिन निभा का कोई पता नहीं चला। वह स्कूल से सीधा घर आती है। बाहरी लोगों से कोई मतलब नहीं रखती है . पढ़ाई के साथ घर का काम भी करती है। इस संबंध में परिजनों ने झरिया थाना में लिखित सूचना दिया है। लेकिन पुलिस के कोई भी अधिकारी अब तक निभा के खोजबीन में पहल नहीं कर रहे हैं। निभा के पिता संजय राम किसी काम से अपने गांव गए हुए थे। परिवार के सदस्यों ने उन्हें दूरभाष पर घटना की सूचना दिया है। घटना के एक दिन बीत जाने के बाद भी झरिया थाना पुलिस द्वारा कोई पहल नहीं होने से पिड़ित परिवार सदमे मे हैं। बबीता देवी मंगलवार को धनबाद के एसएसपी कार्यालय पहुंच अपने दिव्यांग पुत्री का पता लगाने का गुहार लगाई है। निभा चार भाई बहन में दूसरे नंबर पर है। पीड़ित परिवार के साथ आसपास के भी लोग किसी अनहोनी के आशंका से परेशान हैं।

## पुलिस टीम को बीएसएल ने किया सम्मानित



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** मॉर्निंग वॉक के दौरान बीएसएल के एक अधिकारी के साथ हाल ही में हुए छिनतई एवं मारपीट की घटना का उद्भेदन करने वाली पुलिस टीम को 4 अप्रैल को बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेंदु प्रकाश तथा अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) श्री राजन प्रसाद ने बधाई दी। इस दौरान सिटी डीएसपी श्री कुलदीप कुमार सहित उनकी टीम में शामिल अन्य सदस्य उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि पुलिस की मुस्तैदी और त्वरित कार्रवाई के फलस्वरूप उक्त घटना का जल्द उद्भेदन हो सका और कुछ आरोपियों की गिरफ्तारी भी की गई है।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 05 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in



## मंडल रेल प्रबंधक संबलपुर के 140 टी बीडी क्रेन शेड का उद्घाटन




**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर विनीत सिंह ने कोचिंग डिपो, संबलपुर में नवनिर्मित 140 टी बीडी क्रेन शेड का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि रेल प्रशासन यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए तत्पर है। वह अपने बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में 'क्रेन मेंटेनेंस शेड' का निर्माण किया गया है। इस मौके पर संबलपुर के अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक आनंद सिंह, रेलवे अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।










## ओड़िशा केंद्रीय विवि में 'जैव विविधता संरक्षण: समय की आवश्यकता' विषय पर संगोष्ठी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने जी-20 वर्किंग ग्रुप ऑफ एजुकेशन प्रोग्राम के तहत 'जैव विविधता संरक्षण: समय की आवश्यकता' पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। जी-20 वर्किंग ग्रुप ऑफ एजुकेशन प्रोग्राम के तहत विश्वविद्यालय को एंकर इंस्टीट्यूशन के रूप में चुना गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी ने किया। उन्होंने हमारे देश में पारंपरिक ज्ञान और आध्यात्मिकता के महत्व पर प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय के शिक्षाविद और प्रशासन के सलाहकार प्रोफेसर सुधेंदु मंडल और बालासोर के फकीर मोहन विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर शिव प्रसाद अधिकारी ने विशेष भाषण दिया।




प्रोफेसर त्रिपाठी ने कहा कि पृथ्वी पर हर प्रजाति एक अद्वितीय उद्देश्य के लिए पैदा होती है। जैव विविधता का संरक्षण प्रजातियों के अस्तित्व पर निर्भर करता है। इसलिए जैव विविधता का संरक्षण समय की मांग है। हमारी परंपरा हमेशा इसके संरक्षण के लिए प्रयास करती है, लेकिन पश्चिमी देश इसे नष्ट कर देते हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संरक्षण के लिए रोते हैं।

प्रोफेसर मंडल ने अपने भाषण में जैव विविधता और खाद्य सुरक्षा पर जोर दिया। यदि जैव विविधता समाप्त हो जाती है, तो भोजन की कमी होगी। इसलिए जैव विविधता का संरक्षण आवश्यक है। प्रोफेसर अधिकारी ने अपने भाषण में कहा कि कोरापुट एक जैव विविधता हॉटस्पॉट है और हमें अविभाजित कोरापुट में जैव विविधता विकास के नए क्षेत्रों को खोजने के लिए अधिक शोध करना चाहिए। जैव विविधता एवं प्राकृतिक संसाधन संरक्षण स्कूल के डीन प्रोफेसर शरत कुमार पालिता ने 'जैव विविधता संरक्षण: समय की जरूरत' विषय पर संक्षिप्त परिचय दिया। विश्वविद्यालय के जी-20 कार्य समूह के नोडल अधिकारी डॉ प्रदोष कुमार रथ ने स्वागत भाषण दिया, जबकि बीसीएनआर के सहायक प्रोफेसर डॉ देवव्रत पांडा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

इस अवसर पर भाषा विभाग के डीन प्रो एनसी पांडा, उड़िया भाषा एवं साहित्य विभाग के प्रभारी डॉ प्रदोष कुमार स्वैन और सहायक प्रोफेसर डॉ आलोक बराल, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्रभारी डॉ सौरभ गुप्ता, जनसंपर्क अधिकारी डॉ फगूनाथ भोई प्रमुख उपस्थित थे।

## एमसीएल ने 32वां स्थापना दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर/संबलपुर।** सोमवार को महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने 32वां स्थापना दिवस पूरे जोश और हर्षोल्लास के साथ मनाया। पिछले वित्तीय वर्ष मे एमसीएल द्वारा बेहतर प्रदर्शन करते हुए समय से पहले ही सभी लक्ष्यों को हासिल करने और नये कीर्तिमान स्थापित करने पर यह उत्सव मनाया गया।

एमसीएल कंपनी मुख्यालय मे सोमवार को विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत उत्कृष्टता दौड़ रन फॉर एक्सलेंस से हुई। सुबह आयोजित इस दौड़ मे समस्त निदेशकगण, पूर्व अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




ओपी सिंह, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने कंपनी के 32वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर एमसीएल परिवार को बधाई देते हुए गत वित्तीय वर्ष मे एक सशक्त टीम के रूप मे शानदार प्रदर्शन के लिए सभी कर्मियों की सराहना की। उन्होंने कंपनी के सभी कर्मचारियों के साथ ही ठेका श्रमिकों को बधाई देते हुए कहा कि यह बड़े ही हर्ष और संतोष की बात है कि हमारी कंपनी ने समय से पहले ही सभी लक्ष्यों को पूरा कर देश मे ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में अहम योगदान दिया है।

श्री सिंह ने कंपनी के पूर्व सीएमडी के योगदान के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ ही एमसीएल को कोयला उत्पादन मे सहयोग एवं देश मे बिजली मांगो को पूरा करने मे सहायता प्रदान करने के लिए कोयला मंत्रालय, कोल इंडिया और ओडिशा राज्य प्रशासन के निरंतर सहयोग के लिए कृतज्ञता ज्ञपित की। इस समारोह मे कंपनी के पूर्व सीएमडी एसएन शर्मा, एएन सहाय, बीएन शुक्ला और पीके सिन्हा के साथ ही निदेशक केशव राव, मुख्य सतर्कता अधिकारी पीके पटेल, निदेशक जेके बोरा और निदेशक अजीत कुमार बेहुरा एवं एमसीएल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर एमसीएल मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम में एक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सुप्रसिद्ध प्रेरक वक्ता डॉ सोनू शर्मा ने कंपनी के कर्मचारियों को सफलता के नौ सिद्धांतों विषय पर अपना बहुमूल्य विचार प्रस्तुत किया। तालचेर एवं ईब कोयलांचल एवं एमसीएल मुख्यालय के कर्मचारियों के साथ ही श्रमिक संघ के प्रतिनिधि एवं जेसीसी के सदस्यों ने भी इस कार्यक्रम में उपस्थिती दर्ज करायी। बॉलीवुड की प्रसिद्ध पार्श्व गायिका शिल्पा राव एवं उनकी टीम द्वारा शानदार लाइव कॉन्सर्ट का आयोजन किया गया। इसमें एमसीएल के कर्मचारियों एवं स्थानीय लोगों ने सुमधुर गीतों का लुत्फ उठाया।

## आंधी हो या तूफान आगे बढ़ना मेरा काम : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार।** धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में मंगलवार को भाजपा के वरिष्ट नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान 11 अप्रैल को भाजपा द्वारा आहूत रांची सचिवालय घेराव को लेकर विचार विमर्श किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं से इस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर भारी संख्या में भाग लेने का अपील की गयी।



श्री सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पहचान आंधी हो या तूफान आगे बढ़ना मेरा काम का नारा दिया। मिशन 2024 की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री द्वारा किये गये कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। बैठक के दौरान छह अप्रैल भाजपा की स्थापना दिवस और 14 अप्रैल अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर श्रीकांत राय, राजेंद्र प्रसाद यादव, संजय साव, अशोक सिंह, पवन सिंह, नंद किशोर राय, महेंद्र शर्मा, अमर सिंह, मुंशी राम, चुन्नू वर्णवाल, नवल किशोर राय, गिरिश सिंह, प्रवीण शर्मा, इंद्र देव सिंह आदि मौजूद थे।

## आज राउरकेला-पुरी एक्सप्रेस संबलपुर स्टेशन तक ही चलेगी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** 18125 राउरकेला-पुरी एक्सप्रेस छह अप्रैल को राउरकेला से संबलपुर स्टेशन तक चलेगी और संबलपुर से राउरकेला तक पुरी-राउरकेला एक्सप्रेस के रूप में वापस आयेगी। पुरी से 18126 पुरी-राउरकेला एक्सप्रेस रेढाखोल स्टेशन तक चलेगी और राउरकेला-पुरी एक्सप्रेस के रूप में रेढाखोल से पुरी वापस आयेगी। 18125/18126 की राउरकेला-पुरी-राउरकेला एक्सप्रेस छह अप्रैल को संबलपुर और रेढाखोल के बीच दोनों दिशाओं में रद्द रहेगी।

























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**